ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● रविवार, 10 दिसंबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 304 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

रश्मिका 13 को अल्लू अर्जुन के साथ ... पेज 12 पर

'इंडिया गठबंधन' को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरती रहेगी भाजपा

एजेंसी। नई दिल्ली

हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव में भाजपा ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जहां कांग्रेस से सत्ता छीन ली। वहीं मध्य प्रदेश में अपनी सरकार को बचाने में कामयाब रही। दक्षिण भारत राज्य तेलंगाना में भले ही भाजपा को उस तरह की जीत नहीं मिली हो, जिस तरह के दावे उसके नेता करते रहे थे। लेकिन, इसके बावजूद तेलंगाना में भाजपा का विधानसभा में संख्या बल और वोट प्रतिशत भी बढ़ा है। कुछ महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले मिली यह जीत भाजपा के लिए बहुत ज्यादा मायने रखती है। क्योंकि इनमें से तीन राज्यों में भाजपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस के साथ था। जिसमें कांग्रेस की हार

हुई है। यहां तक कि कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य विपक्षी दल भी विधानसभा चुनाव में मिली हार को लेकर कांग्रेस पर चुटकी लेते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बावजूद भाजपा विपक्षी गठबंधन को लेकर कोई रिस्क लेने को तैयार नहीं है। विपक्षी गठबंधन को लेकर भाजपा की रणनीति बिल्कुल साफ है कि भले ही विपक्षी गठबंधन में एकता नजर आए या न आए। उनके बीच आपस में टकराव नजर आए। लेकिन भाजपा के निशाने पर पूरा विपक्षी गठबंधन रहेगा। भाजपा के शीर्ष स्तर के नेता से लेकर कार्यकर्ता तक विपक्षी गठबंधन को इंडी अलायन्स और घमंडिया गठबंधन के नाम से संबोधित करते रहेंगे। भाजपा ने विपक्षी गठबंधन के खिलाफ रणनीति को लेकर अपने कैडर तक को यह संकेत दे दिया है। भले ही पार्टी शानदार तरीके से विधान सभा चुनाव जीती हो, लेकिन पार्टी विपक्षी गठबंधन को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा सनातन, राम मंदिर, राष्ट्रीय सुरक्षा और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन को घेरती रहेगी और पार्टी के निशाने पर खासतौर से कांग्रेस रहेगी।

जब डीएमके सांसद ने सदन में विवादित बयान दिया तो भाजपा ने कांग्रेस और गांधी परिवार से सवाल पूछा। विधानसभा चुनावों की जीत को सनातन विरोधियों की हार करार दिया। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को दशकों तक कांग्रेस द्वारा लटकाने, अटकाने और भटकाने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधान सभा चुनावों की तरह इसे लगातार अपनी रैलियों में कहती रहेगी।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के डीएनए वाले बयान को भी बड़ा मुद्दा बनाते हुए भाजपा लोगों को अमेठी हारने के बाद राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान की भी याद दिलाएगी। साथ ही यह आरोप भी लगाएगी कि कांग्रेस देश को उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बांटना चाहती है।

राहुल गांधी समेत कई विपक्षी दलों के जातीय जनगणना और ओबीसी आरक्षण के राग के खिलाफ मोर्चा संभालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कह चुके हैं कि इस विधान सभा चुनाव में देश को जातियों में बांटने की भरपूर कोशिश हुई। लेकिन, वह लगातार कहते रहे कि उनके लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान है और इन चारों जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित भारत बनाएगा।

विपक्षी गठबंधन की एकता और नीति पर सवाल खड़ा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह भी कह चुके हैं कि सिर्फ कुछ परिवारवादियों के मंच पर एक साथ आ जाने से फोटो कितनी ही अच्छी निकल जाए।

कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर चौथे दिन भी आईटी की छापेमारी

157 बैग ट्रक पर लोड कर बैंक पहुंचाया

दो दिन बाद दी जायेगी पूरी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों से तीन सौ करोड़ से अधिक की नकदी मिल चुकी है। इन ठिकानों में झारखंड, ओडिशा और पश्चिमी बंगाल के दस ठिकाने शामिल हैं। आईटी की छापेमारी चौथे दिन शनिवार को भी चली। आईटी की टीम के साथ सीआईएसएफ के जवान भी मौजूद रहे। धीरज साहू के रांची में रेडियम रोड स्थित आवास में तीन बैग भी बरामद हुए। हालांकि, उसमें क्या है इसकी जानकारी अभी तक नहीं दी गई। धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी खत्म हो गयी है। बताया गया है कि ओडिशा के आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम चार गाड़ियों में कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरे कई बैग लेकर वापस गई है। उस बैग में क्या है, इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है। हालांकि, अनुमान है कि इन बैग में नकदी और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। आयकर विभाग के महानिदेशक संजय बहादुर ने मीडिया को बताया कि कैश इतना ज्यादा है कि इसकी गिनती में अभी दो दिन और लगेंगे। इसके बाद ही आधिकारिक रूप से इसपर जानकारी दी जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि आईटी की टीम ने कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित कंपनियों के झारखंड, ओडिशा और बंगाल के 10 स्थानों पर छह दिसंबर सुबह छापेमारी शुरू की थी। आईटी की टीम ने मशीनों का उपयोग करके नोटों की गिनती की और 157 बैगों में भरकर उसे एक ट्रक पर लोड कर बैंक में पहुंचाया। बताया जाता है कि सांसद धीरज साहू का परिवार खानदानी रूप से कांग्रेस में हैं। उनके पिता स्वर्गीय बलदेव साहू को राय साहब की उपाधि मिली थी। किसी दौर में चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी इनके ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कंपनी के खिलाफ पीएम ने कसा तंज

भुवनेश्वर/रांची। आयकर विभाग ने ओडिशा स्थित शराब बनाने वाली एक कंपनी के खिलाफ कर चोरी के आरोप में शुक्रवार को तीसरे दिन भी छापे मारे और अब तक 225 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयकर विभाग की इस छापेमारी को लेकर शुक्रवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता से लूटा गया पैसा वापस करना होगा। मोदी ने अप्रत्यक्ष रूप से ओडिशा और झारखंड के उन नेताओं का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी, जिनका शराब कंपनी से संबंध है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक हिंदी समाचार पत्र की खबर साझा की जिसमें दावा किया गया है कि झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से कथित तौर पर जुड़े एक कारोबारी समूह के विभिन्न ठिकानों से आयकर विभाग ने 200 करोड़ रुपये नकदी बरामद की है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें... जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कई इमोजी भी लगाई। खबर में नोटों से भरी कई अलमारियों की तस्वीर भी प्रदर्शित की गई हैं। उनके रांची स्थित कार्यालय में कर्मचारियों ने बताया कि सांसद उपलब्ध नहीं हैं। अधिकारियों के मुताबिक आयकर विभाग ने ओडिशा स्थित शराब बनाने वाली एक कंपनी के खिलाफ कर चोरी के आरोप में शुक्रवार को तीसरे दिन भी छापे मारे और नकदी से भरे 156 बैग बरामद किए। उन्होंने बताया कि इन बैग से बरामद नकदी में से अब तक 20 करोड़ रुपये गिने जा चुके हैं। इसके साथ ही छापेमारी में अब तक 225 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। आयकर विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को बोलांगीर जिले के सुदापाड़ा में छापेमारी के दौरान नकदी से भरे 157 बैग बरामद किए।

बिहार के टॉपर्स घोटालेबाज के आवास पर ईडी ने की छापेमारी

पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को बिहार के टॉपर्स घोटालेबाज अमित कुमार उर्फ बच्चा यादव के आवास और एक कॉलेज भवन पर छापेमारी की। ईडी अधिकारियों ने किरतपुर राजाराम में आरोपी के आवास और भगवानपुर ब्लॉक में भी तलाशी ली, जहां आरोपी ने कॉलेज का निर्माण किया है। 2016 में, अमित कुमार बिहार टॉपर घोटाले में शामिल थे, जब उम्मीदवारों ने जाली दस्तावेजों के साथ विभिन्न परीक्षाएं पास की थीं। उन पर ईडी द्वारा जब्त की गई जमीनों पर इमारतें बनाने का भी आरोप है। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने आरोपियों के पास से कई दस्तावेज जब्त किए हैं। इससे पहले ईडी ने भगवानपुर में 42 डिसमिल जमीन (18293.52 वर्ग फुट) जब्त की थी और साथ ही एक बोर्ड भी लगाया था। इसके बावजूद अमित कुमार ने जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया। किरतपुर मौजा में अमित के पिता राजदेव राय के नाम पर 42 डिसमिल जमीन दर्ज थी। ईडी ने 15 अक्टूबर 2018 को मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत संपत्ति जब्त कर ली थी।

एक नजर

आदित्य एल-1 ने खींचीं सूर्य की पूर्ण-डिस्क तस्वीरें



बेंगलुरु। आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान पर लगे 'सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' (एसयूआईटी) उपकरण ने 200-400 एनएम तरंगदैर्ध्य रेंज में सूर्य की पहली पूर्ण-डिस्क तस्वीरें सफलतापूर्वक खींची हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, एसयूआईटी ने विभिन्न वैज्ञानिक फिल्टर का उपयोग करके इस तरंगदैर्ध्य रेंज में सूर्य के प्रकाशमंडल और वर्णमंडल की तस्वीरें खींचीं। इसरो ने एक बयान में शुक्रवार को कहा, 20 नवंबर को एसयूआईटी उपकरण को चालू किया गया था। दूरबीन ने छह दिसंबर, 2023 को पहली प्रकाश विज्ञान तस्वीरें लीं।

लोहरदगा कारागार में छापेमारी, नहीं मिलीं आपत्तिजनक चीजें

लोहरदगा। लोहरदगा मंडल कारागार में प्रशासन की टीम ने शनिवार की सुबह छापेमारी की। इस दौरान जेल के कैदी वार्डों की तलाशी ली गई। प्रशासन की टीम ने गहनता से जेल की जांच की। करीब एक घंटे तक जेल में छापेमारी चली। इस दौरान डीसी ने जेलर और जेल कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने सुरक्षा के बिंदुओं पर जेल कर्मियों से जानकारी ली। लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक घंटे से ज्यादा समय तक पूरे जेल परिसर की जांच की। इस दौरान कैदियों के सामान की भी जांच की गई। इसके अलावा पूरे जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। हालांकि, जेल की जांच के दौरान पैसा, खैनी सहित छोटे-मोटे समान ही बरामद हुए हैं। किसी प्रकार का आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं किया गया है। छापेमारी के दौरान जेल में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात नजर आए।

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोले सीएम

झारखंड को 2025 तक बनाएंगे ताकतवर राज्य

नवीन मेल संवाददाता

रांची/देवघर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड को वर्ष 2025 तक एक ताकतवर राज्य बनाएंगे। पिछले दो दशकों से झारखंड पर पिछड़ेपन का जो टैग लगा था, उसे खत्म करेंगे। हम इस राज्य के लोगों को आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से इतना सशक्त बनाएंगे कि वे अपने दम पर अपना रास्ता तय कर सकें। जब यहां के लोग मजबूत होंगे तो निश्चित तौर पर राज्य भी मजबूत बनेगा। इसी सोच के साथ हम अपनी नीतियों और योजनाओं को न सिर्फ बना रहे हैं, बल्कि उसे धरातल पर पूरी शक्ति के साथ उतार रहे हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को देवघर जिले के गौरीपुर पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से कहा कि झारखंड एक युवा राज्य है। ऐसे में आपके सहयोग से झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदल सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब यह सरकार गांव-गांव पहुंच रही है। बल्कि वर्ष 2021 और 2022 के बाद लगातार तीसरी बार इस वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 255 करोड़ 54 लाख 01 हजार रुपये की 64 योजनाओं की आधारशिला रखी। साथ ही विभिन्न योजनाओं के 5721 लाभुकों के बीच 07 करोड़, 97 लाख 66 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया।

गुमला : नक्सलियों को विस्फोटक पहुंचाने वाला सदस्य गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। गुमला

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुमला पुलिस को शनिवार को सफलता हाथ लगी है। गुमला थाना के टोटो गांव निवासी परवेज आलम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। परवेज आलम नक्सली समर्थक है। सक्रिय रूप से भाकपा माओवादी के लिए काम करता था।नक्सलियों तक विस्फोटक व जरूरत की सामग्री पहुंचाने के अलावा लेवी वसूलने का भी काम करता था। लेवी का पैसा वसूलने के बाद परवेज उन पैसों को नक्सली कमांडरों तक पहुंचाता था।

गुमला के एसपी हरविंदर सिंह ने शनिवार को कार्यालय परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परवेज आलम लगातार नक्सलियों के संपर्क में था। इसके साथ ही कुरूमगढ़ इलाके में नक्सली संगठन को फिर से मजबूत करने के लिए प्रयास कर रहा था। नक्सलियों तक सूचना पहुंचाने के अलावा हर नक्सली को आपस में जोड़कर रखने का काम करता था। एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्ता सूचना मिली थी की परवेज आलम संवेदकों को डरा-धमकाकर नक्सलियों के लिए लेवी वसूलने का काम करता था और पूर्व में भी इसका आपराधिक इतिहास रहा है। नक्सली समर्थक परवेज आलम गिरफ्तारी के डर से छिपते फिर रहा था। परवेज को पकड़ने के लिए कुरूमगढ़ थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। पुलिस ने रणनीति के तहत परवेज आलम को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली समर्थक नक्सलियों को विस्फोटक पदार्थ पहुंचाने, लेवी वसूलने, राशन पहुंचाने के अलावा पुलिस गतिविधियों की सूचना देने का काम करता था। गिरफ्तार समर्थक के खिलाफ कुरूमगढ़, गुमला और घाघरा में एक-एक मामले दर्ज हैं।

शिवराज को केंद्र में कृषि मंत्री का ऑफर, मामा राजी नहीं

वसुंधरा राजे सिंधिया ने भी केंद्र में मंत्री पद का प्रस्ताव ठुकराया

कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली

मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भोपाल छोड़कर दिल्ली आने और केंद्र में नरेंद्र सिंह तोमर की जगह कृषि मंत्री बनने के लिए कहा गया है। लेकिन शिवराज ने विनम्रतापूर्वक पूर्वक कहा है कि राज्य की जनता चाहती है कि मुझे मध्यप्रदेश की सेवा में ही रहना चाहिए। इन हालात में शिवराज कब तक अपनी बात पर अड़े रहते हैं और यदि वह मप्र छोड़ने को राजी नहीं होते हैं, तो केन्द्रीय नेतृत्व आगे क्या कदम उठाता है, यह कुछ दिन में पता चल जाएगा। इसी तरह से राजस्थान की पूर्व

मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को भी केन्द्र में मंत्री बनने का प्रस्ताव दिया गया है। लेकिन उन्होंने भी राजस्थान छोड़ने से मना कर करते हुए कह दिया कि मुझे राज्य में ही रहने दिया जाए। इन हालात में केन्द्रीय आलाकमान का वह प्लान फिलहाल फंस गया है जिसमें वह ताश के पत्ते की तरह फेटते रहने का गुजरात मॉडल राजस्थान व मप्र में भी लागू करना चाहते हैं। आशंका यह भी होने लगी है कि यदि मप्र में शिवराज और राजस्थान में वसुंधरा के विरूद्ध कुछ कठोर कार्रवाई की गई, तो एक तो संघ नाराज हो जाएगा, क्योंकि दोनों के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खड़ा है। दूसरा- तीन माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में मप्र में शिवराज और राजस्थान में वसुंधरा ने यदि कड़ा रुख अपनाया तो इन दोनों राज्यों में इसका असर तो पड़ेगा ही, अन्य राज्यों में कुछ असर पड़ सकता है। इन हालात में केन्द्रीय नेतृत्व लोकसभा चुनाव तक दोनों दिग्गज नेताओं के विरूद्ध कोई बड़ा कदम उठाने की पहल करेंगे, इसकी संभावना कम है। लोकसभा चुनाव के बाद पूर्ण बहुमत मिलने पर ही कर सकते हैं। तब तक के लिए? यही बड़ा सवाल है, जिस पर पेंच फंसा हुआ है।

दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो युवकों की मौत, एक घायल, रेफर

लोहरदगा। कुडू थाना क्षेत्र के टाटी - कैरो मुख्य पथ पर दोबा बरटोली के समीप शनिवार को दो बाइक के आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक बाइक सवार घायल हो गया है। घायल को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। दोनों बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है।घायल की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि कैरो थाना क्षेत्र के नगजुवा गांव निवासी बजरंग यादव तथा रूपेश यादव अपने बाइक से नगजुवा से गढ़वा जा रहें थे। इसी बीच लाल रंग के होंडा फैशन पर सवार कुडू थाना क्षेत्र के रोन्हेया गांव निवासी निवारण उरांव टाटी की तरफ से अपनें घर जा रहा था। दोबा बरटोली के समीप दोनों बाइक में आमने-सामने की भिंड़त हो गई। इस घटना में नगजुवा गांव निवासी बजरंग यादव तथा रूपेश यादव की मौके पर मौत हो गई जबकि निवारण उरांव गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तथा घायल निवारण उरांव को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

मेट्रो की दौड़ में शामिल झारखंड में मेट्रो रेल क्यों नहीं?

झारखंड बनने के बाद पूरी दुनिया की मीडिया और व्यवसाय जगत की निगाहें इस पर लगीं थी कारण यह था कि खनिज और प्राकृतिक संपदा के मामले में सबसे धनी भारत के 28 वें राज्य के औद्योगिक और पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनने की संभावना अनेक विशेषज्ञ व्यक्त कर चुके थे और तत्कालीन केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिलने की संभावना थी। इसमें सबसे बड़ी बाधा थी राजधानी रांची की ट्रैफिक जो जिला मुख्यालय से अचानक राजधानी बनने के कारण बुरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी थी और

सुनील बादल

अचानक रोजगार या व्यवसाय की तलाश में आनेवाली भीड़ के अलावा देश भर से आनेवाले लोगों से अटी पड़ी थी। अस्थिर सरकारों और बार बार बदलती अस्पष्ट नीतियों के कारण कभी अंडरग्राउंड ट्यूब तो कभी मोनो रेल तो कभी भारी संख्या में बसों को चलाने की घोषणाएं होतीं रहीं और सार्वजनिक यातायात व्यवस्था में कमी या ट्रैफिक के दबाव में बिना परमिट वाले हजारों ऑटोरिक्शों ने एक तरह से पूरी राजधानी को कब्जे में ले लिया।

24 नवंबर 2019 को कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में रांची में मेट्रो ट्रेन की थी जो अभी सरकार में शामिल है। अगले चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है पर मेट्रो की फाइलें कहीं धूल फांक रहीं हैं। लंबे समय तक सत्ता में रही भाजपा भी इस मुद्दे को झारखंड से लेकर संसद तक उठा चुकी है पर परिणाम कुछ भी नहीं है जबकि पटना मेट्रो के दो फेज के 24 स्टेशनों के निर्माण की प्रक्रिया तेजी पर है। कुछ लोग रांची में मेट्रो के औचित्य पर ही सवाल उठा रहे थे जबकि दिल्ली एनसीआर से लगे नोएडा और गुरुग्राम के सबसे उपेक्षित से विदेशों की तरह विकसित होने के पीछे मेट्रो की सबसे बड़ी भूमिका है। रांची को यदि खूंटी, हजारीबाग, कोडरमा, जमशेदपुर, गुमला, बोकारो, धनबाद से लेकर डाल्टनगंज, गढ़वा को तेज गति के मेट्रो से दिल्ली की तरह जोड़ दिया जाए तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी तेजी से आवागमन होगा और बड़े शहरों पर दबाव काम होगा जिससे रास्ते के सभी शहर विकसित होंगे और विदेशी कंपनियां भी मेट्रो शहरों की तरह रांची में निवेश करने के लिए तैयार हो जाएंगी।

झारखंड में मेट्रो रेल परियोजना शुरू करने की संभावना को नकारने वालों को सांसद संजय सेठ का 17 मार्च 2021 संसद में उठाया प्रश्न पढ़ना चाहिए - रांची की आबादी अनुमानित तीस लाख के पार चली गई है। कुछ एक वर्षों में यह पचास लाख हो जाएगी। रोजाना रांची में लगभग पन्द्रह से बीस लाख लोग पूरे झारखण्ड से आते हैं। वहां समस्या बहुत गम्भीर है क्योंकि क्यों हमारे यहां फ्लाइओवर्स नहीं हैं, एलिवेटेड रोड्स नहीं हैं। इसलिए रोज जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इससे छात्र, महिलाएं सभी जूझते हैं। अब रांची के ट्रैफिक पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। इस वजह से वहां जाम की समस्या बिल्कुल आम हो चुकी है। आने वाले वर्षों में जब वहां की जनसंख्या पचास लाख के करीब होगी तो हम वहां कैसे रह पाएंगे? अब जरूरत इस बात की है कि वहां मेट्रो परियोजना प्रारम्भ की जाए। मेट्रो सेवा आरम्भ होने से निश्चित रूप से वहां बहुत सुविधा होगी। अब राँची झारखण्ड की राजधानी है। हम आपके माध्यम से यह प्रस्ताव दे रहे हैं कि पिस्का मोड़ से नगरी होते हुए ओरमांझी होते हुए टाटीसिलवे, नामकुम होते हुए एक लाइन स्टेशन और एयरपोर्ट तक हो और दूसरी लाइन हटिया, धुर्वा होते हुए एक मेट्रो रेल परियोजना चलाई जाए, ताकि आने वाले दिनों में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

आतंकी साजिश को लेकर एक्शन में एनआईए

महाराष्ट्र और कर्नाटक में 44 ठिकानों पर छापा, 13 गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली

एनआईए की टीमों ने इस्लामिक स्टेट आतंकी साजिश मामले में शनिवार को महाराष्ट्र और कर्नाटक में 44 स्थानों पर छापेमारी की। कर्नाटक में कुछ स्थानों पर छापे चल रहे है, जबकि महाराष्ट्र में पुणे, ठाणे ग्रामीण, ठाणे शहर और मीरा भयंदर में भी छापेमारी जारी है। एनआईए के अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला आरोपी व्यक्तियों और उनके सहयोगियों द्वारा रची गई एक आपराधिक साजिश से संबंधित है, जिन्होंने अल-कायदा और आईएसआईएस सहित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की हिंसक चरमपंथी विचारधारा के साथ एक आतंकवादी गिरोह बनाया था।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन और चल रहे मामले में विदेशी स्थित आईएसआईएस संचालकों की भागीदारी के साथ एक बड़ी साजिश का खुलासा किया है। जांच में भारत के भीतर आईएसआईएस की चरमपंथी विचारधारा का प्रचार करने वाले आरोपियों के एक जटिल नेटवर्क का खुलासा हुआ है। मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

मानगो गोलीकांड

शहीद मोबाइल टाइगर जवान रामदेव महतो का पार्थिव शरीर पहुंचा चक्रधरपुर

लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

कोल्हान डीआईजी ने माल्यार्पण कर गॉड ऑफ ऑनर दिया

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर के मानगो में शुक्रवार को अपराधियों से लोहा लेकर शहीद हुए टाइगर मोबाइल के जवान रामदेव महतो का पार्थिव शरीर शनिवार को गोलमुरी पुलिस लाइन पहुंचा. सुबह उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण करते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस दौरान कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा, जमशेदपुर जिला उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री, एसडीओ पियूष सिन्हा, जमशेदपुर एसएसपी किशोर कौशल, एसपी सिटी मुकेश लुनायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, चाईबासा एसपी, सरायकेला एसपी समेत कोल्हान के सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे. गोलमुरी पुलिस लाइन में रामदेव के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण करते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस दौरान सभी की आंखें नम थी. उसके बाद शहीद रामदेव का पार्थिव शरीर दाह संस्कार के लिए चाईबासा के मनोहरपुर स्थित उनके पैतृक गांव ले जाया गया. अंतिम यात्रा में आसपास के गांव के लोग भी पहुंचेंगे. गार्ड ऑफ ऑनर के लिए पहुंचे कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा ने कहा कि पुलिस ने एक जांबाज साथी खोया है. रामदेव के शहादत की क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती. जिस तरह ने उसने अपराधियों से लोहा लेने काम किया था वह पुलिस विभाग कभी नहीं भूल सकता. वहीं मौके पर एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए रामदेव महतो के परिजनों को जल्द से जल्द सरकारी प्रावधान के तहत लाभ दिलाने का काम किया जायेगा वहीं अपराधियों को भी जल्द पकड़ लिया जायेगा. रामदेव का बलिदान खाली नही जायेगा. गार्ड ऑफ ऑनर में पहुंचे झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के केंद्रीय सदस्यों ने कहा कि जमशेदपुर पुलिस अपराधियों के खिलाफ हमेशा ही सख्त रुख अपनाती आ रही है. यह जो घटना हुई है उसके अपराधियों को पुलिस एनकाउंटर कर दे ताकि अपराधियों को भी पुलिस की कार्रवाई का डर हो. बता दें कि शुक्रवार को अपराधी सज्जाद उर्फ टांडा की हत्या करने पहुंचे थे. अपराधी टांडा को सड़क पर दौड़ाकर गोली मार रहे थे. सूचना पर रामदेव पहुंचे और अपराधियों को पकड़ लिया. इसी बीच अपराधियों ने उन्हें भी गोली मार दी. गोली उनके सीने में लगी. उन्हे इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड दिया.

मनोहरपुर : शहीद जवान रामदेव महतो के घर मातम, मां की तबीयत बिगड़ी

जमशेदपुर। जमशेदपुर के मानगो में शुक्रवार को दिनदहाड़े गोलीकांड में मनोहरपुर प्रखंड के ग्राम तरतरा निवासी टाइगर मोबाइल के जवान रामदेव महतो के शहीद होने की सूचना से मनोहरपुर समेत तरतरा गांव में मातम पसरा हुआ है. इस घटना से जवान के परिवार में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है. इधर घटना की जानकारी मिलते ही शहीद रामदेव की मां देवकी देवी की तबीयत काफी बिगड़ गई है. स्थानीय पुलिस प्रशासन उनके अंतिम संस्कार के लिए तरतरा गांव पहुंच गई है. पुलिस विधि-व्यवस्था को लेकर भी मुस्तैद है.

भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, उमड़ी भीड़

चक्रधरपुर। जमशेदपुर मानगो में अपराधियों से लोहा लेते शहीद हुए जवान रामदेव महतो का पार्थिव शरीर शनिवार चक्रधरपुर पहुंचने पर टेटोमिक कुड़मी समाज छोटानागपुर के द्वारा प्रभात सिनेमा हॉल के पास हनुमान चौक एवं पवन चौक पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के लिए भारी भीड़ उमड़ी. श्रद्धांजलि देते हुए लोगों ने आरोपी को फांसी देने की मांग की, साथ ही शाहिद रामदेव महतो अमर रहे के नारे लगाए. जिसके बाद पार्थिव शरीर को चक्रधरपुर थाना के पास थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा पार्थिव शरीर सड़क मार्ग से मनोहरपुर के लिए रवाना कर दिया गया. पैतृक गांव तरतरा में आज ही शहीद जवान का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा. मौके पर हनुमान चौक पर करण महतो, दुर्योधन महतो, राजेश महतो, अजय महतो, रवि महतो,चंदन महतो, गौतम रवानी, संजीव महतो, संदीप महतो, बजरंग महानंद, छोटन महतो, दुर्गा महतो, पद्मलोचन महतो पवन चौक पर भाजपा नेता अशोक षाड़ंगी, शेषनारायण लाल, राजेश गुप्ता, पवन पाण्डेय, संजय पासवान, गणेश महतो, दीपक सिंह, मोहन यादव, मदन विश्वकर्मा समेत काफी संख्या मेंलोग शामिल थे.

शहीद जवान की पत्नी को सौंपा गया राष्ट्रीय ध्वज

मलेरिया नियंत्रण के लिए कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। मलेरिया नियंत्रण को लेकर कार्यकम पधाधिकारी (वीबीडी) सिविल सर्जन प सिंहभूम तथा जिला वीबीडी पदाधिकारी के आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोहरपुर के सभागार में मलेरिया नियंत्रण के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में सारंडा अंतर्गत सभी 11 स्वास्थ्य उपकेंद्र की सहिया, सहिया साथी, बीटीटी, सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू तथा सीनी एनजीओ के सभी छह फील्ड ऑफिसर एवं ब्लॉक ऑफिसर शामिल हुए. प्रशिक्षण में मलेरिया रोगियों, मलेरिया धनात्मक रोगियों की जांच एवं पूर्ण उपचार तथा धनात्मक रोगियों का फॉलोअप सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई. इसके अतिरिक्त संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को अपने क्षेत्र में निरंतर निगरानी करने, फीवर सर्वे, मास सर्वे के साथ-साथ पीआरआई, मानकी, मुंडा, मुखिया, शिक्षक के साथ समन्वय स्थापित कर मलेरिया रोग, लक्षण, गंभीर लक्षण, बचाव के व्यक्तिगत एवं सामुदायिक उपाय के विषय में ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु निर्देश दिया गया. इसके लिए सूक्ष्म कार्य योजना तैयार कर लिया गया है. सभी कर्मियों को वेक्टर कंट्रोल और मैनेजमेंट, कीटनाशक युक्त मच्छरदानी का समुचित उपयोग करने के लाभ बताए गए. जिला से आए मुख्य प्रशिक्षक शशि भूषण महतो (वीबीडी सलाहकार), सौरभ मजूमदार (डीपीएम सीनी) अहसन फारूक (वीबीडी टेक्निकल पर्यवेक्षक) द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. इसे सफल बनाने में हरिविंदर कुमार (निगरानी निरीक्षक), सुपर्णो रॉय (एंटोमोलॉजिस्ट) ब्लॉक ऑफिसर चांदनी कुमारी ने सहयोग दिया.

उप राष्ट्रपति के दौरे पर 10 को बदली रहेगी यातायात व्यवस्था, दो घंटे तक वाहनों का प्रवेश बंद

जमशेदपुर-धनबाद आज पहुंचेंगे जगदीप धनखड़

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 10 दिसंबर को झारखंड दौरे पर आएंगे। राज्य के दो जिलों जमशेदपुर और धनबाद में उनका कार्यक्रम है। उप राष्ट्रपति पहले जमशेदपुर जिले की प्रबंधन संस्था एक्सएलआरआई की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस समारोह को लेकर देश के अलग-अलग क्षेत्रों के दिग्गजों को आमंत्रित किया गया है। बताया जाता है कि उप राष्ट्रपति रविवार को दोपहर दो बजे एक्सएलआरआई पहुंचेंगे। इससे पहले वे विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। इस दौरान उनके साथ झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज फर्नांडीस भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद सोनारी एयरपोर्ट रवाना हो जाएंगे। 3.50 बजे वे धनबाद के लिए रवाना हो जाएंगे। वे यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-भारतीय खनिज विद्यापीठ (आईआईटी-आईएसएम) धनबाद के 43वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। उप राष्ट्रपति की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसका खास ध्यान रखा जा रहा है। दौरे को लेकर सुरक्षा कारणों को मद्देनजर यातायात के लिए शहर के मार्ग में बदलाव किया गया। इसके साथ दो घंटे तक शहर में गाड़ियों का आवागमन भी बंद किया है।

जमशेदपुर : डीसी-एसएसपी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

जमशेदपुर। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 10 दिसंबर को अपने एक दिवसीय दौरे पर शहर पहुंचेंगे. वे एक्सएलआरआई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे. इसकी तैयारी को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री व एसएसपी किशोर कौशल ने वरीय पदाधिकारियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक की. उपायुक्त ने बिंदुवार की जाने वाली तैयारियों के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. उप-राष्ट्रपति के एक दिवसीय कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त व एसएसपी ने कार्यक्रम परिसर का जायजा लिया. मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, एएसपी सिटी सुमित अग्रवाल तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे. कार्यक्रम परिसर के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त व एसएसपी के द्वारा कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा की समीक्षा की गई. इस क्रम में उन्होंने कार्यक्रम स्थल से आवागमन एवं निकासी, स्थल में सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था, परिसर में बैरिकेडिंग व पार्किंग व्यवस्था आदि की समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, रूट चार्ट तथा वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे इसको लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए. सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के संधारण में किसी भी प्रकार से कोई चूक नहीं हो इसे सुनिश्चित किया.

उप राष्ट्रपति के दौरे को लेकर मार्ग में बदलाव

सिंदरी से गोविंदपुर की ओर होते हुए धनबाद आने वाली गाड़ियों के लिए नो एंट्री प्वाइंट : बड़ा नवाटांड़ गोविंदपुर थाना व करमाटांड़ धोखरा पलानी बलियापुर थाना में शाम 4 बजे तक नो एंट्री। -पश्चिम बंगाल से धनबाद की तरफ आने वाली गाड़ियों के लिए नो एंट्री प्वाइंट : दुर्गा मंदिर पंचेत ओपी एवं बराबर ब्रिज मैथन ओपी श्रम कल्याण केंद्र चिरकुंडा थाना में शाम 6 बजे तक नो एंट्री। गिरिडीह-जामताड़ा से धनबाद की ओर आने वाली गाड़ियों के लिए नो एंट्री प्वाइंट-डोमनपुर राजगंज थाना, लटानी पूर्वी टुंडी थाना, चलकरी तोपचांची थाना, तिलावनी मोड़ टुंडी थाना और विजय सिंह पेट्रोल पंप बरवाअड्डा थाना में शाम 4 बजे तक नो एंट्री।

जमशेदपुर : शिल्पा शिवांगी बनी नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में एलएलएम की गोल्ड मेडलिस्ट

जमशेदपुर। राजधानी रांची स्थित नेशनल यूनिवर्सिटी फॉर स्टडीज एंड रिसर्च इन लॉ (नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी) का दीक्षांत समारोह शनिवार को झारखंड ज्यूडिशियल एकेडमी के परिसर में संपन्न हुआ. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विशिष्ट अतिथि यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सह झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र उपस्थित थे. समारोह में एलएलएम (कंस्टीच्यूशनल लॉ) की टॉपर जमशेदपुर की बेटी शिल्पा शिवांगी को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया. यह मेडल राज्यपाल व यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति ने उसे प्रदान किया. शिल्पा की स्कूलिंग चिन्मया विद्यालय बोकारो, बीबीए एलएलबी सिंबोसिस इंटरनेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पुणे से हुई है. उसने लूथरा एंड लूथरा नई दिल्ली एवं रांची में सीनियर एडवोकेट इंद्रजीत सिन्हा के अधीन इंटर्नशिप की है. शिल्पा जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अमर सिंह की पुत्री है. बताया जाता है कि शिल्पा शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है. इस उपलब्धि पर संस्थान के साथ ही शिल्पा के परिवार में भी खुशी का माहौल है.

उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (विकास शाखा)

E-Mail - ddcgumla2014@gmail.com Phone No. 06524-222209Fax No. 06524-222209

अति–अल्पकालीन निविदा

गुमला जिला अन्तर्गत नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में अध्ययन करने वाले छात्र–छात्राओं के शैक्षणिक वातावरण की समृद्धि एवं आधारभूत संरचना हेतु सामग्रियों/उपस्कर/पुस्तकों के दर निर्धारण के निमित प्रतिष्ठित कम्पनी/अपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. निविदा प्राप्ति की तिथि :– 18.12.2023, 12:00 बजे अपराहन् तक
2. निविदा खोलने की तिथि :– 03:00 अपराहन् तक
3. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला विकास शाखा (विकास भवन) गुमला
4. निविदा खोलने का स्थान :– विकास भवन सभागार में।

क्र0सं0	सामग्री का नाम
1	Sofa
2	Table
3	Almirah
4	CCTV Camera (16 Pic)
5	Inverter
6	Battery (Excise)
7	Milton Water bottle
8	R.O 50 Lit
9	Curtain
10	TV
11	Computer Set (With Printer)
12	Notice Board
13	Books
14	Door Mat
15	Audio System
16	Glow Sign Board

नोट :– निविदा के नियम एवं शर्त्त जिले के वेबसाईट http://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.313080 Rural Development(23-24):D

उप विकास आयुक्त, गुमला।

थोड़ा इंतजार करें

नववर्ष पर पर्यटकों के स्वागत को तैयार हो रहा मैथन डैम

पार्कों को सजाने-संवारने में जुटा डीवीसी

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। नए साल का जश्न मनाने आने वाले सैलानियों के लिए मैथन डैम को दुल्हन की तरह सजाया-संवारा जा रहा है. डीवीसी प्रबंधन डैम के आसपास के स्थानों, पार्क आदि को सजाने में जुटा हुआ है. वहीं, नाविक भी नौकाओं को दुरुस्त कर रंग-रोगन कर रहे हैं. डैम के फेसिंग, पार्कों में बनाये गए विभिन्न प्रकार के जंगली जानवरों, जलाशय के किनारे पत्थरों आदि को रंगों से सजाने का काम अंतिम चरण में है. डैम के समीप स्थित मिलेनियम पार्क, गोल्डेन पार्क, नेहरू पार्क, फूलबागान समेत अन्य पार्कों की साफ-सफाई कर रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, ताकि सैलानी सारे तनाव को भूलकर डैम के प्राकृतिक सौंदर्य व मनमोहक दृश्यों का आनंद ले सकें. प्रकृति की गोद में बना मैथन डैम सैलानियों की पहली पसंद है. यह मैथन प्रकृति की मनोहारी छटाओं और देवी स्थान (मां कल्याणेश्वरी मंदिर) के लिए भी पूरे देश में जाना जाता है. सही अर्थों में यह प्राकृतिक सौंदर्य और भक्ति का अनूठा संगम है. यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग आते हैं. जाड़े का मौसम शुरू होते ही यहां सैलानियों का जमघट लगने लगता है. लोग परिवार के साथ पहुंचकर नदी किनारे, खूबसूरत वादियों में, पहाड़ों व पेड़ों के झुरमुटों के बीच पिकनिक का आनंद लेते हैं. बड़ा दिन 25 दिसंबर और पहली जनवरी को तो भीड़ इतनी जुटती है कि जगह कम पड़ जाती है. बसों व निजी वाहनों से हजारों लोग सपरिवार यहां पहुंचते हैं.

विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास

चाईबासा। मंझारी प्रखंड अतंर्गत किंजरी मिंजरी में शनिवार को विधायक निरल पूर्ति ने पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया है.

समाहरणालय, सिमडेगा (जिला समाज कल्याण शाखा)

पत्रांक..... **संविदा आधारित नियुक्ति हेतु सूचना** POS/दिनांक.....

सिमडेगा जिले में अवस्थित बाल सम्प्रेक्षण गृह (अधिसूचित –सुरक्षा का स्थान) के सृजित पद समूहों के विरूद्ध समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) के चिन्हित पदों के अनुसार संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं आर्हताधारी व्यक्तियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	वित्त विभागीय संकल्प सं0–965/वि0 दिनांक–25.03.2009 एवं संकल्प सं0– 2176 /वि0 दिनांक– 28.7.2015 के आलोक में निर्धारित संविदागत पारिश्रमिक राशि	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
1.	परामर्शी	01	31311	स्नातकोतर (समाज विज्ञान/मनोविज्ञान)

1. वित्त विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक– 4569/वि0 दिनांक– 05.07.2002 एवं पत्रांक– 965/वि0 दिनांक– 25.03.2009 में निहित शर्तों/प्रक्रिया, योजना– सह– वित विभाग एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत मार्ग–निर्देशों के आलोक में संविदा आधारित नियुक्ति की कार्रवाई की जायेगी।

नियुक्ति से संबंधित विस्तृत सूचना एवं विहित आवेदन प्रपत्र जिला समाज कल्याण, सिमडेगा के सूचना फलक पर प्रदर्शित किये जायेंगे एवं सिमडेगा जिला के वेबसाइट www.simdega.nic पर उपलब्ध है।

PR 313128Simdega(23-24)#D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा

एक नजर

कडरू पेरिश ने जरूरतमंदों के बीच बांटा गर्म कपड़े व अनाज

रांची। सीएनआई हॉली ट्रीनिटी चर्च कडरू पेरिश की ओर से शनिवार को खूंटी के सुदूर गॉव सैदबा डौडीह में सहायता शिविर लगाया गया। इस शिविर में तीन गॉव के सौ परिवारों को अनाज, कंबल एवं गर्म वस्त्र प्रदान किये गये। इसके अलावा गरीब व जरूरतमंदों को अनाज के रूप में आटा, तेल, दाल, चीनी, बिस्कुट, साबुन, नमक और चायपत्ती आदि प्रदान किये गये। ठंड से बचाने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक के बीच वस्त्रों का वितरण किया गया। सहायता शिविर में रेव्ह सिकंदर नाग, प्रवीण तिर्की, अनहिरण कुजूर, मनोज तिग्गा, अनुज तिग्गा, मनोहर तोपनो, नोवेल कच्छप, जसमीन टोप्पो, स्नेहलता कुजूर, मेडलीन तिर्की, रीता हेमरोम और माइकल पन्ना आदि के साथ पेरिश के सदस्यों ने सहयोग किया।

डीसी के निर्देश पर चेशायर होम में कंबल का किया गया वितरण

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर शनिवार को रांची के सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा की ओर से बरियातु स्थित चेशायर होम में कंबल वितरण किया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, प्रोबेशनर डिप्टी कलेक्टर, त्रिभुवन सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से चेशायर होम में कुल 65 कंबल का वितरण दिव्यांग जनों के बीच किया गया।

सुबह व शाम को जाम से समय की बर्बादी पैदल चलने वाले राहगीर भी परेशान

जाम के कारण रातू रोड में रेंगती है गाड़ियां, चरमरा गयी है ट्रैफिक व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रातू रोड में फ्लाइओवर का निर्माण चल रहा है। इसके लिए पिलर आदि का कार्य समाप्त होकर अब उपर सड़क के लिए प्लेटफार्म बनाने का काम चल रहा है। हालांकि नीचे में रखे अधिकांश निर्माण सामाग्री को हटा लिया गया है। इसके बावजूद रातू रोड से गुजरने वाले लोगों को सड़क जाम से राहत नहीं मिल रही है। इस रोड में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरायी हुई है, जिस कारण वाहनों को रातू रोड दुर्गा मंदिर से लेकर पिस्का मोड़ तक रेंगना पड़ता है। सुबह से शाम तक इस रोड में जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे वाहन चालकों के साथ यात्रियों और आम लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुबह से शाम तक स्थिति ऐसी रहती है कि जाम के कारण पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि सड़क को जाम से बचाने और सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए न्यू मार्केट से लेकर पिस्का मोड़ तक जगह जगह ट्राफिक पुलिस की तैनाती की गयी है, जो नाकाफी महसूस हो रही है।

कब्रिस्तान के पास से शुरू हो जाती है जाम

न्यू मार्केट से पिस्का मोड़ जाने के क्रम में वाहनों को कब्रिस्तान के पास से ही जाम का सामना करना पड़ता है। कब्रिस्तान के बगल से खादगढ़ा जाने वाली सड़क में वाहनों के आने और जाने के कारण जाम की स्थिति बन जाती है। इस मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी है, इसके बावजूद सड़क जाम से लोगों को राहत नहीं मिलती है। यदि ट्रैफिक के जवान मोड़ पर नहीं रहे तो फिर तो अच्छी खासी लग जाती है और लोगों का काफी समय बर्बाद होता है।

रॉग साइड पर वाहन चलना बड़ी समस्या

रातू रोड में सड़क के बीचों बीच निर्माण समाग्री और वाहनों के पार्किंग भी जाम की बड़ी समस्या बन गयी है। जाम रहने की स्थिति में सड़क के दोनों ओर ज्यादातर बाइक और कुछ संख्या में कार भी रॉग साईड पर चलने लगते है। जिसे रोकने में ट्रैफिक के जवान हमेशा विफल नजर आते है। सड़क जाम का यह एक बड़ा कारण बना हुआ है।

सीएम हेमंत सोरेन भी जाम में फंसे

रांची। शहर के अति व्यस्त सड़क व संवेदनशील किशोरगंज चौक से ठीक पहले मुख्यमंत्री के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा. दरअसल सीएम हेमंत सोरेन देवघर से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लैंड करने के बाद मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना हुए थे. जैसे ही उनका काफिला हरमू मुक्तिधाम से आगे बढ़ा सड़क जाम थी. ट्रैफिक बाधित रहने के कारण सीएम के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा . वहीं सीएम की सुरक्षा में तैनात अधिकारी दौड़ पड़े. जिसके बाद किशोरगंज ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक के जवान भी हरकत में आए. जिसके बाद जाम हटवाया गया और काफिले को गंतव्य के लिए रवाना किया गया

लोगों ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था में खामियां है कारण

रातू रोड में पिछले एक साल से भी अधिक समय से जाम का दंश झेल रहे रातू रोड के लोग विशेषकर दुकानदार ज्यादा ही परेशान है। लोगों का कहना है कि पूरे रूट में सुबह से शाम तक जाम की स्थिति रहती है तो इसके लिए जिला प्रशासन को गंभीर होना चाहिए। लेकिन जाम से मुक्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से कोई विशेष व्यवस्था नहीं होने से हमलोग जाम की स्थिति झेल रहे है। इस रूट में वाहनों का भारी दबाव है, ऐसे में 10-12 ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और जवानों से ट्रैफिक कंट्रोल कैसे हो सकती है। रातू रोड को जाम से बचाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की जरूरत है।

पिस्का मोड़ से कब्रिस्तान तक रेंगती है गाड़ियां : चरमायी ट्रैफिक व्यवस्था के कारण न्यू मार्केट से पिस्का मोड़ जाने वाले और पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट आने वाले वाहनों को रेंगना पड़ता है। कब्रिस्तान से लेकर पिस्का मोड़ तक यह स्थिति बनी रहती है। स्थिति ऐसी है कि एक किलोमीटर का सफर तय करने के लिए करीब 20-25 मिनट का समय लगा जाता है। कभी कभी तो इससे भी अधिक समय बर्बाद होता है।

सुबह और शाम को लगता है जबरदस्त जाम : सुबह स्कूल, कॉलेज, कार्यालय और काम में जाने और शाम को लौटने वाले लोगों की संख्या अधिक रहती है। ऐसे लोग ऑटो या फिर अपने वाहन से सवारी करते है। इस कारण सुबह और शाम को रातू रोड में वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। जिस कारण जबरदस्त जाम लगता है। जाम के कारण लोगों का काफी समय बर्बाद भी होता है।

माही ने मॉडर्न इंग्लिश स्कूल को किया सम्मानित

रांची। मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) ने हिंदपीड़ी छोटा तालाब स्थित मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में वैसे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिन्होंने 11 नवंबर को कडरू स्थित माही द्वारा हज हाउस में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक मेले में हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक राजकुमार को मेले से संबंधित मेमोरी फोटो एवं स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड से नवाजा गया। मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षा एवं सांस्कृतिक मेले के मंच का सफलतापूर्वक संचालन करने वाली जाकिरा सालेहा कमाल को भी मेमोरी फोटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरफराज अहमद और मुस्तकीम आलम ने भी अपने विचार व्यक्त किया। मंच का संचालन मो सलाहउद्दीन एवं धन्यवाद ज्ञापन सरवर इमाम खान ने किया। मौके पर हाजी नवाब, अशफाक गुडडू, नैय्यर परवेज डाईमंड, परवेज कमाल आदि मौजूद थे।

बाबूलाल से मिली मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड डॉ.मंजरी

रांची। अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ इच्छा शक्ति और अपने विश्वास के बल पर रांची की बेटी मंजरी प्रिया गुप्ता ने एक मुकाम हासिल किया है। रांची के संत जेवियर कॉलेज से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने वाली मंजूरी प्रिया गुप्ता गोल्ड मेडलिस्ट रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डॉ मंजरी प्रिया गुप्ता से मुलाकात किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने उन्हें शुभाशीष देते हुए कहा कि वह महिला सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण है। डॉ मंजरी प्रिया गुप्ता ने बाबूलाल मरांडी से मुलाकात के दौरान कहा कि वह देश की सेवा करना चाहती है। महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही हूं। आगे काम करना चाहती हूं। महिलाओं हर काम कर सकती हैं पर इसके लिए दृढ़ निश्चय की जरूरत है। देश सेवा शिक्षा दर बढ़ाकर भी की जा सकती है। बताते चले कि डॉ मंजरी प्रिया गुप्ता मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड 2021 दुबई में की विजेता हैं। संयुक्त राष्ट्र से मानद डॉक्टरेट, विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग की सक्रिय सदस्य हैं। उन्हें सरकार द्वारा भारत गौरव सम्मान सहित 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

444 करोड़ रुपए से अधिक रुपए की हुई वसूली, 41 बेंचों का हुआ था गठन

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 95 हजार से अधिक वादों का हुआ निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष एस चंद्रशेखर के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया गया। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि न्यायायुक्त अरूण कुमार राय और प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय त्रषिकेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर आरडीबीए के अध्यक्ष शंम्भू प्रसाद अग्रवाल, आरडीबीए के सचिव संजय विद्रोही, न्यायिक पदाधिकारी, मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। स्वागत भाषण एवं मंच का संचालन डालसा सचिव राकेश रंजन ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि लोग अदालत में आपसी सहमति से विवाद का निपटारा हो जाता है। इससे समय और पैसे की बचत होती है। लोक अदालत त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से किया जाता है। जिसके तहत छोटे और सुलहनीय मामलों को निपटारा किया जाता है। जिससे दोनों पक्षों को लाभ होता है।

मेगा इंपावरमेंट कैंप का हुआ था आयोजन : राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के पूर्व झालसा के निर्देश पर रांची के सभी प्रखंडों के लिगल-एड-क्लिनिक में मेगा इंपावरमेंट कैंप का आयोजन भी किया गया था। मेगा इंपावरमेंट कैंप के दौरान रांची जिला प्रशासन के सहयोग से 7,97,325 लाभुकों के बीच 150 करोड़ रुपए से अधिक की परिसंपत्ति का वितरण भी किया गया।

लोक अदालत के लिए 41 बेंच का हुआ था गठन : राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दण्डाधिकारियों के लिए 24 बेंच एवं कार्यपालक दण्डाधिकारियों के लिए 17 बेंच का गठन किया गया था।

95 हजार मामलों का निष्पादन किया गया : आज आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 95 हजार से अधिक वादों का निष्पादन किया गया।

रेलवे के 273 में 101 विवादों का हुआ निष्पादन

यह भी ज्ञात हो कि राष्ट्रीय लोक अदलात की पूर्व कॉन्सिलिएशन बैठक के दौरान 08 दिसंबर को रेलवे न्यायालय में प्ली बारगेनिंग स्पेशल कैंप का भी आयोजन किया गया था। जिसमें यह भी ज्ञात हो कि रेलवे न्यायालय में कुल पेंडेंसी 273 वादों में से 101 वादों का निपटारा भी सफलतापपूर्वक प्ली बारगेनिंग स्पेशल कैंप में किया गया।

मूलवासी सदान मोर्चा की विचार गोष्ठी आज

रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की विचार गोष्ठी रविवार को कोकर स्थित ऑकेजन बैंक्वेट हॉल में होगी। विचार गोष्ठी में 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने और आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत मूलवासी सदान मोर्चा ने एक विचार गोष्ठी आज रांची में आज आयोजित किया है। विचार गोष्ठी दोपहर 12:00 बजे से शुरू होगा। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए पूरे राज्य में अपना दौरा और कार्यक्रम जारी रखे हुए है। सदानी झंडा घर-घर में लगाने का काम भी ग्रामीण क्षेत्रों में जोरों से चल रहा है। मूलवासी सदानों के अधिकार के लिए झारखंड के चुनाव में मूलवासी सदान का क्या रणनीति अपनानी होगी। इन सभी मुद्दों पर बुद्धिजीवी और युवा अपने विचार रखेंगें।

छात्रों के उद्यमिता विकास व लोगों का प्रशिक्षण हुआ सुविधाजनक

बीएयू में अब पूरे साल होगा बटन मशरूम का उत्पादन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के पौधा रोग विभाग द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन केंद्र में पूरे साल मशरूम का उत्पादन किया जायेगा। इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्ष 2022-23 में तत्कालीन कुलपति की पहल पर इस यूनिट के संसाधन क्षेत्र में अनेक सुधार से यह संभव हो पाया है। इस यूनिट का आईसीएआर नाहेप कास्ट परियोजना के सौजन्य से जीर्णोद्धार के साथआधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिससे यूनिट में मशरूम उत्पादन और प्रशिक्षण में काफी गुणात्मक सुधार आया है। प्रभारी डा एन कुदादा ने बताया कि अब सालों भर विभिन्न प्रकार के मशरूम का उत्पादन संभव हो गया है । यूनिट में सुविधाओं के विस्तार से कृषि स्नातक छात्रों के उद्यमिता विकास कार्यक्रमों को बल मिला है। डा कुदादा ने बताया कि चालू मौसम में बड़े पैमाने पर बटन मशरूम का उत्पादन किया जा रहा है। यूनिट में बटन मशरूम के उत्पादन में करीब दस गुणी बढोतरी हुई है। अब हर दिन औसतन 50 किलो शुद्ध एवं ताजे बटन मशरूम का उत्पादन हो रहा है। जिसे 200 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है।

पोस्टल व आरएमएस पेंशनर्स की बैठक में बकाया भुगतान की मांग

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ऑल इंडिया पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक जीपीओ में केडी राय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जनवरी 1996 से पोस्टमैन का बकाया का भुगतान अविलंब करने की मांग की गयी। निर्णय लिया गया कि लंबति पड़े भुगतान के मामलों को लेकर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल मुख्य डाक महाध्यक्ष से दिसंबर के तीसरे सप्ताह में भेंट कर दबाव बनाएगा। केंद्रीय पेंशनर्स का मेडिकल क्लेम तीन सालों से सीजी एचएस कार्यालय रांची में लंबित

पड़ा हुआ है। जिसके कारण पेंशन लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। सीजी एच एस प्रशासन की अकर्मण्यता के कारण 500 से अधिक सीजी एचएस लाभार्थी आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। लगभग दो साल से दवाओं की स्थानीय खरीद का टेंडर नहीं हुआ है। अक्टूबर 2022 से वेलनेस सेंटर 2 और 3 में लोकल परचेज की दवाओं की आपूर्ति बंद है और वेलनेस सेंटर 1 में मई 2021 से आपूर्ति बंद है। बैठक में कहा गया कि 4 मार्च 2023 की सीजी एच एस पंचायत में डीडी जी, सीजी एचएस की उपस्थिति में निर्णय लिया गया था कि एक माह के अंदर टेंडर प्रोसेस पूरा कर लिया जायेगा परंतु इस निर्णय की भी अवहेलना कर दी गई।

नगर निगम के ठेकेदार पर नौ लाख रुपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज

रांची। बालाजी फैब के संचालक उमेश कुमार राय ने नगर निगम के ठेकेदार अंजनी कुमार सिंह उर्फ अंजनी के खिलाफ नौ लाख रुपए धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया। नामकुम थाने में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि ठेकेदार ने पेवर ब्लॉक लेकर उसकी राशि का भुगतान नहीं किया। बकाया राशि मांगने पर ठेकेदार ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। उमेश ने पुलिस को बताया कि उनकी फैक्ट्री नयाटोली पलांडू में है। दिसंबर 2022 में आरोपी अंजनी उनकी फैक्ट्री पहुंचा और पेवर ब्लॉक का ऑर्डर दिया। कहा कि उन्हें 20 लाख रुपए के पेवर ब्लॉक लगाने का नगर निगम से ठेका मिला है। आपूर्ति से पहले आरोपी ने उन्हें 4.80 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। इस एवज में उमेश ने पेवर ब्लॉक की सप्लाई भी कर दी। शेष राशि नौ लाख रुपए आरोपी ने नहीं दिया। दबाव बनाने पर आरोपी ने उन्हे जान से मारने की धमकी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा बगैर आधिकारिक पुष्टि के बदनाम करने का करेगा विरोध

कंपनी में कई लोग हैं सिर्फ सांसद धीरज साहू पर आरोप क्यों

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कहा है कि आयकर विभाग की छापेमारी में बरामद राशि बलदेव साहू और ग्रुप ऑफ कंपनीज के है। इस ग्रुप में सांसद धीरज साहू सहित 6 भाई, उनके परिजन और मित्र भी शामिल है। लेकिन राज्यसभा सांसद धीरज साहू को राजनीतिक रूप से बदनाम किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि यह फर्म व अन्य कई व्यापार दशकों से चल रहा है। उड़ीसा में शराब का उत्पादन एवं रिटेल और होलसेल पर चलता है। श्री गुप्ता ने बताया कि रिटेल का सैकड़ों शराब दुकानें है। जिसमें अधिकांश पैसे नगद बिक्री से प्राप्त होते है। यह मामला आयकर से संबंधित है। फाइनेंशियल स्टेटमेंट बैलेंस शीट और प्रॉफिट लॉस अकाउंट देखने का चीज है। अभी तक किसी भी आयकर के बड़े अधिकारियों ने इस पैसे के संदर्भ में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वैसी स्थिति में राज्यसभा सांसद धीरज साहू का नाम लेकर सामाजिक और राजनीतिक रूप से बड़े पैमाने पर बदनाम किया जा रहा है। जिसे राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सब ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि धीरज साहू वैश्य पिछड़े समाज से आते हैं। इनका पूर्वजों का इतिहास काफी पुराने समय से धनाढ्य परिवार है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का मानना है कि पैसे का जांच पड़ताल हो। लेकिन जिस तरह से धीरज साहू के नाम को बदनाम किया जा रहा है और बिना सरकारी कर्मियों के आधिकारिक बयान के इतर कई तरह के कहानी गढ़े जा रहे हैं।

हजारों करोड़ लेकर भागने वालों पर पीएम ने क्यों नहीं किया ट्वीट

रांची। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को लेकर प्रधानमंत्री के ट्वीट को प्रदेश कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। नेताओं ने कहा प्रधानमंत्री के ट्वीट के बाद से तो भाजपा नेताओं में सनसनी फैलाने और बयानबाजी की होड़ मच गई है। देश के हजारों करोड़ों रुपए लेकर बड़े-बड़े व्यापारी इस देश से लेकर फरार हो गए, उनको लेकर प्रधानमंत्री ने आज तक कोई ट्वीट नहीं किया। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तो इसके तार सोनिया गांधी, राहुल गांधी, हेमंत सोरेन से तो जोड़ा ही है। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा पैसा रखने के तरीके पर सवाल उठाया जा सकता है। लेकिन पैसा अवैध है, गलत है, डकैती की गई है या हवाला का है। ऐसी खबरें फैलाकर पूरे परिवार को बदनाम करना उचित नहीं है।

श्री सार्वजनिक पुस्तकालय ट्रस्ट के सुरेश गुप्ता को दी गयी श्रद्धांजलि

रांची। श्री सार्वजनिक पुस्तकालय ट्रस्ट समिति के ट्रस्टी रहे सुरेश गुप्ता का दिल का दौरा पड़ने पर निधन हो गया। वह अपने पीछे दो पुत्र एवं पुत्री के साथ भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं। सार्वजनिक पुस्तकालय ट्रस्ट समिति के ट्रस्टी सदस्यों एवं श्री डोरंडा शिशु सदन स्कूल की शिक्षिकाओं के द्वारा शोककसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सचिव सुरेश प्रसाद ने कहा कि सुरेश गुप्ता के निधन से समाज ने एक अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता को खोया है। उनका योगदान हमेशा हमारी समिति को रहा है। समिति को आगे बढ़ाने में उनका योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि सभा में समिति के कोषाध्यक्ष सरदार अशोक सिंह, बजरंग प्रसाद गुप्ता, हरिप्रसाद विजय, पुरुषोत्तम दास, रोहित शारदा, संजय कुमार गुप्ता, राकेश पाल, योगेश्वर दुबे, प्रमोद ठाकुर, स्कूल की प्रधान अध्यापिका असीमा पाल, किरण सिंह, श्रीमती रिंकू कुमार, सुधा सिंह, कंचन पोद्दार और रश्मि शामिल थे।

कंप्लायंस इन एक्शन आईसीसी चैलेंज नैविगैटिंग वर्क प्लेसरेस्पेक्ट प्रतियोगिता

एक्सआईएसएस में केस स्टडी प्रतियोगिता के विजेता हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता। रांची

जेवियर समाज सेवा संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति आईसीसी ने कंप्लायंस इन एक्शन आईसीसी चैलेंज नैविगैटिंग वर्क प्लेसरेस्पेक्ट शीर्षक पर एक केस स्टडी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में जैजस्टार, जस्टिटिया, ओम्निबस, कल्चर कैटलिस्ट, द ब्रेनी ब्रिगेड और पायनियर्स नाम की कुल 5 टीमों ने भाग लिया। जिनमें से प्रत्येक टीम में 6 से 8 सदस्य थे। टीमों ने कार्यस्थल पर उत्पीड़न के मामलों को प्रस्तुत किया। जिसने उन्हें यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम के ढांचे के भीतर इन मामलों का गंभीरता पूर्वक विश्लेषण करने, समझने और समाधान प्रस्तावित करने की चुनौती दी गयी थी। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने

पीओएसएच अधिनियम और छात्रों के लिए आईसीसी के ज्ञान के महत्व के बारे में अपने विचार रखे। आईसीसी की पीठासीन अधिकारी डॉ मधुमिता सिंघा ने कहा कि आईसीसी का उद्देश्य तभी पूरा होगा। जब यह अधिनियम जीवन के हर क्षेत्र में हमारे अच्छे आचरण के महत्व की याद दिलाएगा। आज संस्थान में और बाद में अपने-अपने कार्यस्थल पर छात्रों की मदद करेगा। डॉ रमाकांत अग्रवाल, डॉ अरूप मुखर्जी, डॉ अराना कौसर, डॉ भबानी प्रसाद महापात्रा और डॉ राजश्री वर्मा इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में थे। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा केस प्रेजेंटेशन और रोल प्ले पर आधारित टीमें चुनी। 7000 रुपये का पहला पुरस्कार टीम ब्रेनी ब्रिगेड ने जीता। उसके बाद 3000 रुपये का दूसरा पुरस्कार टीम पायनियर्स को मिला। जबकि टीम जैजस्टार को 3000 रुपये का तीसरा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के दौरान आईसीसी के सदस्य डॉ पूजा, सुश्री कोयल, हर्ष वर्धन, सुश्री अमीषा चौधरी, सुश्री मालविका और फादर सुरेश समद भी उपस्थित थे।

भाजपा के हमले के खिलाफ सीएम हेमंत केंद्र पर कर रहे है वार

नवीन मेल संवाददाता। रांची
तीन राज्यों में जीत के बाद झारखंड में भाजपा नए उत्साह से लबरेज है। हेमंत सोरेन को इस बात का एहसास है कि जीत से उत्साहित भाजपा की ओर से उन पर हमले और तेज होंगे। इस चुनौती से जूझने के लिए वह इंडिया गठबंधन के बाकी दलों कांग्रेस, राजद, जदयू वगैरह की ज्यादा परवाह किए बगैर अकेले दम पर मैदान में उतर आए हैं। उन्होंने अपनी व्यस्तता का हवाला देकर बीते छह दिसंबर को दिल्ली में

इंडिया गठबंधन की बैठक से किनारा कर लिया था। हालांकि, गठबंधन दलों के ज्यादातर प्रमुख नेताओं के नहीं पहुंचने की वजह से यह बैठक ही टाल दी गई थी। सोरेन इन दिनों आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत राज्य के जिलों का अपने सहयोगी दल कांग्रेस और राजद के मंत्री के साथ लगातार दौरा कर रहे हैं। यूं तो यह सरकार का अभियान है, लेकिन इसके तहत हो रही जनसभाओं में सोरेन अपने राजनीतिक एजेंडे के मुताबिक जमकर बोल रहे हैं। वह एक तरफ अपनी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। तो दूसरी तरफ भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला भी कर रहे हैं। उनकी कोशिश है कि वह झारखंड मुक्ति मोर्चा की अपनी जमीन पर किलेबंदी को किसी हाल में कमजोर न पड़ने दें। बात झारखंड कांग्रेस की करें तो बीते 3 दिसंबर को आए चुनावी नतीजों के बाद पार्टी के नेता-कार्यकर्ता उदासीन स्थिति में हैं। पार्टी ने दो महीने पहले तय किया था कि राज्य कांग्रेस कार्यालय में हर हफ्ते हेमंत सरकार में शामिल कांग्रेस कोटे के चार मंत्री बारी-बारी से जनता की समस्याएं सुनेंगे। पिछले तीन-चार हफ्तों से इस पर अमल नहीं हो पा रहा। पार्टी स्तर पर पब्लिक कनेक्ट का फिलहाल कोई और उल्लेखनीय कार्यक्रम भी नहीं चल रहा। राज्य में सरकार की तीसरी साझीदार पार्टी राजद में भी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर चुप्पी जैसी स्थिति है। राज्य में 'इंडिया' के सामने बड़ी चुनौती लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर भी कसमाकस चलती रहती है। राज्य के मौजूदा सत्ताधारी गठबंधन में तीन पार्टियां झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल शामिल हैं। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इन तीनों ही पार्टियों ने आपस में सीटों का बंटवारा किया था। इंडिया अगर झारखंड में एक साथ चुनावी मैदान में जाने का संकल्प लेता है तो गठबंधन में वामदलों और जदयू के आने की संभावना है। इससे पार्टियों की संख्या तीन से बढ़कर पांच से छह हो जाएगी और तब सीटों की हिस्सेदारी-दावेदारी का सवाल बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाएगा।

बेड़ो : सीएचसी में बिजली-पानी की किल्लत से जूझ रहे मरीज

सालों से खराब पड़ा है एक्वागार्ड व जरनेटर

शौचालय की स्थिति है बदहाल

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी नहीं होने से मरीजो को भारी परेशानियां हो रही है। वही सालों से जरनेटर खराब पड़ा हुआ है। बिजली कट जाने के बाद मरीजों को अंधरे में रहना पड़ता है। यहां के शौचालय में पानी की समस्या बनी हुई लेकिन समस्या पर अभी तक पहल नहीं हो पाया है। मरीज व उनके स्वजनों को चापाकल से पानी लाना पड़ता है। यह सब जानते हुए भी स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। जबकि इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों प्रखंड व जिला प्रशासन सहित अस्पताल प्रबंधन को भी दी गई है। इसके बाद भी पानी की समस्या का अभी तक उपाय नहीं हो पाया है। मौजूदा हालात में अस्पताल के मरीज अपने घर व चापाकल से पानी लाकर हाथ धोने और अपनी प्यास बुझाने को विवश हैं। कहने को तो अस्पताल परिसर में सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी है जिसके माध्यम से पानी चढ़ाने के लिए समरसेबुल सोलर पंप व टंकी लगाए गए हैं, लेकिन यह महज दिखावा बना हुआ है। पेयजल के लिए एक्वागार्ड भी लगा है, लेकिन वह भी खराब पड़ा है। साथ ही बाथरूम में पानी एवं बिजली की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। जबकि इस अस्पताल को हिंदुस्तान पेट्रोलियम के द्वारा हाल ही में दुरुस्त करवाया गया है लेकिन समस्या अभी भी बनी हुई है। केंद्र में अपने बच्चों के साथ इलाज कराने पहुंची माताएं व महिलाएं पानी एवं अन्य समस्याओं से परेशान हैं। महिलाओं का कहना है कि बाथरूम में पानी व बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है। ज्ञात हो कि जब से यह सीएचसी बना है तभी से पानी की समस्या हैं। लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हुआ है। जबकि अस्पताल में हर दिन दर्जनों मरीजों, स्वजनों और कर्मियों को पानी की जरूरत है। अस्पताल परिसर में लगाए गए बोरिंग बेकार हो गए है। जिससे जलापूर्ति नहीं हो रही है। अस्पताल में जलापूर्ति नहीं होने से मरीज से लेकर अस्पताल कर्मी पानी के लिए इधर उधर भटकते हैं। सर्वाधिक परेशानी इलाज के लिए बाहर से आए गर्भवती महिलाओं और उनके स्वजनों को उठाना पड़ता है। इस सीएचसी पर हजारों की आबादी निर्भर है। अस्पताल में हर दिन 150 से अधिक मरीज औसतन आते हैं। मरीजों के साथ उनके स्वजन आते हैं।

एक नजर

सीएम ने बाबाधाम में की पूजा-अर्चना

रांची/देवघर। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को देवघर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री बाबा बैद्यनाथ मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा अर्चना की। उन्होंने पूजा कर राज्य की उन्नति, अमन-चैन, सुख-शांति-समृद्धि और राज्यवासियों की खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को जायेंगे जामताड़ा

रांची। मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को जामताड़ा जिले के नाला जायेंगे। मुख्यमंत्री नाला प्रखंड में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसकी तैयारी को लेकर डीसी शशि भूषण मेहरा ने कहा कि 13 दिसंबर को नाला प्रखंड में मुख्यमंत्री के संभावित आगमन एवं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास, परिसंपत्ति वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी पदाधिकारी उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण से संबंधित सूची तैयार कर जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

सीएम ने सोनिया गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को एक्स पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिवस की अनेक-अनेक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

नवनिर्वाचित कमिटी को सरना धर्मगुरु ने बधाई दी

मांडर। सरना धर्मगुरु बन्धन तिग्गा ने शनिवार को मांडर प्रखंड अंजुमन कमिटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नुरुल्लाह हवीब नदवी और खजांची एनामुल्लाह से मिलकर जीत की बधाई दी। साथ ही कहा कि दोनों समाज में आपसी सौहार्द को मजबूत किया जायगा। समाज को सही दिशा में आगे ले जाने का काम करेंगे। इस मौके पर साकिर इसलाही, अजबुल अंसारी, अतहर हुसैन सबनु उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी ने धीरज साहू पर केस दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की

नवीन मेल संवाददाता। रांची
कांग्रेस से राज्यसभा के सदस्य धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से 300 करोड़ से ज्यादा नकदी की बरामदगी पर शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची में पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस-झामुमो पर कड़ा प्रहार किया। साथ ही यह धनराशि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बताते हुए धीरज साहू पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की। प्रदेश के सभी जिलों में भी भाजपा के विधायकों ने पत्रकार वार्ता कर प्रदेश अध्यक्ष की मांगों को दोहराया तथा कांग्रेस झामुमो के भ्रष्टाचार में लिप्त होने के इतिहास को उजागर किया। रविवार को सभी जिला मुख्यालयों में पार्टी के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया गया है।

धीरज साहू मामले में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रही भाजपा : झामुमो

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने राज्यसभा सदस्य धीरज साहू मामले में भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जबतक आधिकारिक तौर पर सारी बातें सामने नहीं आ जाती, तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता है लेकिन इस मसले पर लगातार भाजपा वाले अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में एक नैरेटिव सेट करने की साजिश रची जा रही है। सुप्रियो भट्टाचार्य शनिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह तो आईटी विभाग का यह रूटीन कार्य है। इससे पहले किसी उद्योगपति के यहां छापेमारी नहीं हुई है क्या। पैसा किसका है? कहां से आया है, ये सब आईटी के अधिकारी पता कर लेंगे। सुप्रियो ने सवाल करते हुए कहा कि आखिर भाजपा वालों को पेट में दर्द क्यों हो रहा है? उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि लगता है कि बाबूलाल को सब पता है कि किसका-किसका पैसा है और कहां से आया है। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री संवैधानिक दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं और संसद का सत्र भी चल रहा हैं लेकिन वे अखबार में प्रकाशित खबर को पोस्ट कर देते हैं और भाजपा के सारे नेता डमरू लेकर शुरू हो जाते हैं।

'धीरज का रोजाना करोड़ों का कारोबार'

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू के यहां आयकर छापेमारी के सवाल पर कहा है कि धीरज साहू बड़े कारोबारी हैं। जिनका व्यवसाय होगा उनके पास पैसे नहीं होंगे क्या। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि अडानी, अंबानी का घर देखा जाए। साहू का कारोबार कच्चे का है। ये सभी लोग जानते हैं। रोजाना करोड़ों रुपये कैश में आता है।

जांच पूरी होने से पहले पीएम का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : राजेश ठाकुर

पलामू। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां से भारी मात्रा में नोटों की बरामदगी को लेकर सवाल पूछे जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर गढ़वा में कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने जाने के दौरान शनिवार को मेदिनीनगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कुछ देर के लिए रूके। जहॉ जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि सांसद धीरज साहू के यहां से बरामद नोटों के मामले में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से कोई अधिकारिक बयान अबतक सामने नहीं आया है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अखबार पढ़कर और कतरन के साथ ट्वीट कर रहे हैं। मीडिया की खबरों पर प्रधानमंत्री अगर अधिकारिक बात करने लगे तो यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। एजेंसी को अपना काम करने देना चाहिए, उसके बाद ही कोई प्रतिक्रिया देनी चाहिए। इस मामले में जांच चल रही है।

धीरज साहू के घर से मिली राशि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन क्यो है चुप : दीपक प्रकाश

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के घर से 300 करोड़ रुपए से ज्यादा बरामद होने के बाद भाजपा ने हेमंत सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि मामले में हेमंत सरकार को अविलंब इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया है कि झारखंड में कांग्रेस के सहयोग से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार चल रही है। इतना बड़ा भ्रष्टाचार झामुमो सरकार के सहयोग के बिना नहीं हो सकता है। उनका आरोप है कि कांग्रेस का भ्रष्टाचार से चोली दामन का साथ रहा है। जब-जब कांग्रेस केंद्र या राज्य की सत्ता में आई है, तब-तब भ्रष्टाचार का बोलबाला देखने को मिला है। कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक दूसरे के पर्यायवाची शब्द हैं। भाजपा सांसद का कहना है कि राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां करोड़ों रुपये मिले हैं। उनका कांग्रेस नेता राहुल गांधी से प्रगाढ़ संबंध है। वे उनके दुलारे और प्यारे हैं। अभी छापेमारी की कार्रवाई चल ही रही है। अभी तो सिर्फ कैश बरामद हुए हैं, आगे हजारों करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति का पता लगना बाकी है।

बहन से छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई पर तलवार से हमला

घायल युवक को भेजा सदर अस्पताल, तीन युवकों पर केस दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। रातू
थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की से तीन युवकों द्वारा छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर भाई पर तलवार से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता के पिता अखिलेश साव ने रातू थाना में तीन युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। बिहार के पटना कल्याणपुर अथमलगोला निवासी अखिलेश साव वर्तमान में कठहल मोड़ में रहते है। 7 दिसंबर की शाम छह बजे उसकी 11 वर्षीय नाबालिक पुत्री कठहल मोड़ स्थित दुकान से सामान खरीद कर घर लौट रही थी। इसी दौरान वहां खड़े तीन युवकों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ किया। घर आकर युवती ने घटना की जानकारी अपनी मां को बताई। जानकारी मिलते ही युवती के दो भाई व मां एक आरोपी संतोष भुईया के घर पहुंचे व पूछताछ की।

नौ साल की बच्ची के साथ की अश्लील हरकत, आरोपी गिरफ्तार

रांची। अरगोड़ा थाने की पुलिस ने नौ साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सुधीर यादव है और वह अशोक कुंज का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की सुबह बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान आरोपी ने बच्ची को कुछ सामान देने का लालच देकर अपने घर ले गया। इसके बाद गलत तरीके से बच्ची के शरीर को छूने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बच्ची कुछ देर बाद उसके घर से किसी सूरत से निकलकर अपने घर पहुंची। बच्ची ने घटना की पूरी जानकारी परिवार वालों को दी।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का झारखंड दौरा

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एसएसपी ने दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची
उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को झारखंड दौरे पर आएंगे। राज्य के दो जिलों जमशेदपुर और धनबाद में उनका कार्यक्रम है। उप राष्ट्रपति पहले विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके मद्देनजर रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को एयरपोर्ट में ब्रीफिंग की। साथ ही पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

उप राष्ट्रपति राज्य के दो प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थानों को संबोधित करेंगे। उप राष्ट्रपति बनने के बाद धनखड़ का यह झारखंड राज्य का प्रथम दौरा है। सर्वप्रथम उपराष्ट्रपति जमशेदपुर पहुंचेंगे, जहां वह जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इसके बाद वह आईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस) धनबाद के 43वें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे और उपस्थित शिक्षकों और छात्रों से संवाद करेंगे।

टीम

टीम में डॉ हर्षवर्धन (चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ विकास कुमार (सर्जन), डॉ दीपक (निश्चेतक), विजय कुमार (आईसीयू टेक्नीशियन), प्रकाश अवस्थी (स्वास्थ्य कार्यकर्ता), शैलेश कुमार (एमपीडब्लू) और हरी नारायण हलधर (चालक) शामिल हैं।

उप राष्ट्रपति के आगमन पर रिम्स एलर्ट

उप राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए रिम्स को अलर्ट पर रखा गया है। ट्रॉमा सेंटर के तीसरे तल्ले पर स्थित आईसीयू-बी में बेड रिजर्व रखा गया है। सुरक्षा के लिहाज से पूरे कमरे की गहनता से जांच की गयी। मेटल डिटेक्टर से लैस अधिकारियों ने हर कोने की जांच की। सदर अस्पताल में सात सदस्यीय मेडिकल टीम का गठन किया गया है। इस मेडिकल टीम में तीन चिकित्सक, आईसीयू टेक्नीशियन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मल्टीपरपस वर्कर (एमपीडब्लू) व एक चालक शामिल हैं।

गागर में सागर

योजनाओं को दिलाने में जनप्रतिनिधि मदद करें : आदिल अजीम

चान्हो। प्रखंड के बलसोकरा पंचायत स्थित मिडिल स्कूल मैदान में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से सबंधित आवेदन प्राप्त हुए एवं परिसम्पतियों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, कंबल वितरण, मनरेगा से संबंधित नई योजना, अंचल कार्यालय से सेवा की गारंटी, स्वास्थ्य जाँच, किसान क्रेडिट कार्ड, कल्याण विभाग द्वारा साईकिल वितरण, 15वे वित्त की योजनाऐं, राशन कार्ड सुधार एवं निर्माण, सर्वजन-पेंशन योजना है। दौरान विभिन्न विभागों के कुल 2013 आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमें 1125 आवेदनों का त्वरित निपटान किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जि०प० सदस्य आदिल अजीम ने कहा कि झारखण्ड सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को इस कार्यक्रम के द्वारा आपके गांव और द्वार तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, अबूआ आवास योजना के बारे में बताते हुए सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने की बात कही। साथ ही शिक्षा विभाग के द्वारा साईकिल वितरण योजना से संबंधित सांकेतिक चेक का वितरण, अंचल कार्यालय से विद्यार्थियों के बीच जाति प्रमाण पत्रों सहित प्रखंड स्तरीय कई योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बलसोकरा पंचायत की मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव कलीम अंसारी, जनसेवक सोहराब खलील, कृषक मित्र सहित अन्य सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर चुमनू तिर्की, गोपाल रामदास, उपेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, नीलकंठ मुंडा के साथ-साथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभी विभाग के पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

संत माईकल स्कूल में 20वां वार्षिकोत्सव मना

मुरी। सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संत माइकल स्कूल (+2) में शनिवार के दिन 20 वाँ वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो एवं अतिथि के रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुरी शाखा के मैनेजर दिनेश कुमार एवं मुरी रेलवे हेल्थ सेंटर के सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जे कश्यप मौजूद रहे। विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार, मैनेजिंग निदेशक रूपेश कुमार एवं प्राचार्य सी एल प्रजापति के द्वारा मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष सिंह ने किया। कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छऊ नृत्य तथा मार्शल आर्ट की प्रस्तुति दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो ने अभिभावकों और बच्चों को संबोधित करने के क्रम में कहा कि शिक्षा जगत में काफी बदलाव आया है और सिल्ली विधानसभा में सभी बच्चे आधुनिक शिक्षा पद्धति के तहत स्मार्ट क्लास और 3डी के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सके, इसके लिए हमारा प्रयास जारी है। बड़े-बड़े शहरों की शिक्षा तकनीकी को सिल्ली की धरातल पर उतरना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। आगामी 20 दिसंबर को गूंज महोत्सव के उपलक्ष में निःशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा। जिसमें अनुभवी शिक्षक विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी करवायेंगे और क्षेत्र में शिक्षा को लेकर नया आयाम और दिशा देंगे। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

दो दिवसीय नेत्र शिविर का हुआ समापन

मुरी। हिंडालको इंडस्ट्रीज के सीएसआर विभाग के द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेत्र शिविर का अंतिम दिन सामुदायिक भवन कोकोरोना में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुरी अल्युमिनियम वर्कर यूनियन के अध्यक्ष सुरेश महतो ने किया। शिविर में शंकर नेत्रालय के अनुभवी एवं लोकप्रिय नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा लगभग 300 ग्रामीणों के आंखों की विभिन्न प्रकार की जांच की गई। शिविर समापन के मौके पर हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय ने कहा की कंपनी के द्वारा जल कल्याण हेतु भविष्य में और भी योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया जाएगा ताकि आसपास के ग्रामीण लाभान्वित हो सके। मौके पर हिंडाल्को के सीएसआर हेड अनिल सिंह तथा संस्थान के कर्मचारी कुमार अभिषेक, राजेश महतो, संदीप कुमार महतो, भरत सिंह तथा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

बेड़ो की दो छात्राओं को मिलेगी 12वीं तक मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना का लाभ

बेड़ो। राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बेड़ो में कक्षा आठवीं की छात्रा मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा में पास कर विद्यालय का नाम रौशन किया। शनिवार को छात्रा एंजेल अंशु बाड़ा को विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिजेन्द्र चौबे व शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक विजेंद्र चौबे ने कहा कि विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत व लक्ष्य का निर्धारण कर पढ़ाई करनी चाहिए। सहायक शिक्षिका रेखा रानी ने कहा कि इस योजना के तहत अब एंजेल को कक्षा बारहवीं तक सालाना 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति मिलेगी। पूनम टोप्पो ने कहा कि एंजेल इसी विद्यालय की शिक्षिका सुशील कुजूर की पुत्री है। इसने अपनी लगनशीलता के कारण आज विद्यालय का नाम रौशन किया। इधर प्रखंड के मॉडल स्कूल बेड़ो की छात्रा श्रुति कुमारी ने भी मेधा छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा पास की है। शिक्षक निर्मला मिंज, आशा कुल्लू, मॉडल स्कूल के प्रधानाध्यापक भिनसेन्ट सोरेन, बसंत सिंह, शिव शंकर कुमार,अंकित, चंदन, अनुग्रह, उज्ज्वल, पदमा, रिया तथा मनीषा ने दोनों छात्राओं को बधाई दी है।

कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री ने रखी एकलव्य विद्यालय की आधारशिला, सड़कों का किया शिलान्यास

'देश के जनजातीय बच्चे लें बेहतर शिक्षा'

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र के रनिया प्रखंड के मनहातू रायटोली टोंगरी पर 41 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के निर्माण की आधारशिला पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर रखी।

मौके पर केंद्रीय मंत्री प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत रनिया प्रखंड में बनने वाली पांच सड़कों और और दो पुल तथा मुरहू प्रखंड में पुल निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम स्थल पर केंद्रीय मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में भाजपा कार्यकताओं के साथ भाग लिया। मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि इतने मनोरम स्थल पर बैठकर हम विकसित भारत

संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ सीधा संवाद में शामिल हुए। यहां आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का भी शिलान्यास हो रहा है। अभी हम सबने प्रधानमंत्री को सुना कि हम विकसित भारत के एम्बेसडर बनें, विकसित भारत के सहभागी बने। सहभागी इस तरह बनें कि सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुचाएं।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए मुफ्त राशन की योजनाएं शुरू की, महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना सहित किसानों और गरीबों के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने परिवार को आत्मनिर्भर बनाएंगे। इस देश में जब हमारे बच्चे अच्छी तरह शिक्षित होंगे, तो 2047 को विकसित भारत बनाने में हमारा भी योगदान होगा। हम सभी नागरिक अपने परिवार को समृद्ध बनाएंगे, तभी पूरा देश विकसित होगा।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा कि इस संकल्प वाहन के माध्यम से हम आगे बढ़ेंगे। अर्जुन मुंडा ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश के जनजातीय बच्चे बेहतर शिक्षा लें। यहां 240 लड़कों और 240 लड़कियों को पढ़ने की सुविधा निःशुल्क मिलेगी। देश का कोई गरीब भूखा नहीं होगा, यही मोदी की गारंटी होगी। घर-घर राशन देने का कार्य किया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हम चूल्हा भी जला रहे हैं। इससे हमारा जंगल भी बचेगा।

मोदी की सरकार बनाने के लिए अर्जुन मुंडा को जिताने का संकल्प लें : कोचे मुंडा

विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए हमें खूंटी संसदीय सीट से अर्जुन मुंडा को भी प्रचंड मत से जिताने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांसद के पास से तीन सौ करोड़ से अधिक काला धन बरामद हुआ है। यह साबित करता है कि प्रधानमंत्री का यह संकल्प सिद्ध हो रहा है कि पाताल लोक से भी काला धन को निकाला जाएगा।

टनल से निकले युवकों को किया सम्मानित

रनिया से लौटने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधायक कोचे मुंडा के पैतृक गांव ममरला में भी विधायक और तोरपा के प्रमुख संतोष कर के साथ सड़क और पुल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने उत्तराखंड के टनल से सकुशल बाहर आये गुमडू गांव के विजय होरो और डुमारी गांव के चमरा उरांव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रदान संस्था के प्रेम शकर के नेतृत्व में महिला मंडल की दीदियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री का प्रभार मिलने पर सब्जी और मशरूम की टोकरी देकर अर्जुन मुंडा का शुभकामनाएं दीं।

बेड़ो के जरिया व करांजी में भाजपा की हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के जरिया और करांजी पंचायत भवन में शनिवार को आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शामिल हुई। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही विकसित भारत की नींव मजबूत की जा सकती है। समाज की अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिए भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम वरदान साबित होगा। कुजूर ने केंद्र सरकार की योजनाओं को ग्रामीणों को बताते हुए लाभान्वित ग्रामीणों से रूबरू हुई। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी, राकेश भगत, धनंजय रॉय, अमिन अंसारी, समेत अन्य शामिल थे।

करकरी पंचायत सचिवालय में अज्ञात चोरो ने की चोरी

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी पंचायत सचिवाल भवन में शुक्रवार की रात में अज्ञात चोरों ने हजारो रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। शनिवार की सुबह पंचायत सचिव शनिका नाग भवन की गेट के चैनल खोल कर अंदर प्रवेश किये तो देखे पीछे का खिड़की टुटी हुई है।

स्कूल प्रबंधन का जिम्मेदारी लेने से इंकार, कहा

वैन की व्यवस्था गांववालों ने की

सड़क हादसे में बच्ची और चालक की हो गई थी मौत, 14 बच्चे हुए घायल

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। कटकमसांडी सड़क दुर्घटना में एक बच्ची और चालक की मौत हो गयी जबकि 14 बच्चे घायल हो गये. अब स्कूल संचालक इसकी जिम्मेदारी लेने से साफ इंकार कर दिया है. वह कभी सड़क परिवहन को दोषी ठहरा रहा है तो कभी बस चालक को नया ड्राइवर बताकर पल्ला झाड़ रहा है. ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है. किसकी लापरवाही की वजह ये हादसा हुआ.

उठ रहे कई सवाल

हजारीबाग जिले में कई स्कूलों में चल रहे स्कूल वाहनों का ना तो इंश्योरेंस है और ना ही गाड़ी का रजिस्ट्रेशन है. यहां तक की कई चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं रहता. अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर स्कूल संचालक और जिला प्रशासन ने बच्चे लाने के लिए वैन को कैसे इजाजत दे दिया. इन चालकों या गाड़ी की कभी स्कूल प्रबंधन के द्वारा जांच पड़ताल नहीं की जाती है. दो माह पहले भी जांच पड़ताल में यह खुलासा किया गया था कि हजारीबाग जिले में कई स्कूल चल रहे हैं जहां बिना लाइसेंस-इंश्योरेंस के बस चल रहे हैं. अगर उसपर कार्रवाई की जाती तो शायद ये हादसा न होता.

वाहन चालक लेते हैं अभिभावकों से मोटी फीस

इस संबंध में कंसार निवासी गुलाब राम ने बताया कि किसकी गलती है वह नहीं जानते पर स्कूल वैन में यह लिखा होना चाहिए था कि गाड़ी में बच्चे बैठे हैं. वाहन पर स्कूल का नाम भी नहीं लिखा हुआ था. बिजनेस के उद्देश्य से बिना सुरक्षा दिए वैन से बच्चों को लेकर आवाजाही की जा रही थी. उनका कहना है कि सुरक्षा के उपाय होने चाहिए थे. लेकिन पैसा कमाने के चक्कर में जैसे तैसे बच्चों को वैन में बैठाकर 25 किलोमीटर दूर ले जाया जाता था.

नकली गांधी परिवार को पहुंचाने थे 300 करोड़ रुपये : सीपी सिंह

जमशेदपुर। कांग्रेसी सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद हुए 300 करोड़ रुपये देश के नकली गांधी परिवार सोनिया गांधी और राहुल गांधी के यहां पहुंचाए जाने थे, लेकिन भनक लगते ही आईटी ने रेड किया और उसे बरामद कर लिया. उक्त बातें जमशेदपुर पहुंचे भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कही. उन्होंने बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 300 करोड़ रुपये बैंक की शोभा बढ़ाने के बजाए किसी के आवास या कार्यालय में अलमीरा की शोभा क्यों बढ़ा रहे थे. जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कमान संभाली है, तब से हमारा देश डिजिटल भारत बनने की ओर बढ़ रहा है.

चिराग पासवान पहुंचे रजरप्पा, की पूजा-अर्चना

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान 9 दिसंबर को रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान, अरूण भारती, रामगढ़ जिलाध्यक्ष केवल पासवान के साथ माता छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना के उपरांत उन्होंने मंदिर परिसर में हवन किया। इस क्रम में उन्होंने देश वासियों के खुशहाली की कामना माता छिन्नमस्तिके से की। इससे पूर्व लोजपा रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के रजरप्पा पहुंचने पर पार्टी की रामगढ़ जिला इकाई ने जिलाध्यक्ष केवल पासवान के नेतृत्व में उनका बुके देकर जोरदार स्वागत किया। पूजा अर्चना के उपरांत मीडिया कर्मियों से बातचीत के क्रम में चिराग पासवान ने कहा की वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 400 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा की लेकसभा चुनाव में बिहार और झारखंड में विपक्षी दल खाता भी नही खोल पाएंगे। चिराग पासवान ने कहा की 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव से पूर्व सेमी फाइनल की संज्ञा दी जा रही थी। लेकिन इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की शानदान जीत हुई है। जो दर्शाता है की देश वासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और एनडीए गठबंधन पर पूरा विश्वास है।

एक नजर

19 दिसंबर को होगी बरकट्ठा सूर्यकुंड मेले की नीलामी

बरकट्ठा। प्रखंड में मकर संक्रान्ति के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक सूर्यकुंड मेले की नीलामी 19 दिसंबर को की जाएगी। इस बाबत अंचल अधिकारी श्री कांत लाल मांझी ने पत्रांक संख्या 480 निर्गत करते हुए बताया कि प्रसिद्ध सूर्यकुंड मेले की नीलामी के लिए सुरक्षित जमा राशि 23 लाख 13 हजार दो सौ पच्चीस रुपए है। उन्होंने बताया कि डाक की बोली 19 दिसंबर दोपहर 12 बजे अंचल कार्यालय कक्ष में की जाएगी। नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को निर्धारित समय पर आकर अपने पहचान पत्र और सुरक्षित जमा राशि का 15 प्रतिशत 3 लाख 46 हजार 9 सौ 84 रुपए अंचल नजारत में नीलामी के पूर्व जमा करना अनिवार्य है।साथ ही डाक समाप्ति होने के पश्चात उच्चतम डाक वक्ता को नीलामी की राशि नियमानुसार अंचल नजारत में अंचल नाजीर के पास बैंक ड्राफ्ट या नगदी राशि जमा करना होगा। शेष डाक वक्ता को सुरक्षित जमा राशि वापस कर दी जाएगी।

पूर्व रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष की माता का निधन

हजारीबाग। रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष रहे वर्तमान में सूर्य षष्ठी छठ पूजा फल वितरण समिति के सचिव सह भाजपा के युवा नेता सुधीर यादव पिक्कू की मां 67 वर्षीया सावित्री देवी का निधन बड़ा बाजार ग्वाल टोली आवास पर शनिवार को हो गया। वे छह महीने से काफी बीमार चल रही थी। स्व. चमरू गोप की पत्नी स्व. सावित्री देवी अपने पीछे तीन बेटे संजय यादव, सतीश यादव, सुधीर यादव पिक्कू व दो बेटियां सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गोलोक चली गई। सावित्री देवी अपने मुहल्ले के साथ साथ परिवार के सदस्यों के बीच काफी चहेती थी हर किसी के सुख दुःख में शामिल होती थी। वहीं इनके अचानक चले जाने से पूरा मुहल्ला सहित परिवार के लोग काफी मरमराहत है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। दस दिसंबर रविवार को सुबह दस बजे मुक्तिधाम खिरगांव में स्व. सावित्री देवी का अग्नि संस्कार किया जाएगा।

सरकार -आपके द्वार में दो सखी मंडलों को मिले प्रमाण पत्र

हजारीबाग। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बरही प्रखंड के पंचायत दुलमाहा में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव के द्वारा किया गया। इस मौके पर 100 लाभुको के बीच कंबल वितरण किया गया। बिरसा कूप संवर्धन निर्माण योजना के तहत 04 लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा 2 सखी मंडल के बीच प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही खाद्य एवम आपूर्ति विभाग के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया नारायण यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार , अंचल अधिकारी रामनारायण खलखो, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक एवम अन्य कर्मी और जनप्रतिनिधि उपस्थिति थे।

डीएवी अंतर्जिला स्पोर्ट्स में बरही को मिले आठ पदक

नवीन मेल संवाददाता

बरही । डीएवी प्रबंधन की ओर से राज्य के विभिन्न स्थानों पर डीएवी अंतर्जिला खेल प्रतियोगिता कराया जा रहा है. इस प्रतियोगिता डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है. जिसमे डीएवी पब्लिक स्कूल के कई खिलाड़ी राज्य स्तर के लिए चयनित किए गए है. शनिवार को विद्यालय प्रांगण में सभी विजेताओं को ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया. प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बताया कि रांची, हजारीबाग, उरीमारी, तोपा आदि स्थानों पर उनके विद्यालय से कई खिलाड़ी शतरंज, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, ताइक्वांडो आदि स्पोर्ट्स में भाग लिए. जिसमें शतरंज अंडर 14 और बास्केटबॉल अंडर 17 में बालिका वर्ग विजेता बनी. शतरंज अंडर 17, खो - खो, वॉलीबॉल में बालक वर्ग उपविजेता घोषित किया गया. ताइक्वांडो में बालक वर्ग से आर्यन कुमार और नीरज कुमार को रजत पदक तथा बालिका वर्ग से आयुषी कुमारी को स्वर्ण, निशा सिंह व श्रेया कुमारी को रजत तथा प्रेरणा कुमारी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है. जुडो में सिया सिंह स्वर्ण और अंकिता ने रजत पदक प्राप्त किया है, सभी विजेता जोनल क्वालीफाई कर चुके है जो डीएवी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे. प्राचार्य ने बताया कि डीएवी पब्लिक ने सदैव ही विद्यार्थियों को उच्च कोटि का प्रशिक्षण और नियमित अभ्यास करवाने का प्रयास किया है.

रामगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

रामगढ़। झालसा के निर्देशानुसार शनिवार को रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में ब्रजेश कुमार गौतम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष डालमा रामगढ़ के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया । जिसमे वादों के निष्पादन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कमचार्री को आवश्यक निर्देश दिए एवं पक्षकारों के सुविधा के लिए सात बैंचों का गठन किया गया। जिसमें सभी क्रीमीनल सुलहनीय वाद, भू अधिग्रहरण वाद ,कैंटोनमेंट बोर्ड संबंधित मामला, बिजली अधिनियम वाद, क्रीमीनल रिविजन एवं अपील, मोटर व्हीकल क्लेम वाद, सर्टिफिकेट बाद, फोरेस्ट एवं एक्साइज केस, एन आइ एक्ट वाद, पारिवारिक आय, प्री-लिटिगेशन वाद बैंक, दूरमाष संबंधित वाद, कंज्युमर फोरम वाद, अनुमंडल कोर्ट से संबंधित वाद, रेवेन्यू ट्रांसपोर्ट, पोस्टल आदि का संबंधित पक्षों की आपसी सहमती के आधार पर निष्पादन किया गया। इससे पूर्व दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारंभ ब्रजेश कुमार गौतम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष डालसा रामगढ़ की अध्यक्षता में हुआ।

सिद्धिदात्री आहार प्रा. लिमिटेड ने प्रोडक्ट किनमीन किया लॉच

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग । डेमोटांड़ स्थित सिद्धिदात्री आहार प्र० लिमिटेड के एम०डी संगीत सुनील सिन्हा के अथक प्रयत्न के पश्चात नौ दिसम्बर को पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने किनमीन की प्री लॉन्चिंग कर विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के दरमियान पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि सिद्धि दात्री आहार प्र० लिमिटेड के एम०डी संगीत सुनील सिन्हा ने किनमीन प्रोडक्ट को लॉन्च कर जीवन की एक नई पारी की सुरुवात की है। वही हजारीबाग ही नही बल्कि पूरे देश एवं विदेश में अपना परचम लहराया है। सिन्हा ने कहा कि इसी प्रकार युवाओं को उधोग जगत में आगे आकर रोजगार का सृजन करना चाहिए। वही यशवंत सिन्हा ने उधोगपति व धर्मप्रेमी रहे स्व०सुनील सिन्हा के चित्र पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर यशवंत सिन्हा के स्वागत में कलाकारों ने छऊ नृत्य पेश किया व ढोल नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया। वही सिद्धि दात्री आहार प्र. लिमिटेड के एमडी संगीत सुनील सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग में निर्मित किनमीन ब्राण्ड के तहत बननेवाले सारे प्रोडक्ट देश ही नही बल्कि विदेशों में भी किनमीन की सप्लाई की जाएगी शुरूआती दौर में भारत देश के विभिन्न राज्यों के साथ साथ न्यूजीलैंड, नेपाल, साउथ अफ्रीका, कनाडा आदि देशों में प्रोडक्शन दी जाएगी।

भ्रष्टाचार की जननी है कांग्रेस : जेपी पटेल

हजारीबाग। अटल भवन हजारीबाग में,मांडू विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल द्वारा प्रेस वार्ता की गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव द्वारा की गई। मौके पर जिला महामंत्री सुनील कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद उपस्थित थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनसे जुड़े प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की छापेमारी लगातार तीसरे दिन भी जारी रही ।इस दौरान अब तक धीरज साहू के ठिकानों से करीब तीन सौ करोड रुपए मिल चुके हैं ,नोटों की गिनती अभी भी जारी है। सूत्रों के मुताबिक धीरज साहू व संबंधित शराब कंपनी के खिलाफ प्रिडिकेट ऑफिस की पड़ताल करने का निर्देश ईडी उड़ीसा जोनल ऑफिस को दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज से पहले इतनी बड़ी रकम ईडी को कभी प्राप्त नहीं हुआ था। इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में 750 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने जप्त की है ।जिस मामले में सोनिया और राहुल गांधी बेल पर है। अकेले झारखंड में 70 हजार करोड रुपए के घोटाले उजागर हुए हैं।

'बॉर्न टू फाइटर' ब्रजकिशोर जायसवाल इलाज के बाद घर लौटें, खिले लोगों की चेहरे

हजारीबाग। 'बॉर्न टू फाइटर' हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के पिता ब्रजकिशोर जायसवाल 84 साल की उम्र में नौ दिनों तक राजधानी रांची के मेडिका हॉस्पिटल में इलाज कराने के बाद कई प्रकार की बीमारियों से जंग जीतकर ना सिर्फ शुक्रवार की शाम को हजारीबाग स्थित अपने घर लौट आए हैं बल्कि घर आते ही उन्होंने अपने पारिवार जनों और मित्रों संग अपने पूर्ववर्ती दिनचर्या के अनुरूप पारंपरिक खेल तास के दंगल में हाथ भी आजमाया। यह देखकर ब्रजकिशोर जायसवाल के परिवारजन, उनके मित्रगण और चाहने वाले लोगों के चेहरे खिल उठे । श्री जायसवाल ने जिस प्रकार अपनी जीवटता और संघर्ष की बदौलत अपने जीवन में मुकाम स्थापित किया उसी प्रकार अपने सेवाभाव और उदारता से जनता का दिल भी जीता। नौ दिन पहले जब वे अचानक बीमार हुए थे तो लगातार दो दिनों तक बेहोशी की हालत बनी रही उसके बाद अस्पताल में इलाज से उनका रिकवरी हुआ और महज नौ दिनों में ही घर वापस आ गए और परिवार जनों संग मनोरंजन में जुट गए।

प्लस टू विद्यालय चंदनकियारी-बरमसिया प्लस टू उवि में खुशी क्लास का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

चंदनकियारी। शनिवार को प्लस टू विद्यालय चंदनकियारी और बरमसिया प्लस टू उवि में खुशी क्लास का आयोजन खुशी क्लास और लाइफ केयर रांची के संयुक्त बैनर तले किया गया। मुख्य अतिथि खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने खुशी मिशन के बारे में बतलाते हुए कहा कि कैसे अपने जीवन में खुश रहना चाहिए, सकारात्मक होना चाहिए,कभी भी अपने जीवन में तनाव /टेंशन को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में हमें सकारात्मक सोच रखनी चाहिए` सभी अच्छी बातों को खुद में आत्मसात करना चाहिए, अंक किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का पैमाना नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें अपने जीवन में मुझे यह करना है₹ यह सोच रखना चाहिए ना कि यह होना चाहिए यह सोच। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच मनुष्य को सफल बनाता है। चौहान ने सकारात्मकता से सजी कहानी भी सुनाई- एक 25 साल की युवती अपने पिता के साथ ट्रैन में सफर कर रही थी। खिड़की से बाहर देखते हुए जोर से चिल्लाई- पिताजी देखो ये पेड़ पीछे जा रहे हैं। पिता मुस्कुरा दिए। पास में बैठे लोगों ने सोचा, लड़की इतनी बड़ी है और इसका व्यवहार बच्चों के जैसा है। शायद ये लड़की मानसिक रूप से कमजोर है। कुछ देर में युवती फिर चिल्लाई- पिताजी देखो ये बादल हमारे साथ दौड़ रहे हैं।

लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ आजीविका मंडल ने निकाली रैली

बरही । राष्ट्रीय जेंडर अभियान नई चेतना 2.0 के तहत आजीविका सखी मंडल की ओर जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाला गया. इस अवसर पर बरही थाना परिसर में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ शपथ भी लिए गए. शपथ ग्रहण की अगुवाई महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार व सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने किया. महिलाओं के विरूद्ध हो रहे दुर्व्यवहार, शोषण और अपराध को बताने को लेकर महिला थाना प्रभारी ने उपस्थित महिलाओं को काउंसलिंग किया. उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कानून है. परंतु शोषण के विरुद्ध शर्म नही अधिकार के साथ बोलने की आवश्यकता है. बीपीएम ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के टैग लाइन कहेंगे, चुप्पी तोड़ेंगे नई चेतना जेण्डर अभियान 2.0 की जनाकारी दी. सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में उनकी निजता और भावनाओं को भी समझने की जरूरत है.

डीवीसी प्रबंधन-विधायक के बीच हुई वार्ता, कोई हल नहीं, धरना जारी

नवीन मेल संवाददाता

बरही । तिलैया बस्ती वालो को अचानक बिजली काटना अनुचित है. पिछले 36 वर्षो से निःशुल्क बिजली देने का काम डीवीसी ने ही किया है. यहां के लोगो ने अपनी जमीन खोई है, बेघर हुए है. इस बात का डीवीसी प्रबंधन को सोचना होगा. यहां के लोगो की समस्याओं पर सार्थक पहल करते हुए वर्तमान समय में बिजली मुहैया करवानी चाहिए. उक्त बाते विधायक उमाशंकर अकेला ने स्थानीय डीवीसी प्रबंधन के समक्ष रखी. उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार अनुचित है. शुक्रवार को देर संध्या तक हुए वार्ता में डीवीसी के अधिकारी मो कादिर ने विधायक को स्पष्ट बताया कि बात आगे तक बढ़ चुकी है. वे लोग कुछ भी नही कर सकते है. स्थानीय लोगो ने इंटेकवेल का पानी रोकने का काम किया है. जो केटीपीएस को जाता है. ऐसे में डीवीसी कार्यालय में तोड़ फोड़ अथवा धरना प्रदर्शन अनुचित है. बस्तीवालों को केटीपीएस के समक्ष बात रखनी चाहिए. मौके पर विधायक ने मुख्य अभियंता से भी बात किया. उन्होंने भी स्थानीय पदाधिकारियों से बात करने के बाद ही कुछ करने की बात कही. वही प्राथमिकी वापस लेने के नाम पर उन्होंने पहले पानी छोड़ने और प्रदर्शन बंद करने की बात कही. अंत में विधायक ने मामले को वरीय पदाधिकारी से बात करने का आश्वासन देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करने का सलाह दिया.

रामगढ़ : श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदन खेल प्रतियोगिता के फाइनल का आयोजन

रामगढ़। शहर के श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ में 9 दिसम्बर को अंतर सदन खेल प्रतियोगिता के फाइनल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को छात्रों के मानक के अनुसार 3 वर्गों में विभाजित किया गया था। पहले वर्ग में 3 से 5, दूसरे में 6 से 8 और तीसरे में 9 से 12 वर्ग तक के प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्म-सम्मान बढ़ाना, टीम वर्क के लिए प्रेरित करना और नेतृत्व कौशल विकसित करना था। खेल बच्चों को उनके सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद करता है। यह तनाव को कम करने में भी मदद करता है। चारों सदन साहिबजादा अजीत सिंह हाउस, साहिबजादा जुझार सिंह हाउस ,साहिबजादा जोरावर सिंह हाउस और साहिबजादा फतेह सिंह हाउस के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रत्येक हाउस से, दो टीमों ने भाग लिया अर्थात, 'लड़कियों की टीम' और 'लड़कों की टीम' ने प्रधानाचार्य हरजाप सिंह द्वारा एसजीएनपीएस के बच्चों को आउटडोर गेम खेलने के मानसिक स्वास्थ्य लाभों के बारे में प्रोत्साहित और जागरूक किया गया।

कांग्रेस भी राज्य में भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में शामिल : मांडू विधायक जेपी पटेल

रामगढ़। भाजपा जिला कार्यालय में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से आईटी द्वारा बरामद किए गए कैश के मामले में को लेकर 9 दिसम्बर को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी देश में भ्रष्टाचार के रोज नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कहा कई कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व हो या इनके क्षेत्रीय सांसद, विधायक सभी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में 750 करोड रुपए की संपत्ति ईडी ने जब्त की है। अब एक सांसद के ठिकानों से लगभग 300 करोड रुपए कैश बरामद हुए हैं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह खुद ईडी की जांच के घेरे में है। वहीं, कांग्रेस भी राज्य में भ्रष्टाचार की प्रतियोगिता में शामिल है। कहा कई भ्रष्टाचार इतना की मशीन भी नोट गिनते-गिनते थक जा रही है। लेकिन सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि इतना सब कुछ होते हुए भी राज्य के सत्ताधारी गठबंधन के नेता इस मामले में चुप है। कहा की केंद्र सरकार भ्रष्टाचार को समाप्त करने में लगी है।

आर्मी पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन, बोले बिग्रेडियर शैलेश सती

बच्चों में एक अनोखी प्रतिभा होती है

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ का वार्षिकोत्सव शनिवार को रंगारंग कार्यक्रम के बीच धूमधाम से संपन्न हुआ। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का थीम 'वसुधैव कुटुंबकम' रखा गया था। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष ब्रिगेडियर शैलेश सती शामिल हुए।उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। ब्रिगेडियर शैलेश सती ने बच्चों को अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी साथ ही भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन हो इसके लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाते हुए प्रशंसा की। उन्होंने आपसी भाईचारा बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा की विश्व के सभी लोग एक परिवार के समान हैं। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने आने वाले समय में विद्यालय द्वारा बच्चों के शिक्षा के स्तर को बढ़ाने व अन्य योजनाओं का लेखा-जोखा दिया। समारोह के दौरान सभी वर्ग के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने ग्रुप सॉन्ग, हिंदी नाटक, इंग्लिश स्किट, भांगड़ा, तांडव, नुक्कड़ नाटक, जैसे अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने भी योगदान दिया। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।मौके पर कई लोग मौजूद थे।

कुलुकेरा में सरकार-आपके द्वार के तहत विशेष शिविर में शामिल हुए कृषि सचिव

योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण : अबू बकर सिद्दिख

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपकी द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को कुलुकेरा पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जिला प्रभारी सह, सचिव, कृषि, सहकारिता एवं पशुपालन विभाग झारखण्ड सरकार , अबू बकर सिद्दिख का आगमन हुआ।उपायुक्त सिमडेगा के द्वारा सचिव को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं जेएसएलपीएस की दीदीयों द्वारा स्वागत गान के साथ परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। झारखण्ड सरकार के प्रधान सचिव अब्बूकर सिद्धिख एवं उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। सचिव ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जन को संबोधित करते कहा कि ग्रामीण पंचायत में आयोजित इस विशेष शिविर का लाभ उठायें। शिविर के दौरान उन्होंने सभी ग्रामीणों से कहा कि सरकार आप के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं चला रही है। कई बार जानकारी के अभाव में आप सभी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। आप सभी को सरकार की जो महत्वाकांक्षी योजना है उसका लाभ मिले।इसी उद्देश्य के साथ राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी स्टॉलों पर जायें और जानकारी लेते हुए आवेदन कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठायें। प्रभारी सचिव एवं उपायुक्त के द्वारा विशेष शिविर में लगे सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम दौरान कई जरूरतमंद लाभार्थियों का आवेदनों पर करवाई करते हुए ऑन द स्पॉट निष्पादन कर लाभ से आच्छादित किया। सचिव महोदय एवं उपायुक्त सिमडेगा के द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। साथ ही सभी प्रखण्डों में आयोजित शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं का लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं परिसंपत्तियों का वितरण किया गया ।जिले के आयोजित के विशेष शिविरों के दौरान कुल-94608 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 27749 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। तथा 66814 आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है एवं विभिन्न कारणों 45 आवेदनों का रिजेक्ट किया गया। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के स्टॉलों सहित राजस्व, शिक्षा, विद्युत, पंचायत राज, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, सहकारिता, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, अबूआ आवास, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, श्रम, कल्याण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति विभाग, जेएसएलपीएस, बैंक के स्टॉल लगाये गए थे।शिविर में जिला परिषद सदस्य सिमडेगा, पंचायत प्रमुख, सिमडेगा, मुखिया कुल्लुकेरा एवम अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर

कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी का मनाया 77वां जन्मदिन, काटा केक

कोडरमा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में सोनिया गांधी का 77वां जन्मदिन मनाया गया. मौके पर केक काटा गया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई गई. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि भारतीय राजनीति में त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति सोनिया गांधी की दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना ईश्वर से करते हैं. भारतीय राजनीतिक में सबसे प्रमुख नाम में से एक सोनिया गांधी का है. सोनिया गांधी का जन्म इटली में हुआ था और उनका भारतीय राजनीतिक में प्रवेश एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हुआ था.

बोलबा में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता संपन्न

बोलबा। बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित पाकरबहार स्कूल मैदान में सिमडेगा जिला खेल विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस मौके पर बताया गया कि बोलवा प्रखण्ड मुख्यालय में सभी पांच पंचायतों से जीत कर आये 18-40 आयु वर्ग के बालक बालिका का प्रखण्ड स्तरीय खेल आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज एवं मुखिया सुरजन बड़ाईक उपस्थित थे। नोडल पदाधिकारी बीसीओ रामायण सिंह खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुरूआत की बालिका वर्ग में पंचायत कादोपानी एवं पिडीयापोंछ के टीम फाईनल में पिडीयापोंछ की टीम विजयी रहें।वहीं बालक वर्ग में पंचायत समसेरा एवं मालसाडा की टीम में पंचायत समसेरा की टीम विजयी रहें।दोनों टीम को जिला सिमडेगा के लिए चुन लिया गया। विजेता टीम को ट्राफी समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक, डीसीओ रामायण सिंह बार्ड सदस्य हीरालाल बडाईक, किशोर कुमार सिंह।

धीरज साहू पर एफआईआर कर जल्द हो गिरफ्तारी : कोचे मुंडा

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर 300 करोड़ से अधिक नगद राशि मिलने पर कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि जनता के सामने कांग्रेस का भ्रष्टाचारी चेहरा सामने आ गया है। एक राज्यसभा सांसद के पास 300 करोड़ मिलना जो कि गिनती अभी जारी है ,ये आंकड़ा 700 करोड़ तक पहुंच सकती है। ये गरीब राज्य झारखंड पर एक तमाचा है ,जो कांग्रेस ने झारखंड की गरीब जनता को मारने का काम किया है। ऐसे भ्रष्टाचारी सांसद पर अविलंब एफआईआर करते हुए गिरफ्तार करनी चाहिए। कांग्रेस या कांग्रेस गठबंधन की सरकार जब जब सत्ता में आती है, लूट कर तिजोरी भरना शुरू कर देती है। पर नरेंद्र मोदी जी की गारंटी है कि एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेंगे ना खाऊंगा ना खाने दूंगा ।उन्हें एक-एक पाई चुकानी पड़ेगी। राज्य में कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनते ही बालू कोयला और अवैध पत्थर खनन कर कांग्रेस राज्य को खोखला कर रही है ।भारतीय जनता पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। जल्द ही छत्तीसगढ़ और राजस्थान की तरह भ्रष्टाचारी सरकार की विदाई होगी।जब ईडी या अन्य एजेंसियों से भ्रष्टाचारियों पर करवाई होती है, कांग्रेस एंबुलेंस द्वारा पैसा को दूसरे जगह भेजने का कार्य करती है। कांग्रेस जो बतानी चाहिए कि क्या ये रकम झारखंड में आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए रखे गए थे।

हाथी के हमले से दो महिलाओं की मौत, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

नवीन मेल संवाददाता

बानो । इन दिनों जिला के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है जंगली हाथियों के झुंड द्वारा लोगों के घरों को तोड़ने के साथ-साथ खेतों में लगाए गए फसलों को भी नुकसान कर रहे थे जिसकी वजह से ग्रामीण काफी डरे हुए थे और लगातार हाथियों को भगाने के लिए मांग कर रहे थे लेकिन इसके बावजूद विभाग की ओर से किसी प्रकार का ठोस कदम नहीं उठाया गया जिसका खामियाजा देखने को मिला और दो महिलाओं को बीती रात जंगली हाथी के द्वारा कुचल कर जान ले ली ।मामला बानो प्रखंड के डुमरिया पंचायत के एकोदा गांव की है जहां हाथी ने दो महिलाओ को कुचल कर मार डाला।घटना के विषय में वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि हाथी उड़ीसा के डूमरमुंडा गांव के रास्ते डुमरिया जंगल में घुसने की सूचना मिली थी शाम लगभग सात बजे मरियम मुंडाईन 55 वर्ष,और कमलावती देवी 45वर्ष दोनो हाटिंगहोड़े बाजार से अपने घर एकोदा लौट रही थी।लौटने के क्रम में रास्ते में हाथी अपने गिरफ्त में ले लिया और दोनो महिलाओं कुचल कर मार डाला। वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार, वन कर्मी थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना की जानकारी ली।वही जिप सदस्य बिरजो कंडुलना तथा वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार द्वारा दोनो के परिजनों को दस,दस हजार रुपए की राहत राशि प्रदान किया। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा दी जानेवाली सहायता राशि के संबंध में कागजी कार्यवाही जल्द की जाएगी जिससे सहायता राशि जल्द मिल सके।मौके पर प्रभारी वनपाल विवेक कुमार वर्मा ,लखींद्र कुमार, थाना बल के जवान , एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

बरकट्ठा : सड़क चौड़ीकरण में रैयतों के घरों पर चला बुलडोजर

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। गोरहर थाना के सामने स्थित लेम्बुआ में स्थानीय रैयतों रामचंद्र साव, मोहर नायक, अभिराम पासवान के घरों व दुकानों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। इस दौरान सीओ श्रीकांतलाल मांझी व एनएचएआई अधिकारी व पुलिस बल के जवान मौजूद थे। ज्ञात हो इस बाबत रैयतों ने बताया हम सबो को अबतक सड़क चौड़ीकरण का मुआवजा भी नही मिला है वही प्रशासन डंडे के बल पर हमारी जमीनों को छीन रहा है दूसरी ओर अंचल अधिकारी श्रीकांतलाल मांझी के अनुसार सभी को पूर्व में नोटिस व माइकिंग द्वारा सूचना दी जा चुकी है इसके बावजूद रैयतों ने चिन्हित भूमि खाली नही की वही इन सबों को पूर्व में ही मुआवजा का भुगतान किया जा चुका है जो ट्रेजरी में जमा हो गया होगा ज्ञात हो बरकट्ठा अंचल क्षेत्र में इस तरह के दर्जनों मामले है लेकिन एनएचएआई की लापरवाही व कोताही से रैयतों को उचित न्याय नही मिल पा रहा है।

कोडरमा : 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

कोडरमा। मरकच्चो प्रखंड के जामू पंचायत स्थित जामू काली मंडप प्रांगण मे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाये गये. मौके पर बीडीओ सना उस्मानी, मुखिया नीता देवी, बीपीओ राकेश रंजन और प्रखंड के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी. बीडीओ ने जेएसएलपीएस के 28 महिला समूहों के बीच एक करोड़ 26 लाख 50 हजार रुपए का बैंक ऋण उपलब्ध कराया. वहीं कई लाभुकों के बीच कंबल, धोती, साड़ी भी बांटे गये. बाल विकास परियोजना द्वारा आयोजित मुंह जूठी व गोदभराई कार्यक्रम मे भी बीडीओ ने हिस्सा लिया. वहीं शिविर में अबुआ आवास, मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, उद्योग, राजस्व, पेंशन, कृषि ऋण, स्वास्थ विभाग समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे.

कुरडेग में 'मोर पुलिस मोंय पुलिस' के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन

कुरडेग। माइकल किन्डो स्टेडियम कुरडेग में मोर पुलिस मोय पुलिस के तहत आयोजित फुटबॉल मैच का शुरूआत शनिवार को हुआ कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।पहला मैच बड़कीबिउरा पंचायत बनाम खिंडा पंचायत के बीच खेला गया जिसमें बड़कीबिउरा 2--0 से विजयी रही।मौके पर जिप उपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल जीवन का एक अहम हिस्सा है ।खेल के क्षेत्र में आज झारखंड के कई खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेल कर अपना हुनर दिखा रहे है और साथ ही साथ खेल के क्षेत्र में अपना कैरियर बना रहे हैं।आप सभी खेल को खेल की भावना से खेलते हुए बेहतर खेल का प्रदर्शन करें।

रेलवे कर्मियों के मतदाता पंजीकरण के लिए पूरे राज्य में लगाए गए शिविर

रांची। राज्य भर में मतदाता पुनरीक्षण को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। शनिवार को झारखंड की सीमा के अंदर अवस्थित विभिन्न रेलवे स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों तथा रेलवे क्वार्टर्स में मतदाता पंजीकरण को लेकर विशेष शिविर लगाए गए। रेलवे के वैसे कर्मियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या अद्यतन करने के लिए संबंधित प्रपत्र मौके पर भरवाये गए जिनका नाम अब तक यहां की मतदाता सूची में दर्ज नहीं था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने बताया कि राज्य में लगभग एक लाख की संख्या में रेलवे कर्मचारी व उनके परिजन हैं। जिनमें से बड़ी संख्या में लोगों के नाम झारखंड की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, इसलिए शनिवार और रविवार दोनों दिन विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन यानि शनिवार को लगभग हर शिविर में अच्छे खासे आवेदन प्रपत्र प्राप्त हुए, रविवार को और भी फॉर्म आने की उम्मीद है। स्वयं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पश्चिमी सिंहभूम के नोआमुंडी इलाके का औचक निरीक्षण कर वहां चल रही मतदाता पंजीकरण गतिविधियों की समीक्षा की तथा अधीनस्थों को जरूर निर्देश दिए। वहीं राज्य भर में कई शैक्षणिक संस्थानों में भी रंगोली आदि जैसे कई जागरूकता परक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

लापरवाही के आरोप में अहिल्यापुर थाना प्रभारी सस्पेंड

गिरिडीह। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान में लापरवाही बरतने के आरोप में अहिल्यापुर थाना प्रभारी संतोष मंडल को शुक्रवार को निलंबित कर दिया. जानकारी के अनुसार, एसपी की ओर से थाना प्रभारी संतोष मंडल को अपने क्षेत्र में साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाने का लगातार निर्देश दिया जा रहा था. लेकिन उन्होंने इस पर ठीक से अमल नहीं किया. साइबर अपराध से जुड़े कुछ मामलों के अनुसंधान में लापरवाही की शिकायत भी कुछ दिनों से मिल रही थी. इस बीच, एसपी ने जिले के गांडेय, अहिल्यापुर, बेंगाबाद और सरिया थाना पुलिस को भी इस संबंध में कड़ा कड़ा निर्देश दिया है.

जलडेगा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

जलडेगा। प्रखंड के जलडेगा पंचायत के एसएस+2 उच्च विद्यालय परिसर में शनिवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख जुसाफ लुगुन, सीओ मधुश्री मिश्रा, जिप सदस्य रोजालिया शांता कंडुलना, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो मुखिया बालमुनी लुगुन, बीईईओ अरूण पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें यही सरकार की सोच है। ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें। उन्होने विशेषकर आवास विहिनों के लिए शुरू की गई अबुआ आवास योजना को लेकर बताया कि राज्य सरकार वैसे सभी व्यक्ति जिनके पास पक्का मकान नहीं है उनके लिए यह योजना लेकर आई है।

सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

1,48,47,352 राजस्व वसूली, परिवहन विभाग ने किया मुफ्त हेलमेट का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जहां पर 14847352 रुपए की राजस्व वसूली की गई। लोक अदालत का शुरूआत पीडिजे राजकमल मिश्र, एसपी सौरभ ,एडीजे आशा डी भट्ट,अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। पीडिजे राजकमल मिश्र ने कहा कि लोक अदालत के फैसले पर फिर कहीं अपील नहीं होती है, यह अंतिम न्याय होता है। जहां आपको सुलभ तरीके से न्याय मिलता है। उन्होंने कहा यहां न्यायालय के माध्यम से एक मौका दिया जाता है जहां खुद पदाधिकारी और सरकार के विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि आपको आपकी परेशानी दूर करने के लिए समझौते के तहत मामलों का निपटारा करते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत विभागवार अलग-अलग 6 बैंच को बैठा कर लंबित मामलों को आपसी समझौतों के तहत निपटारा किया जा रहा इसका लाभ उठाएं, उन्होंने कहा लोक अदालत को लेकर और जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है जिससे लोग अधिक से अधिक इसका लाभ ले सकें। एसपी सौरभ ने कहा - लगातार क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की घटनाएं बढ़ रही है इस लिए लोगो को जागरूक होने की आवश्यकता है।सभी लोग जागरूक रहे । सभी लोग अपने आसपास के क्षेत्र में लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की बात कहें ताकि सिमडेगा में होने वाले दुर्घटनाओं को काम किया जा सके इस दौरान उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा न्यायालय परिसर में बिना हेलमेट के आए लोगों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया ।राष्ट्रीय लोक अदालत में कल 28955 मामले रखे गए जिनमें 24236 मामले को निष्पादित किया गया ।जिसमें 14847352 रुपए की राजस्व वसूली की गई ।

मवेशियों से लदे दो ट्रकों को पकड़ा, 61 मवेशी जब्त, दो गिरफ्तार

गिरिडीह। गिरिडीह के बगोदर में पुलिस ने मवेशी लदे दो ट्रकों को जब्त किया है. दोनों ट्रकों पर 61 मवेशी लदे हुए थे. पुलिस ने सभी को जब्त कर लिया है. दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है. पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई पर एसपी का बयानगिरिडीहः अवैध धंधेबाजों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस सख्त है. ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस तेजी से कार्रवाई कर रही है. चाहे साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हो, अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई हो या पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई, पुलिस लगातार ऐसे अवैध कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. इसी उद्देश्य से जिले की बगोदर पुलिस ने शनिवार की सुबह-सुबह पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की. एसपी दीपक शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जीटी रोड से मवेशियों से लदे दो ट्रकों को जब्त किया है. ट्रक पर लदे 61 मवेशी बरामद किये गये हैं.

लोगों में उत्साह

झारखंड पार्टी ने कोलेबिरा के लसिया गांव में की बैठक

दर्जनों ग्रामीणों ने झारखंड पार्टी का थामा दामन

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड के लसिया में शनिवार को झारखण्ड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए क्षेत्र कि समस्या से अवगत हुए। सन्देश एक्का ने ग्रामीणों के समस्या को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही । उन्होंने अपने संबोधन में कहा की 2005 से पहले भी यहाँ कांग्रेस का विधायक था और 2014 के बाद भी यहां कांग्रेस का विधायक है किन्तु विकास शून्य ही रहा है । जब मेरे पिता पूर्व मंत्री एनोस एक्का 2005 से 2014 तक विधायक थे तब यहाँ विकाश की धारा बहना शुरू हुआ ।जिसका प्रमाण हमे आज भी देखनो को मिलता है। आप अपने क्षेत्र में किसी भी पुल पुलिया सामुदायिक भवन सड़क के शिलान्यास पट को देखेंगे तो वहां आपको एनोस एक्क्का का ही नाम नजर आएगा। आज यहाँ आप सबको यह वादा करता हूँ की आपके सहयोग से विधायक बनूंगा तो मेरा सबसे पहला प्राथमिकता हर क्षेत्र का विकाश करना रहेगा ,क्युकि जब क्षेत्र का विकास होगा तो रोजगार भी मिलेंगे और लोंगो को काम करने के लिए किसी अन्य राज्य जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर झारखंड पार्टी के नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने झारखण्ड पार्टी का दामन थामा ।जिसमे कोम्बकेरा वार्ड सदस्य विक्रम महतो, वार्ड सदस्य राजेंद्र महतो, वार्ड सदस्य रोशन टेटे, सहजाद आलम , महबूब अंसारी , बिनोद साहू , रिजवान अंसारी , सरफुदीन अंसारी , हाजी राजू, सबीर अंसारी, अनिल टेटे, गुरुचरण सिंह के अलावा दर्जनों ग्रामीणों को युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने माला पहना कर झारखण्ड पार्टी में सदस्यता ग्रहण कराया । मौके पर प्रखंड युवा अध्यक्ष जोहन केरकेट्टा, बाबुराम लकड़ा, नवेल हेरेज, जोसेफ डुंगडुंग, सुमन्त कुमार, रसल खलखो, सुधीर साहू, नईम अंसारी, रमेश, कैलाश साहू, देवशंकर साहू के आलावा सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

एक नजर

मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने किया गरम कपड़ों का वितरण

रांची। बढ़ती ठंड को देखते हुए समर्पण शाखा ने रिक्शा चालको के बीच गरम कपड़ों का वितरण किया। यह कार्यक्रम हरमू रोड में शाम को किया गया। गरम कपड़े मिलने से उनको बढ़ती ठंड से काफी राहत मिली, काफी खुश थे सब। मौके पर अध्यक्ष स्वेता भाला, पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थी।

शत्रुघ्न सिन्हा का मनाया गया जन्मदिवस, स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना

रांची। सुप्रसिद्ध सिने अभिनेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद शत्रुघ्न सिन्हा का जन्मदिवस आज राजधानी में मनाया गया। इस अवसर पर आज राजधानी के सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के द्वारा राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र नामकुम प्रखंड के सपारोम में ग्रामीणों के बीच लड्डुओं का वितरण कर खुशियां मनाई गई और उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की गई आज ही एक अन्य कार्यक्रम में रांची रिवोल्ट जनमंच के द्वारा केक काटकर शॉटगन का जन्म दिवस मनाया गया और यह कहा गया कि श्री सिन्हा ने विशेष रूप से कला एवं फिल्म के क्षेत्र में अद्भुत योगदान दिया है और सकारात्मक फिल्म एवं कला की दृष्टि से यह आवश्यक है कि श्री सिन्हा की सक्रियता लगातार बनी रहे। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ। प्रणव कुमार बब्बू, अनुज तिवारी, अरविंद पाठक, विजय दत्त पिंटू, सौरभ पाठक, राकेश रंजन बब्लू, सूरज सिन्हा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

अवैध कब्जा रोकने को लेकर सीओ और थाना प्रभारी को सौंपा आवेदन

कूशवानी गांव में आम अवाम का रास्ता बंद कर अवैध तरीके से घर का निर्माण किए जाने का लगाया आरोप

नवीन मेल संवाददाता। केतार

प्रखंड क्षेत्र के कूशवानी गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को अंचलाधिकारी नंदजी राम व थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो को लिखित आवेदन देकर अवैध निर्माण कार्य रोकने का आग्रह किया है। आवेदन में उल्लेख किया है की कूशवानी गांव में आम-अवाम का रास्ता बंद कर लखपति देवी का भूमि पर जबरन कब्जा करते हुए जयशंकर साह वगैरह के द्वारा अवैध तरीके से घर का निर्माण किया जा रहा है।

इससे पूर्व ग्रामीणों और भाकपा माले के नेताओं के द्वारा इसके विरोध में 2 नवम्बर को अनिश्चितकालीन धरना दिया गया था। तब अंचल निरीक्षक नागेन्द्र पाठक और कर्मचारी प्रकाश कुमार ने 15 दिनों के भीतर भूमि विवाद को निपटाने का आश्वासन देकर धरना को खत्म कराया था। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी भूमि विवाद का निपटारा करते हुए भूमि का सीमांकन नहीं किया गया। इस कारण जयशंकर साह वगैरह के द्वारा उक्त भूमि पर रात्रि में मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने निमार्ण कार्य को रोकते हुए उक्त लोगों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। अन्यथा पुनः धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। आवेदन देने वालों में भाकपा माले के प्रखंड सचिव कामरेड दिलीप गुप्ता, त्रिभुवन सिंह, राजेंद्र चेरों, गुपूत चेरों सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

श्री श्याम मंदिर 90 वां श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

। आओ आओ भोग लगाओ, बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी...इस भोग के भजन से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 90 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का भोग अर्पित करने का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान श्रवण जालान नेहा जालान एवम जालान परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। जालान परिवार ने खाटूनरेश को भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को जालान परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम

भंडारे का आयोजन किया जाता है । 90 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में वेज पुलाव मिक्स सब्जी केसरिया जलेबी बिस्किट का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया था। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई । खाटूनरेश की जय जयकारो जय घोष से संपूर्ण छेत्र गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच जालान परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 2500 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण जालान नेहा जालान मंटू जालान श्रवण ढानढनिया प्रदीप राजगढ़िया श्याम सुंदर शर्मा अनिल नारनोली स्नेह पोद्दार अनुज मोदी रमा सरावगी अन्नपूर्णा सरावगी स्नेहा पोद्दार अभिषेक गुप्ता तरुण शर्मा नकुल मुंडा कुमार पवन शर्मा अरविंद सोमानी सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया। मंगलवार 12 दिसंबर को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का अमावस्या महास्नान किया जाएगा।

डीसी ने रांची में चल रही परियोजनाओं का किया निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को नगड़ी स्थित नयासराय रेलवे क्रासिंग (जगरनाथपुर) में बन रहे एप्रोच सड़क, रांची रेलवे स्टेशन दूसरा पहुंच पथ परियोजना और सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक मेकॉन गोल चक्कर फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान चल रही परियोजनाओं के काम में तेजी लाते हुए ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजना ससमय पूरा हो यह हमारी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वह लगातार निरीक्षण करते रहेंगे, जब तक सारी परियोजना पूरी नहीं हो जाती है। डीसी ने नगड़ी स्थित नया सराय रेलवे क्रॉसिंग जगरनाथपुर

रांची में बन रहे एप्रोच सड़क का निरीक्षण करने के दौरान कार्यपालक अभियंता को कहा कि यह सड़क अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। साथ ही यह रेलवे क्रॉसिंग मुख्य लाइन में आता है, यहां से प्रमुख ट्रेनें गुजरती है, जिस कारण यहां एप्रोच सड़क का निर्माण कार्य जल्दी पूरा कराना जरूरी है। यह सड़क महत्वपूर्ण इमारत जैसे-उच्च न्यायालय, विधानसभा, प्रोजेक्ट बिल्डिंग आदि को जोड़ती है। इसलिए इसे मार्च 2024 के अंत तक पूरा कर लें। डीसी ने रांची रेलवे स्टेशन दूसरा एप्रोच रोड जो नेपाल हाउस के पास शहीद गोरखा चौक से शुरू होकर रांची रेलवे स्टेशन के पीछे तक प्लेटफॉर्म नंबर-5 तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण क्रम में डीसी ने राजेंद्र चौक से महात्मा गांधी रोड से पंचवटी चौक पुल निर्माण और सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी को ससमय इसे पूरा करने का निर्देश दिया। डीसी ने सिरमटोली फ्लाईओवर का निरीक्षण करते हुए यहां की कार्य प्रगति के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि फ्लाईओवर के निर्माण से शहर में जाम की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। इस दौरान कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग ने डीसी से तीनों परियोजना में संरचना हटाने के लिए दंडाधिकारी नियुक्त करने का निवेदन किया, ताकि निर्माण कार्य में और तेजी लायी जा सके।

पैन व आधार कार्ड देकर दोस्त ने निकाल लिया तीन लाख का लोन, केस दर्ज

रांची। चिरौंदी के संदीप कुमार चक्रवर्ती का आधार व पैन कार्ड के माध्यम से उनके नाम पर करीब तीन लाख रुपए का लोन निकाल लिया गया। इसकी जानकारी उन्हें तीन दिसंबर को तब हुई, जब उनके मेल में लोन की निकासी किए जाने का मैसेज आया। इसके बाद संदीप ने गुरुवार को बरियातू थाने में परिचित बोकारो के चास निवासी सूरज कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। संदीप की ओर से दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि आरोपी सूरज ने डीएमआई फाइनांस प्राइवेट लिमिटेड को उनका कागजात दिया और खाता नंबर अपना दिया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। संदीप ने पुलिस को बताया कि वह एक फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेंटेटिव के पद पर कार्यरत है। वहीं आरोपी की चास में एक कपड़े की दुकान है। आरोपी से उसका काफी अरसे से जान पहचान है।

एचईसी के आठ श्रमिक संघों ने सरयू राय को मजदूरों की आवाज बनने का किया अनुरोध, सौंपा मांग पत्र

रांची। एच.ई.सी. बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के संयुक्त बैनर तले एच.ई.सी. के आठ श्रमिक संघ जिसमें हटिया मजदूर युनियन (सीटू), हटिया मजदूर लोकमंच, हटिया प्रोजेक्ट वकर्स यूनियन (इंटक) एच.ई.सी.लि. श्रमिक कर्मचारी यूनियन, हटिया कामगार यूनियन (एआईटीयूसी) एच.ई.सी. श्रमिक संघ, जनता मजदूर यूनियन, एच.ई.सी. सप्लाई संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने जमशेदपुर के विधायक, सरयू राय से आज दोपहर उनके सरकारी आवास में मिले। सभी श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधियों ने श्री राय को अपनी पीड़ा बताई और अपने संघर्ष में मजदूरों की आवाज बनने के लिए अनुरोध किया। सरयू राय ने एच.ई.सी. बचाओ मजदूर जनसंघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उनसे कहा कि आपकी मांगे वाजिब है और मजदूरों को उनका हक दिलाने हेतु मैं हरसंभव प्रयास करूंगा।

सीएनआई हॉली ट्रिनिटी चर्च कडरू पेरिश की ओर से खूंटी में लगाया गया सहायता शिविर

रांची। सीएनआई हॉली ट्रिनिटी चर्च कडरू पेरिश की ओर से शनिवार को खूँटी के सुदूर गांव सैदबा डौडीह में सहायता शिविर लगाया गया । इस शिविर में तीन गांव के सौ परिवारों को अनाज, कंबल एवं वस्त्र प्रदान किये गये। अनाज के रूप में आटा, तेल, दाल, चीनी, बिस्कुट, साबुन, नमक, चायपत्ती आदि प्रदान किये गये। साथ ही बच्चों से लेकर बड़ों तक के बीच वस्त्रों का वितरण किया गया। शिविर को सफल बनाने में रेव्ह सिकन्दर नाग, प्रवीण तिर्की, अनहिरण कुजूर, मनोज तिग्गा, अनुज तिग्गा, मनोहर तोपनो, नोवेल कच्छप, जसमीन टोप्पो, स्नेहलता कुजूर, मेडलीन तिर्की, रीता हेमरोम, माइकल पन्ना आदि पेरिश सदस्यों का मुख्य योगदान रहा।

दूसरी साउथ एशियन नाइन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने पर आशीष उरांव का स्वागत

रांची। दूसरी साउथ एशियन नाइन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 03/12/2023 से 05/12/2023 तक पोखरा नेपाल में नाइन ए साइड फुटबॉल फेडरेशन ऑफ नेपाल के द्वारा आयोजित थीं जिसमे एशिया के 6 टीम ने भाग लिया था जिसमे भारत, नेपाल, भूटान, बंगलादेश, श्रीलंका एवं मलेशिया जिसमें भारत टीम में गुमला जिला के घाघरा प्रखण्ड के आशीष उरांव सामिल थे इस प्रतियोगिता में भारत को फाइनल मुकाबले में नेपाल से 03-02 से पराजित हो कर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ आशीष उरांव के झारखंड लौटने पर रांची रेलवे स्टेशन में संघ एवं उनके अभिभावक के द्वारा बुके माला पहनाकर एवं मिठाई खिला कर भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर उनके अभिभावक एवं गांव वालो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी यह जानकारी झारखंड राज्य नाइन ए साइड फुटबॉल संघ के ब्रजेश गुप्ता ने दी।

24वीं सीनियर राज्य स्तरीय महिला/पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता 22 से 24 दिसंबर तक रांची में

रांची। 24वीं सीनियर झारखण्ड पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं महिला राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 2023 का आयोजन रांची जिला कुश्ती संघ एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के तत्वाधान में दिनांक 22 से 24 दिसंबर 2023 तक गणपतराय इंडोर स्टेडियम खेलगांव राँची मे आयोजित होना सुनिशित है। इस सीनियर राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखण्ड प्रदेश के सभी जिलों/इकाई से लगभग 240 महिला पहलवान, 480 पुरुष पहलवानों, तकनीकी पदाधिकारी प्रशिक्षक एवं टीम मैनेजर सहित कुल 800 प्रतिभागी/अधिकारी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उक्त प्रतियोगिता के आधार पर चयनित झारखंड के खिलाड़ी, दिनांक 02 से 05 जनवरी-2024, जयपुर (राजस्थान) में आयोजित सीनियर महिला/पुरूष राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखण्ड टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। सीनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शरीर भारवर्ग-: फ्री स्टाइलः- 57, 61, 65, 70, 74, 78, 86, 92, 97, 125 केज, ग्रीको रोमनः- 55, 60, 63 67, 72, 77 ,82, 87, 97, 130 केजी, महिला-50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72, 76 केज।

चैम्बर की स्वच्छ भारत व पौधरोपण उप समिति की बैठक

रांची। शनिवार को झारखण्ड चैम्बर की स्वच्छ भारत व पौधरोपन उप समिति की बैठक चैम्बर भवन में उप समिति चेयरमैन किशन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि चैम्बर व्यवसाय एवं उद्योग के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी रूचि रखता है जिसके अंतर्गत उप समिति द्वारा लगातार पिछले 23 वर्षों से पर्यावरण प्रदुषण की समस्या के निदान के लिए पौधरोपण स्वच्छता इत्यादि पर कार्य किया जा रहा है, इससे लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आई है। पूरे झारखण्ड के लोगों के द्वारा मानसून में बहुत जोरों से पौधरोपण किया जाता है यह अच्छा संकेत है। क्योंकि वृक्षों से हरियाली प्रकृति में ऑक्सीजन की मात्रा बढती है और पत्ता कार्बनडाईऑक्साइड को सोखती है। उप समिति लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है जाड़ा, गर्मी, बरसात तीनों ही मौसम में फलदार एवं छायादार पौधरोपण कर देख रेख एवं सिंचाई करती है। आज की बैठक में चैम्बर के महासचिव परेश गट्टानी, उप समिति चेयरमैन किशन अग्रवाल, सदस्य आनंद जालान, अनिश सिंह, जसविंदर सिंह, परमजीत सिंह चाना, सुनील कुमार अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

दो दिवसीय झारखंड स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप शुरू

नवीन मेल संवाददाता। रांची

दो दिवसीय झारखंड स्टेट ओपन कराटे चैंपियनशिप शनिवार को हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम, खेल गांव, रांची में प्रारंभ हुआ । उद्घाटन स्पोर्ट्स कराटे ऐसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष हांशी मानस सिन्हा द्वारा किया गया।इस मैके कराटे से जुडे विभिन्न स्टाइल के झारखंड प्रमुख उपस्थित हुए। चैंपियनशिप को संचालन करने में सीईओ सेंसाई के के सिंह ,सेंसाई हेजाज अकसद ,सेंसाई सेंसाई नरेन्द्र सिन्हा, सेंसाई रंजीत मेहता, सेंसाई संजय सोनकर , सेंसई संजय मिश्रा,सेंसाई श्रावण साहु, सेंसाई पंकज सिंह निभा रहें है।मुख्य रुप से न्यूज लिखे जाने तक आज के हुए प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गो का परिणाम इस प्रकार है।

गोल्ड मेडल : पलक गुप्ता, आस्था कुमारी, सुप्रिया कुमारी, भौणी कुमारी, काशवी कस्यप,आस्था कुमारी, कनिष्का सिंह, मंशी सिंह, अमन उरांव, तेजस्विनी मेहता, आयुषी मिश्रा, वैभवी पांडे शामिल हैं।

सिल्वर मेडल। कसावी मेहता, सताक्षी मिश्रा, अंजली कुमारी, आराध्या शर्मा, खुशी सिन्हा, आयुषी मिश्रा, श्रीणिका सिंह, अमन शामिल हैं।

न्याय देने में नाकाम हो रहीं फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतें

यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को है न्याय का इंतजार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

केंद्र सरकार की तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में 2,43,237 मामले लंबित थे। अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में कम से कम नौ साल का समय लगेगा। झारखंड की बात करें तो यहां पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में तकरीबन 10 साल का वक्त लगेगा। साथ ही 2022 में देश में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। ये चौंकाने वाले तथ्य इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) की ओर से जारी शोधपत्र जस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज से

उजागर हुए हैं। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन और हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि देने के बावजूद इस शोधपत्र के निष्कर्षों से देश के न्यायिक तंत्र की क्षमता और दक्षता पर सवालिया निशान उठ खड़े होते हैं। शोधपत्र के अनुसार झारखंड की पॉक्सो अदालतों में जनवरी 2023 तक 4,408 मामले लंबित हैं। इस हिसाब से सभी पीड़ित बच्चों को 2033 तक ही न्याय मिल पाएगा। शोधपत्र आगे कहता है कि मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, बिहार को 26, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों जैसी विशेषीकृत अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। इनका गठन 2019 में किया गया और भारत सरकार ने हाल ही में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में इसे 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपए की बजटीय राशि के आबंटन को मंजूरी दी है। इन फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि वे इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लेंगी लेकिन इन अदालतों में आए कुल 2,68,038 मुकदमों में से महज 8,909 मुकदमों में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया। इसका अर्थ यह है कि एक मुकदमे के निपटारे पर नौ लाख रुपए का खर्च आया।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव के विजेता हुए पुरस्कृत

पांच प्रतियोगिताओं में शामिल हुए थे 385 युवा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवह्न पर आजादी के अमृत काल के वर्ष में पंच प्रण तथा इंडिया @ 2047 के तहत नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का समापन हो गया। रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत नेहरू युवा केंद्र संगठन, की राज्य निदेशक हनी सिन्हा ने सभी के स्वागत के साथ की। हनी सिन्हा ने बताया की प्रतियोगिताओं में भाग लिए प्रतिभागियों द्वारा अपनी प्रतिभाओं की अभिव्यक्ति चित्रकला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता, फोटोग्राफी तथा भाषण के माध्यम से की। इनके माध्यमों से प्रतिभागियों ने जी 20, बुलेट ट्रेन, वंदे भारत ट्रेन, चंद्रयान

मिशन, सैनिकों, किसानों, शिक्षा को महत्व, स्वतंत्रता सेनानी, धार्मिक सद्भावना, ऐतिहासिक धरोहरों को बचाना, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, स्वच्छ भारत अभियान, केंद्र में संविधान, प्रधानमंत्री के पंच प्रण, अर्थव्यवस्था में ग्रोथ, औधोगिक ग्रोथ, सशक्त सैन्य सुरक्षा बल, पर्यावरण, जलशक्ति, झारखंड के क्रांतिवीर सिद्धू कान्हू, बिरसा मुंडा, झारखंड का प्रकृतिक सौन्दर्य, खनिज सम्पदा, सांस्कृतिक सौन्दर्य इत्यादि को दिखाया गया। इसके अतिरिक्त फोटोग्राफी के माध्यम से प्रतिभागियों ने ब्लैक एवं व्हाइट बैकग्राउंड के साथ बादल, स्ट्रीट तथा अपने एडिटिंग वीजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़े बड़े फोटोग्राफरों के पास ऐसा वीजन नहीं होगी। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कहा की भारत पंच प्रण को आत्मसात करते हुए युवा पीढी भारत को 2047 में एक विकसित देश के रूप में स्थापित करें। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि बच्चे अपने घर से ही सीखते है। युवाओं को नए भारत के लिए तैयार होना होगा। झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति टी. एन. साहू ने कहा की नेहरू युवा केंद्र संगठन युवाओं में नई ऊर्जा डालने का काम करता है। रांची के विधायक सीपी सिंह ने प्रधानमंत्री के 15 नवंबर के दिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातू दौरे को एक ऐतिहासिक दिन बताया। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने सभी प्रतियोगिताओं के जजों को अंग वस्त्र, पौधा तथा मोमेंटों देकर सम्मानित किया। विजेताओं की घोषणा मंच संचालक डॉ. कमल कुमार बोस द्वारा की गयी।

बीएसएनएल कर्मी के घर का ताला तोड़कर दो लाख के जेवरात ले उड़े चोर

रांची। बीएसएनएल कर्मी सुनील कुमार के मोरहाबादी कुसुम विहार कॉलोनी स्थित फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने दो लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। इस संबंध में सुनील ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सुनील ने पुलिस को बताया कि वह मोरहाबादी सूधा इनक्लेव स्थित फ्लैट में परिवार के साथ रहते हैं। वह चार दिसंबर को अपने बीएसएनएल कार्यालय में चला गया था। वहीं पत्नी और बच्चे स्कूल चल गए थे। फ्लैट में ताला लगा हुआ था। दिन के साढ़े बारह बजे जब पत्नी बच्चे के साथ लौटी तो देखा कि उनके फ्लैट का मुख्य द्वार टूटा हुआ है। अलमीरा का लॉकर टूटा हुआ था। लॉकर में रखे 15 पीस सोने की अंगुठी, हार, मंगटीगा, कान के जेवरात समेत अन्य चीजें गायब थी। इसके बाद वह बरियातू थाने पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

मुस्लिम लॉ में उत्तराधिकारी एवं परिवारिक विवाह पर सेमिनार 13 दिसंबर को

झारखंड के सभी जिलों से अधिवक्ता व बुद्धिजीवी होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वाधान में दिनांक 13 दिसंबर 2023 को 5:30 बजे शाम से गोस्सनर कॉलेज थियोलॉजिकल हाल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। जिसका विषय है मुस्लिम लॉ में उत्तराधिकारी एवं परिवारिक विवाह₹। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉक्टर एसएन पाठक होंगे। जिसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष हजरत मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी करेंगे। एवं विशिष्ट अतिथि एक्स आई एस एस के निदेशक मरियानुस कुजूर होंगे। उक्त जानकारी आज अंजुमन मीडिया हॉल में प्रोग्राम के कनवीनर अधिवक्ता ए अल्लाम, को कनवीनर मुमताज खान ने दी। वह शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर

बताया कि इस कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉक्टर मजीद आलम, एवं कन्वीनर अधिवक्ता ए आलम होंगे। इस सेमिनार में मुस्लिम लॉ में विरासत कानून पर विचार विमर्श और व्याख्यान होगा। जिसमें झारखंड के वरीय अधिवक्ता, न्यायाधीशगण, न्यायविद एवं काजी साहब भाग लेंगे। और लोगों को जानकारी देंगे। साथ ही यह बताया जाएगा कि लोगों में मोहम्मडन लॉ के बारे में जो फैली भ्रांति है उसे दूर किया जाएगा। आज के प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय के ए अललाम,को कनवीनर मुमताज अहमद खान, एके रसीदी, रियाज शरीफ सचिव, के अलावा अधिवक्ता अजहर खान, अधिवक्ता हाफीजुद्दीन अंसारी, अधिवक्ता मजहरूल हक, अधिवक्ता अब्दुल रऊफ अंसारी, अधिवक्ता गुफरान खान, अधिवक्ता हिमायू रशीद, अधिवक्ता सलीम इब्राहिम खान, अधिवक्ता नसर इमाम, अधिवक्ता सुल्तान खान, अधिवक्ता शीश आलम, अधिवक्ता अजहर खान, अधिवक्ता हैदर अली, अधिवक्ता विजल रहमान, अधिवक्ता मोहम्मद तबरेज, अधिवक्ता महफूज आलम, समेत कई लोग थे।

एक नजर इधर भी

जलवायु परिवर्तन व भारत के प्रयास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्फिनिटी फोरम के दूसरे संस्करण के संबोधन में जलवायु परिवर्तन पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन भी एक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के कारण भारत इन चिंताओं को कम नहीं आंकता है। इसको लेकर भारत सचेत है। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी दुबई में इस मसले पर हो रहे मंथन के दौरान आई है। खास बात यह है कि वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन सीओपी28 में इस मामले में भारत के प्रयासों की तारीफ की गई है। सम्मेलन में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में इस साल पिछली बार की तुलना में एक पायदान ऊपर (सातवें स्थान) पहुंच गया और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शुमार है। यह रिपोर्ट शुक्रवार को जारी की गई। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक तैयार करने के लिए 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु शमन प्रयासों की निगरानी की गई। यह देश दुनियाभर में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन करते हैं। सूचकांक में भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा उपयोग श्रेणियों में उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई है। यह अलग बात है कि रिपोर्ट में जलवायु नीति और नवीकरणीय ऊर्जा में पिछले वर्ष की तरह मध्यम रैंकिंग मिली है। महत्वपूर्ण यह है कि सूचकांक में कहा गया है कि भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, लेकिन यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। सूचकांक पर आधारित यह रिपोर्ट कहती है, 'हमारा डेटा दिखाता है कि प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस श्रेणी में, देश दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के मानक को पूरा करने की राह पर है। हालांकि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में थोड़ा सकारात्मक रुझान दिखता है, लेकिन यह रुझान बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रहा है।' जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत स्पष्ट दीर्घकालिक नीतियों के साथ अपने राष्ट्रीयस्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने की कोशिश कर रहा है। यह नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और नवीकरणीय ऊर्जा घटकों के घरेलू विनिर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने पर केंद्रित है। इसके बावजूद, भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतें अभी भी तेल और गैस के साथ-साथ कोयले पर भारी निर्भरता से पूरी हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने दुबई पहुंचे जर्मनी के नेता और यूरोपीय संसद के सदस्य पीटर लीसे ने भारत के संदर्भ में अहम टिप्पणी कर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा है कि भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन बेहद कम है। इसलिए भारत को चीन और अमेरिका जैसे देशों के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। उन्होंने भारत के पक्ष में एक बात यह भी कही कि जब जर्मनी में लोगों के पास दो कार हैं, तो भारतीयों के पास भी एक कार तो होनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन कम होने के बावजूद इस सम्मेलन में भारत को अमेरिका जैसे प्रमुख उत्सर्जकों के साथ जोड़ने के ठोस प्रयास किये गये हैं। यूरोप में तमाम लोग चीन और भारत को और कभी-कभी खाड़ी देशों को एक ही नजर से देखते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह नजरिया पूरी तरह अस्वीकार्य है। इन देशों की तुलना में भारत में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन बहुत कम है। इस हफ्ते की शुरूआत में जारी वैश्विक वैज्ञानिकों की एक टीम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन पिछले साल लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर दो टन कार्बन डाइऑक्साइड तक पहुंच गया, लेकिन यह अब भी वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। इस रिपोर्ट में चेताया गया है कि अमेरिका प्रति व्यक्ति उत्सर्जन चार्ट में शीर्ष पर है। अमेरिका का प्रत्येक व्यक्ति 14.9 टन सीओ 2 उत्सर्जित करता है। इसके बाद रूस (11.4), जापान (8.5), चीन (8), और यूरोपीय संघ (6.2) हैं। दरअसल औसत तापमान, बारिश, बर्फबारी आदि मौसम के विभिन्न आयामों में होने वाले दीर्घकालिक परिवर्तन को जलवायु परिवर्तन कहते हैं। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से धरती के तापमान में होने वाली बढ़ोतरी बारिश की औसत मात्रा में बदलाव लाती है। इससे समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हो जाती है।

■ मुकुंद

मानवाधिकार महज एक मजाक बनकर न रह जाये

विश्व युद्ध, आतंकवाद एवं असंतुलित समाज रचना की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस करने की दृष्टि से संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने विश्व मानवाधिकार दिवस घोषित किया। प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक 'मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा है, इस वर्ष उसकी 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम 'सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय' है, जो मानव के अस्तित्व एवं अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के संकल्प को बल देता है। किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है- मानवाधिकार। यह दिवस एक मील का पत्थर है, जिसमें समृद्धि, प्रतिष्ठा, न्याय एवं शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित होती है। विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारी, आवास, संस्कृति, खाद्यान्न व मनोरंजन से जुड़ी मानव की बुनियादी मांगों से संबंधित है। विश्व के बहुत से क्षेत्र गरीबी से पीड़ित है, जो बड़ी संख्या वाले लोगों के प्रति बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है। उन क्षेत्रों में बच्चे, वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के बुनियादी हितों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा नस्लवादी भेद मानवाधिकार कार्य के विकास को बड़ी चुनौती दे रहा है। इसी तरह आदिवासी एवं दलितों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार भी मानवाधिकार का बड़ा मुद्दा है। महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़नाएं भी मानवाधिकार के सम्मुख बड़े संकट हैं। बात पेट जितनी पुरानी और भूख जितनी नई है 'मानवाधिकार' की। दुनिया में जहां-जहां भी संघर्ष चल रहे हैं, चाहे सत्ता परिवर्तन के लिए हैं, चाहे अधिकारों को प्राप्त करने के लिए, चाहे जाति, धर्म और रंग के लिए वहां-वहां मानवाधिकारों की बात उठाई जाती रही है। हमारे देश में भी वक्त चाहे राजशाही का था, चाहे विदेशी हुकूमत का और चाहे स्वदेशी सरकार का हर समय किसी न किसी हिस्से में संघर्ष चलते रहते हैं। डेढ़ सौ करोड़ के देश में विचार फर्क और मांगों की लंबी सूची का होना स्वाभाविक है। भारतीय संविधान मानवाधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले के लिये कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं, जैसे- बाल मजदूरी, एचआईवी, एड्स, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार आदि। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मानवाधिकारों के लिये सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा भी कि एक ऐसे समय में जब पूरी दुनिया विश्व युद्ध की हिंसा में झुलस रही थी, भारत ने पूरे विश्व को 'अधिकार और अहिंसा' का मार्ग सुझाया। भारत आत्मवत सर्वभूतेषु के महान आदर्शों, संस्कारों और विचारों को लेकर चलने वाला देश है। आत्मवत सर्वभूतेषु यानि जैसा मैं हूं वैसे ही सब मनुष्य हैं। मानव-मानव में, जीव-जीव में भेद नहीं है। भारत ने लगातार विश्व को समानता और मानव अधिकारों के जुड़े विषयों पर नया विजन दिया है। बीते दशकों में ऐसे कितने ही अवसर विश्व के सामने आये हैं, जब दुनिया भ्रमित हुई है, भटकी है। लेकिन भारत मानवाधिकारों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है, संवेदनशील रहा है। निश्चित ही नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर चल रहा है। ये एक तरह से मानव अधिकार को सुनिश्चित करने की ही मूल भावना है। तमाम प्रयासों के बावजूद मानव अधिकारों के हनन में हमारा देश पीछे नहीं है। आजादी के इतने सालों बाद भी बंधुआ मजदूरी को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सका है। बाल मजदूरी जो एक मासूम की जिंदगी के साथ खिलवाड़ है, वह भी खुलेआम होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी आज भी मुंह बाए खड़ी हैं। रोटी, कपड़ा और मकान जो लोगों की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं वे भी हमारी सरकार पूरी नहीं कर पा रही हैं। शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, रोजगार का अधिकार, स्वच्छ जीवन का अधिकार- ये सभी बुनियादी अधिकारों का हनन होना आज के तिथि में एक घिनौना पाप है, त्रासदी है, विडम्बना है। अगर आज भी हमारे देश के लोगों को जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम पर, भाषा के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है तो लानत है इस देश के लोगों पर और यहाँ की सरकार पर। सरकारें यदि ईमानदारी से प्रयत्न करती तो इन समस्याओं को सालों पूर्व खत्म कर सकती थी लेकिन नहीं, सरकार और सरकार में बैठे उनके अफसर इनके अधिकारों की रक्षा नहीं करते बल्कि अधिकतर मामलों में अत्याचारियों, बाहुबलियों, अमीरों का साथ देकर बेबस और लाचार लोगों पर बर्बर व्यवहार करते हैं। आज भी देश में बहुत सारे ऐसे जगह हैं जहाँ लोग खुलकर साँस भी नहीं ले पा रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या एक मानवाधिकार की बड़ी समस्या है। इलाज के नाम पर एवं शिक्षा के नाम पर जो लूट-खसोट सरेआम होती है, वह भी मानवाधिकार का खुला उल्लंघन है। जनता हर दिन राज्य के पुलिस और सैनिकों के मनमाने उपद्रवों की शिकार हो रही हैं। मानव अधिकारों के साथ उनके कर्तव्य भी जुड़े होते हैं, उनका भी पालन अतिआवश्यक है। विश्व मानवाधिकार दिवस इन्ही मानवीय अधिकारों को बरकरार रखने और उनके हनन के खिलाफ आवाज बुलंद करने का सशक्त माध्यम है।

हमारे देश में भी वक्त चाहे राजशाही का था, चाहे विदेशी हुकूमत का और चाहे स्वदेशी सरकार का हर समय किसी न किसी हिस्से में संघर्ष चलते रहते हैं। डेढ़ सौ करोड़ के देश में विचार फर्क और मांगों की लंबी सूची का होना स्वाभाविक है। भारतीय संविधान मानवाधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले के लिये कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया।

इन दिनों



ललित गर्ग

यौन शोषण पीड़ित बच्चों को कब मिलेगा न्याय?

केंद्र सरकार की तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में 2,43,237 मामले लंबित थे। अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाय तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में कम से कम नौ साल का समय लगेगा। अरुणाचल प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में 25 से ज्यादा साल तक का समय लग सकता है। साथ ही 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। ये चौंकाने वाले तथ्य विधि एवं कानून मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर केंद्रित इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) की ओर से जारी शोधपत्र 'जस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज' में उजागर हुए हैं। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिये फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन और हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि देने के बावजूद इस शोधपत्र के निष्कर्षों से देश के न्यायिक तंत्र की क्षमता और दक्षता पर सवालिया निशान उठ खड़े होते हैं। शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जायेंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों जैसी विशेषीकृत अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। इनका गठन 2019 में किया गया और भारत सरकार ने हाल ही में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में इसे 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपये की बजटीय राशि के आबंटन को मंजूरी दी है। इन फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि वे इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लेंगी लेकिन इन अदालतों में आये कुल 2,68,038 मुकदमों में से महज 8,909 में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया। इसका अर्थ यह है कि एक मुकदमे के निपटारे पर नौ लाख रुपये का खर्च आया। शोधपत्र के अनुसार, 'प्रत्येक विशेष अदालत से हर तिमाही 41-42 और साल में कम से कम 165 मामलों के निपटारे की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन आंकड़ों से लगता है कि गठन के तीन साल बाद भी ये विशेष अदालतें अपने तय लक्ष्य को हासिल करने में विफल रही हैं।' सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए शोधपत्र आगे कहता है कि बाल विवाह बच्चों के साथ बलात्कार है। उधर, वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि देश में रोजाना 4,442 नाबालिग लड़कियों को शादी का जोड़ा पहना दिया जाता है। इसका मतलब यह है कि देश में हर मिनट तीन बच्चियों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है जबकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की हालिया रिपोर्ट कहती है कि देश में बाल विवाह के रोजाना सिर्फ तीन मामले दर्ज होते हैं। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड के संस्थापक भुवन ऋभु ने बाल विवाह को रोकने के लिए देश में मजबूत नीतियों, कड़े कानूनों और पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद सजा की मामूली दरों को गंभीर चिंता का विषय करार दिया। भुवन ऋभु ने कहा, 'कानून की भावना को हर बच्चे के लिए न्याय में रूपांतरित होने की जरूरत है। अगर बच्चों के यौन शोषण के आरोपियों में महज तीन प्रतिशत को ही सजा मिल पाती है तो ऐसे में कहा जा सकता है कि कानूनी निरोधक उपाय नाकाम हैं। अगर पीड़ित बच्चों को बचाना है तो सबसे जरूरी चीज यह है कि बच्चों और उनके परिवारों की सुरक्षा की जाए, उनके पुर्नवास और क्षतिपूर्ति के इंतजाम किये जाएं और पूरा न्यायिक तंत्र निचली अदालतों से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जैसी ऊपरी अदालतों तक मुकदमे का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करे।' यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को एक समयबद्ध और बच्चों के प्रति मैत्रीपूर्ण तरीके से न्याय दिलाना सुनिश्चित करने और लंबित मामलों के निपटारे के लिए आईसीपीएफ ने कई अहम सिफारिशें की हैं।

शोधपत्र के अनुसार, 'प्रत्येक विशेष अदालत से हर तिमाही 41-42 और साल में कम से कम 165 मामलों के निपटारे की उम्मीद की जा रही थी। गठन के तीन साल बाद भी ये विशेष अदालतें अपने तय लक्ष्य को हासिल करने में विफल रही हैं।' सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए शोधपत्र आगे कहता है कि बाल विवाह बच्चों के साथ बलात्कार है।

■ विनायक दास

है न विचित्र बात !

कहां गये वे पुश्तैनी फैमिली डॉक्टर

अगर आपकी उम्र 45-50 साल से अधिक होगी तो आपको याद होगा कि पहले हर शहर की हर कॉलोनी में वे डॉक्टर प्रैक्टिस करते थे, जिन पर सैकड़ों परिवार भरोसा रखते थे। वे परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर उसके पास तुरंत चले जाते थे। वे डॉक्टर रोगी का कायदे से इलाज करते थे क्योंकि, वे रोगी को पहले से ही अच्छी तरह से जानते थे। वह रोगी की सारी व्यथा को सुनने के बाद सही दवाई बताता था। क्योंकि उसे रोगी के परिवार के हरेक सदस्य के बारे में विस्तार से जानकारी हुआ करती थी। बहुत अवसरों पर तो इनमें पारिवारिक संबंध भी हुआ करते थे। उसे ही कहा जाता था फैमिली डॉक्टर। अब फैमिली डॉक्टरों की संस्था लुप्त सी हो गई है। उनकी जगह ले ली है क्लिनिकों, नर्सिंग होम और बड़े अस्पतालों में बैठने वाले डॉक्टरों ने। उनका अपने किसी भी रोगी से कोई संबंध नहीं होता। वह फैमिली डॉक्टर से बिलकुल ही अलग होता है। फैमिली डॉक्टर को जब भी बुलाया जाता था तो वह अपना डॉक्टर का बैग लेकर मरीज के पास पहुंच जाता था। रोगी को देखने के बाद रोगी के घर में चाय-नाश्ता करने के बाद ही जाता। लेकिन, अब वह परंपरा पूरी तरह से खत्म हो गई है। बिहार के बेगूसराय में डॉ. अमृता सैकड़ों परिवारों की फैमिली डॉक्टर हुआ करती थीं। बीती दीवाली से पहले उनके निधन से उनके अनगिनत रोगी शोक में डूब गये। जानी-मानी गायनकोलॉजिस्ट डॉक्टर अमृता डेंगू संक्रमण का शिकार हो गयी। प्रतिभाशालिनी डॉक्टर थीं अमृता मैडम क सहृदय और संवेदनशील चिकित्सक थी। हरेक रोगी का पूरे मन से इलाज करती। डॉ. अमृता गरीब और दूरदराज से आये रोगियों को भी अपना समझकर इलाज करती थीं। उनके रोगी आज के दिन अपने को अनाथ महसूस कर रहे हैं। उनके लिए सांत्वना के कोई शब्द नहीं मिलते। नियति की क्रूरता का कोई उत्तर नहीं मिलता। वह सच में एक समर्पित फैमिली डॉक्टर थीं। श्रमिकों के शहर कानपुर के रहने वाले मित्र बताते हैं कि वहां पर कुछ साल पहले तक हर मोहल्ले में दो-तीन फैमिली डॉक्टर सक्रिय रहते थे। वे तेज बुखार, जोड़ों में भयंकर पीड़ा और शरीर के बाकी भागों में किसी तकलीफ की स्थिति में रोगियों का इलाज कर दिया करते थे। वे दवाएं लिखते और रोगी उन्हें लेने के बाद ठीक होने लगता। इतना बोल देते कि अगर दवा काम नहीं करेंगी तो तभी जांच करायेंगे। पर आमतौर पर फैमिली डॉक्टर की दवा लेने के बाद मरीज का बुखार उतर जाता, उल्टियां नहीं होती और बदन दर्द में भी आराम मिल जाता। राजधानी के करोल बाग में भी कुछ साल पहले तक डॉ. कुसुम जौली भल्ला नाम की एक मशहूर फैमिली डॉक्टर थीं। वह जनरल फिजिशयन के साथ-साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ थीं। उनके पास वेस्ट दिल्ली के बहुत सारे लोग आते। डॉ. कुसुम अपने रोगियों से पारिवारिक संबंध बना लेती। वह कथाकार भीष्म साहनी से लेकर न जाने कितने परिवारों की फैमिली डॉक्टर भी थीं। डॉ. कुसुम के रोगी उन्हें सुबह पार्क में ही घेर लेते थे। वहां पर रोगी और डॉक्टर के बीच संवाद चालू हो जाता और दवाई बता दी जाती। ये सिलसिला लगातार जारी ही रहता था। उनके क्लिनिक में 'तमस' जैसी कालजयी रचना के लेखक भीष्म साहनी भी आते थे। भीष्म साहनी की मृत्यु के बाद डॉ. कुसुम बेमन से ही कभी-कभार पार्क जातीं। अब उनका वक्त अपने मेडिकल सेंटर में ही बीतता। सुबह से शाम तक रोगी आते-जाते रहते। उनमें महिलाएं ही अधिक होतीं। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमडी करने के बाद डॉ.कुसुम ने 'अपना होप' नाम से क्लिनिक खोला था। उनका बांझ स्त्रियों के इलाज में महत्वपूर्ण शोध था। डॉ.कुसुम देश की उन पहली चिकित्सकों में थी, जिन्होंने सैकड़ों निःसंतान दम्पत्तियों को कृत्रिम गर्भाधान विधि से संतान सुख दिया था। वह महिला बांझपन के लक्षण, कारण, इलाज, दवा, उपचार पर निरंतर अपने रिसर्च पेपर देश-विदेश में होने वाले सम्मेलनों में प्रस्तुत कर ही रही थीं।

■ आर.के. सिन्हा

जो प्रतिपल विकसित होता है- वही ब्रह्म, वही शब्द

शब्द आत्म अभिव्यक्ति के उपकरण होते हैं। वे मन की बात कहने के माध्यम हैं। प्रत्येक शब्द का गर्भ होता है। इस गर्भ में शब्द का अर्थ छिपा होता है। शब्द अपने स्थान के अनुसार भी अर्थ बदलते रहते हैं। शब्द मुस्कराते हैं। कभी-कभी वे संकोची भी जान पड़ते हैं और कभी-कभी अपने अर्थ के प्रभाव में सबको आच्छादित भी करते हैं। शब्दों की अपनी महिमा है। प्रकृति सृष्टि का अपना संसार है। प्रकृति की अभिव्यक्ति सांसारिक रूपों में होती है। समृद्ध भाषाओं में प्रकृति की प्रत्येक अभिव्यक्ति के लिए अलग अलग शब्द हैं। कहना कठिन है कि शब्द के भीतर सारा संसार समाया हुआ है या संसार के भीतर सारे शब्द समाये हुए हैं। शब्द संसार के सभी रूपों के प्रतिनिधि हैं। शब्द हंसते हुए दुख और विषाद को कम भी करते हैं। हर्ष और विषाद भी शब्दों के माध्यम से प्रकट होते हैं। शब्द ज्ञानकोष के आज्ञाकारी जान पड़ते हैं। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान शब्दों में प्रकट हुआ है। इस तरह हमारे सामने दो संसार प्रकट होते हैं। एक संसार रूपों का और दूसरा संसार शब्दों का। कदाचित इसीलिए व्यास जी ने शब्द को ब्रह्म कहा। संस्कृत में ब्रह्म का अर्थ है सतत विस्तरमानता। जो प्रतिपल विकसित हो रहा है सतत विस्तारशील है वही ब्रह्म है। वही शब्द है। भारतीय संस्कृति का प्रचार व प्रसार संस्कृत की प्रचुर भाषा सम्पदा में हुआ। शब्द सरस्वती तट पर स्तुतिरूपा था। शब्द मंत्र था। शब्द मुद मोद प्रमोद का वाहक बना। चतुर्दिक शब्द। सामने शब्द, पीछे शब्द, दांए शब्द, बांए शब्द। शब्द आकाश का गुण है। शब्द आकाश में था। मंत्र रूप में परम व्योम में था। संप्रति शब्द सार्मथ्य घटी है। चर्चित राजनेता भी शब्द और अपशब्द का भेद नहीं करते। कुछ शील अश्लील में भी फर्क नहीं करते। समाज का वातावरण बिगड़ता है। सुन्दर शब्दों की तुलना में असुंदर शब्द प्रभावी होते जाते हैं। बुरा शब्द अच्छे शब्द को धकियाता है। अच्छा शब्द रिरियाते हुए धक्का खाकर पीछे चला जाता है। इंग्लैंड के अर्थशास्त्री ग्रेशम ने कहा था कि, 'खोटे सिक्के अच्छे सिक्कों को चलन से बाहर कर देते हैं।' अस्तित्व की तरह शब्द संसार भी लगातार विस्तीर्ण हो रहा है। पहले शब्दों की संख्या कम थी। धीरे-धीरे बढ़ती गई। अब विभिन्न भाषाओं में लाखों शब्द हैं। शब्द की जन्म तिथि का पता लगाना कठिन है। आदिम मनुष्य के पास भाषा नहीं थी और न ही समझ में आने वाली बोली। उस समय मनुष्य ने स्वयं को प्रकट करने की इच्छा की। अनुमान है कि संकेतों से मनुष्य ने अपने मित्रों के बीच अपना भाव प्रकट किया होगा। उंगली से संकेत करना, हाथों को हृदय पर रखना, मन की बात रखने के लिए कंधे उचकाना आधुनिक काल में बॉडी लैंग्वेज कहा जाता है। तो भी हाव भाव के माध्यम से पूरा अर्थ प्रकट करना कठिन था। तब मनुष्य का ध्यान प्रकृति के अंतसंगीत की तरफ गया होगा। कुछ ध्वनिमूलक संकेतों से बात आगे बढ़ी होगी। चार्ल्स डारविन ने ऐसे तथ्यों की ओर संकेत किया है। ध्वनियों के संयोजन से संगीत का जन्म हुआ होगा और शब्दों के संयोजन से गीतों का जन्म। दुनिया के सारे गीत शब्दों से बनते हैं और संगीत ध्वनि संयोजन से। इसीलिए संगीत का अर्थ नहीं होता और गीत का अर्थ होता है। जहां-जहां अर्थ वहां-वहां शब्द। जहां-जहां शब्द वहां-वहां अर्थ। अथर्ववेद के एक सुन्दर मन्त्र में सरिताओं से कहा गया है, 'हे सरिताओं आप नाद करते हुए बहती हैं इसलिए आप का नाम नदी पड़ा है।' पहले जल प्रवाह फिर जल प्रवाह की ध्वनि और उसका नाद फिर जल तरंग की अनुभूति और फिर नदी। मनुष्य की तरह नदियां भी प्रसन्न या उदास होती हैं। मनुष्य नदियों को प्रसन्न बहते हुए देखते हैं। शब्द भी प्रसन्न होते हैं। शब्द प्रसन्नता के इस प्रवाह से काव्य का जन्म होता है। यहां भी शब्द की महत्ता है। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान और दर्शन शब्द के माध्यम से सार्वजानिक सम्पदा बना है। शब्द वस्तुतः वाणी के अंश होते हैं। वाणी वाक्य है। शब्दों के अर्थपूर्ण संयोजन से वाक्य बनते हैं। वाक्य शक्ति हैं और वाणी उसका प्रकट रूप। कुछ शब्द स्वयं पूर्ण होते हैं। शब्द ब्रह्म हैं और उपनिषदों में ब्रह्म रस बताया गया है। रसो वै सह। कुछ शब्द नीरस भी होते हैं लेकिन अपने मूल स्वभाव से नीरस नहीं होते। उन्हें रसपूर्ण या नीरस बनाना शब्द प्रयोगकर्ता पर निर्भर है। सामान्यतः अर्थ और नाम ज्ञान के मौलिक आधार हैं। सभी रूप प्रकृति की अभिव्यक्ति हैं। उनका नामकरण मनुष्य का कौशल है। ऋग्वेद के ज्ञानसूक्त में कहा गया है कि, 'पहले रूपों के नाम रखे गये। विद्वानों ने सार असार को अलग किया।' सभी नाम शब्द हैं लेकिन सभी शब्द नाम नहीं हैं। शतपथ ब्राह्मण के रचनाकार ने वाणी को विराट कहा था। शब्द की देह अक्षर है। अक्षर अविनाशी है। इसलिए शब्द भी अमर हैं लेकिन शब्द भी मनुष्य की तरह बूढ़े होते हैं। शब्द भाषा की काया होते हैं। शब्द जीवन का प्रवाह हैं। प्रेम शब्दों में प्रकट होता है। अस्तित्व का रस भी शब्दों के माध्यम से मिलता है। जीवन की मधुमयता भी शब्दों में प्रकट होती है। मधु आपूरित शब्द जीवन को मधुमय बनाते हैं। नीरस व अप्रिय शब्द जीवन को आहत करते हैं। अथर्ववेद में मधुर शब्दों की इच्छा व्यक्त की गई है। ऋषि की प्रार्थना है कि, 'हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मध्य भाग मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम तेजस्वी वाणी भी मधुरता के साथ बोलें।' शब्द वस्तु या पदार्थ नहीं होते। वे अपना अर्थ ढोते हुए ध्वनि तरंगों से प्रकट होते हैं। अच्छा है कि शब्द पदार्थ नहीं होते वरना बड़ी कठिनाई होती। हम अपने मित्रों के साथ प्रायः 16-20 घंटे गप मारते हैं। शब्द प्रयोग करते रहते हैं। शब्द अगर पदार्थ होते तो उन्हें सुरक्षित रखने की जगह नहीं होती। शब्द पदार्थों का वर्गीकरण भी कठिन होता। सरस शब्द, नीरस शब्द, शालीन शब्द, क्रुद्ध और आक्रामक शब्द। मृदु और तिक्त शब्द आदि तमाम तरह के शब्द अलग रखने पड़ते और अपशब्द अलग। कभी कभी शब्दों अपशब्दों में लड़ाई होती। तब शब्द जीतता या अपशब्द कहना कठिन होता। गाली भी शब्दों से बनती है। संभवतः हिंसक उपायों से बचने के लिए कुछ समझदार विद्वानों ने शब्द को गाली बनाया था। शब्द बोलना आसान है। शब्द से गाली बनाना कठिन है। गाली के रचनाकारों के सामने चुनौतीपूर्ण स्थिति रही होगी। शब्द संयोजन में क्या जोड़ें? क्या घटाएं कि शब्द गाली बने। गालियां प्रायः सम्बंधित व्यक्ति के लिए नहीं होती। वे उसकी माता या बहन के विरुद्ध होती हैं। सम्बंधित व्यक्ति अपनी माता व बहन की आत्मीयता में कुपित होते हैं। लेकिन भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में विवाह आदि मांगलिक कार्यक्रमों में महिलाएं वर पक्ष को गलियां देती हैं। ये गलियां उत्तेजित नहीं करती। वातावरण को सरस करती हैं। दोनों पक्ष शब्दरस, शब्द मोद व शब्दलीला का आनंद लेते हैं। गाली वाले शब्द आनंद आपूरित करते हैं। शब्द आनंददाता हैं। ज्ञानवाहक हैं। दर्शन के साधक हैं।

कहना कठिन है कि शब्द के भीतर सारा संसार समाया हुआ है या संसार के भीतर सारे शब्द समाये हुए हैं। शब्द संसार के सभी रूपों के प्रतिनिधि हैं। शब्द हंसते हुए दुख और विषाद को कम भी करते हैं। हर्ष और विषाद भी शब्दों के माध्यम से प्रकट होते हैं। शब्द ज्ञानकोष के आज्ञाकारी जान पड़ते हैं। दुनिया का सारा ज्ञान विज्ञान शब्दों में प्रकट हुआ है। इस तरह हमारे सामने दो संसार प्रकट होते हैं। एक संसार रूपों का और दूसरा संसार शब्दों का। कदाचित इसीलिए व्यास जी ने शब्द को ब्रह्म कहा। संस्कृत में ब्रह्म का अर्थ है सतत विस्तरमानता।

■ हृदयनारायण दीक्षित

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

उत्तर और दक्षिण भारत के बीच महासेतु बनेगा रामोत्सव

लखनऊ। अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम के मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। इस समारोह के स्वर्णिम पलों को इतिहास के पन्नों पर दर्ज कराने के लिए योगी सरकार कई प्रकार के आयोजन में जुटी है। सरकार की ओर से श्रीराम मंदिर उद्घाटन से पहले पूरे देश को राममय करने की तैयारी भी है। इसमें रामचरण पादुका यात्रा निकालने के लिए वृहद स्तर पर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इस दौरान सांस्कृतिक झांकियों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए योगी सरकार डेढ़ करोड़ की धनराशि खर्च करेगी। इसके अलावा कई और विश्व रिकार्ड भी बनाने की तैयारी है। सांस्कृतिक विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन से पहले उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक पूरे देश को एकसूत्र में बांधते हुए रामचरण पादुका यात्रा निकलेगी।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सलियों ने की भाजपा नेता की हत्या

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने एक बार फिर भाजपा नेता की हत्या कर दी। नारायणपुर के छोटेडोंगर में मंदिर में पूजा करने गए भाजपा नेता पर नक्सलियों ने टंगिया से हमला कर दिया। जिससे मौके पर ही भाजपा नेता कोमल मांझी की मौत हो गई। इससे पहले नक्सलियों ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सागर साहू और रतन दुबे की हत्या की थी। लगातार हो रही हत्यायों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। नक्सलियों ने एक बार फिर भाजपा नेता की हत्या कीः जनपद सदस्य का पति और भाजपा नेता कोमल मांझी सुबह लगभग 10ः 30 गांव में स्थित शीतला मंदिर में दर्शन के लिए जा रहा था। इसी दौरान नक्सलियों की स्माल एक्शन टीम ने उसका रास्ता रोका और टंगिया मारकर उसकी हत्या कर दी।

मुजफ्फरपुर में 38 लाख लूट मामले में शक के दायरे में कर्मी

मुजफ्फरपुर। पिछले 7 दिसंबर को अहियापुर के सहबाजपुर में भारत फाइनेंस के कार्यालय से लूट की घटना मामले में पुलिस की जांच में तेजी आई है। हथियार के बल पर अपराधियों ने 38 लाख रुपये की लूट की थी। साथ ही कर्मी का मोबाइल भी लूट लिया गया था। अब लुटे गए मोबाइल लोकेशन के आधार पर लुटेरों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। जिला पुलिस की विशेष टीम ने शुक्रवार को मुजफ्फरपुर के कांटी और पूर्वी चंपारण के मेहसी, चकिया, मोतिहारी तक छापेमारी की। हालांकि देर रात तक टीम के हाथ खाली रहे। बताया जाता है कि 38 लाख रुपये लूटपाट के दौरान अपराधियों ने तीन कर्मियों का मोबाइल भी लूट था। अब यही मोबाइल पुलिस के लिए अहम सुराग के रूप में काम कर रहा है। दरअसल मोबाइल लूट की जानकारी पुलिस को कर्मियों ने देरी से दिया था, जिसके कारण अपराधियों को भागने में आसानी हुई।

कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां से मिले नोटों पर जीतन राम मांझी ने कहा

मोदी का राज है, कोई नहीं बच सकता

एजेंसी। पटना

झारखंड कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर शुक्रवार को आयकर विभाग की छापेमारी में 200 करोड़ से अधिक नकद मिले हैं। रुपयों की गड्डी अलमारी में भरकर रखी गई थी। आयकर विभाग ने यह छापेमारी झारखंड और ओडिशा के कई शहरों में की है। इतना नकद मिलने के बाद अब इस पर राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया भी सामने आने लगी है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने पीएम मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि यह मोदी का राज है, इसमें कोई भी भ्रष्टाचारी नहीं बच सकता है। जीतन राम मांझी ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिना नाम लिए हुए बिहार के महागठबंधन के नेताओं पर हमला किया है। जीतन राम मांझी ने लिखा, मोदी जी का राज है। झारखंड में तो

यह प्रोमो चल रहा है, जल्द ही बिहार में पूरी फिल्म चलेगी। जीतन राम मांझी ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा है- भाई ये कैश तो कुछ नहीं, बिहार में कई ऐसे हैं जिनके पास इससे कई गुणा ज्यादा माल है। वैसे भ्रष्ट नेताओं और नौकर शाहों को मैं बता दूं कि यह मोदी राज है। यहां गरीबों के घरों से लूटे हुए हर पैसे का हिसाब देना होगा।

बीजेपी ने सीएम नीतीश कुमार को घेरा : इस मामले पर बीजेपी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरने का काम किया है। बयान जारी करते हुए शनिवार को बीजेपी प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो गारंटी दे दी है कि जनता से लूटे पैसों का पाई-पाई हिसाब देना पड़ेगा। भ्रष्टाचार में डूबी कांग्रेस के लिए यह कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस के सांसद धीरज साहू लीकर किंग हैं। बिहार, झारखंड, ओडिशा में शराब का उनका दबदबा चलता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव उनसे मिले हुए हैं। कहा कि यह सारा पैसा 2024 के चुनाव में खपत होने वाला था।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिस्सा लेने आज पहुंचेंगे पटना

पटना। केंद्र सरकार के निर्देश पर क्षेत्रीय परिषद की पटना में आयोजित 26वीं बैठक में 10 दिसम्बर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आमने-सामने होंगे। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 10 दिसंबर को प्रस्तावित बैठक में बिहार सहित अन्य पड़ोसी राज्यों के विकास पर मंथन किया जायेगा। शाह की अध्यक्षता में संवाद कक्ष में दिन के दो बजे से बैठक शुरू होगी। केंद्रीय गृहमंत्री चार राज्यों के मुख्यमंत्री के साथ बैठक करेंगे। इसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक शामिल होंगे। बिहार सहित इन राज्यों में पूंजी के निवेश को आकर्षित करने, खेती-किसानी की दशा में सुधार, पड़ोसी देशों के साथ जुड़ी सीमा क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के निर्माण, राज्यों के बीच समन्वय एवं लंबित मामलों के निबटारे, नक्सलवाद के उन्मूलन सहित अन्य बिंदुओं पर केंद्रित चर्चा की जाएगी।

बिहार टॉपर घोटाले के मास्टरमाइंड बच्चा राय के ठिकानों पर छापा

जब्त जमीन पर बनवा रहा था स्कूल

एजेंसी। पटना

भारी सुरक्षा के बीच भगवानपुर के किरतपुर राजाराम स्थित आवास और कॉलेज पर ईडी के अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। ईडी द्वारा जब्त जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने के मामले में ईडी की टीम ने यह कार्रवाई शुरू की है। उस जमीन पर बच्चा राय स्कूल का निर्माण करवा रहा था। बताया जा रहा है कि टॉपर घोटाले में ईडी ने बच्चा राय की 42 डिसमिल जमीन को अटैच किया था और ईडी ने उस जमीन पर अपना बोर्ड भी लगाया था, लेकिन नियम कानून का उल्लंघन कर उस जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसको लेकर ईडी ने भगवानपुर थाना में बच्चा राय पर 18 नवंबर को केस भी दर्ज कराया था। अब यह छापेमारी उसी मामले की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक बच्चा राय के घर और कॉलेज में भारी मात्रा में कैश की भी बरामदगी हुई

है जिसके बाद नोट गिनने वाली मशीन मंगाई गई है जिससे पता चल सके की कितना कैश है। ईडी की यह कार्रवाई सुबह 8:30 बजे शुरू हुई है जो अभी तक चल रही है। बच्चा राय के घर, दफ्तर, कॉलेज और अन्य संपत्तियों पर ये रेड हो रही है। बता दें कि साल 2016 में बिहार में इंटर की परीक्षा में आर्ट्स विषय की टॉपर रूबी राय बनी थी। वो वैशाली के भगवानपुर में विशुन राय कॉलेज की छात्रा थी। टॉपर बनने के बाद विवाद होने पर बोर्ड ने उसके रिजल्ट को रद्द कर दिया था। रूबी राय से जब पूछा गया कि इस विषय में किस चीज की पढ़ाई होती है तो उसने इसके जवाब में कहा था कि इसमें खाना बनाने के बारे में पढ़ाया जाता है। इस टॉपर घोटाले में बच्चा राय का नाम सामने आया था जो रूबी राय के पिता थे। इसके बाद उनके कॉलेज पर भी छापेमारी हुई थी।

बीजेपी को वोट देने पर भाभी को देवर ने पीटा

पीड़ित मुस्लिम महिला को मिला सीएम का साथ

एजेंसी। सीहोर

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले की सीहोर विधानसभा में बीजेपी को वोट देने पर मुस्लिम महिला से हुई मारपीट के मामले में अब पीड़ित महिला को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का साथ मिल गया है। मुस्लिम महिला सीएम से मिलने सीएम हाऊस पहुंची। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुस्लिम महिला से कहा कि मेरी बहन तुम किसी बात की चिंता मत करना, तुम्हारा भाई सदैव तुम्हारे साथ है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर लिखा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए भाजपा को अपना मत देने पर मेरी एक बहन को उसके परिवार द्वारा प्रताड़ित करने का मामला मेरे संज्ञान में आया हैं। मैंने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित कर उचित कार्रवाई करने को कहा है। इसके साथ ही पीड़ित बहन को पूरी सुरक्षा व आर्थिक मदद भी दी जाएगी। मेरी बहन तुम किसी बात की चिंता मत करना, तुम्हारा भाई सदैव तुम्हारे साथ है।

बुजुर्ग पिता के साथ पहुंची थाने : सीहोर विधानसभा अंतर्गत बरखेड़ाहसन गांव निवासी महिला समीना बी पत्नी बब्लू खां अपने पिता के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची थी। उसने आवेदन सौंपकर बताया था कि ग्राम बरखेड़ा हसन ने बताया कि 4 दिसंबर सोमवार को करीबन शाम पांच बजे मैं और मेरे बच्चे कमल के फूल के जीतने की खुशियां मना रहे थे, इसी दौरान मेरा देवर जावेद खां पिता बहीद खां मुझसे बोला कि वोट तूने बीजेपी को क्यों दिया। मैंने कहा कि मेरी मर्जी में जहां वोट दूं। इसी बात पर गंदी गंदी गालियां देने लगा। मैंने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट करने लगा, तभी उसकी बीबी उजमा बी ने जावेद को डंडा पकड़ा दिया, जिसके बाद डंडे से जावेद ने मुझे मारा जिससे में बचाव बचाव चिल्लाने लगी तो मेरी आवाज सुनकर हमारे पड़ोस में रहने वाले पंडित विद्या सागर ने आकर बीच बचाव किया।

शिवराज से मिलते ही रोने लगी समीना

मध्य प्रदेश चुनाव के दौरान मुख्य मंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना से प्रभावित होकर भाजपा को वोट देने वाली एक मुस्लिम महिला समीना की उसके देवर ने पिटाई कर दी। जैसे ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को इस बात की जानकारी हुई, उन्होंने महिला से मुलाकात की। शिवराज सिंह चौहान से मिलते ही महिला रोने लगी। शिवराज सिंह चौहान ने महिला का ढांढस बंधाया। महिला के अनुसार भाजपा की जीत पर वह काफी खुश थी। उसके घर के आसपास भी लोग जश्न मना रहे थे। लेकिन उसके देवर को यह खुशी नहीं देखी गई। वह गुस्से में लाल हो गया और महिला की पिटाई शुरू कर दी। शिवराज सिंह चौहान ने महिला से बातचीत की है। समीना ने बताया, मैंने भाजपा को वोट दिया था इसलिए मेरे देवर जावेद ने नाराज होकर मेरे साथ मारपीट की। मैं भैया के साथ हूं, मैं उनको वोट दूंगी। महिला की शिकायत पर संज्ञान लिया गया है और इसमें आरोपी के खिलाफ के वीरुद्ध जांच शुरू हो गई हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से जनता को जोड़ने के मामले में यूपी नंबर वन

लखनऊ। विकसित भारत संकल्प यात्रा' में यूपी के नंबर वन होने का दावा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश में राज्य के सभी ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के खूंटी से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की शुरूआत की थी। अब तक देशभर में एक करोड़ से अधिक नागरिक इस अभियान से जुड़ चुके हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश में 37 लाख से अधिक लोग इसमें शामिल हो चुके हैं। ये सिलसिला हर नये दिन के साथ बढ़ता ही जा रहा है। दरअसल, 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' सरकार और जनता के बीच संबंधों को मजबूत आधार देने का सशक्त और परिवर्तनकारी अभियान बन चुका है। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लिए 'ऑन द स्पॉट' रजिस्ट्रेशन, ड्रोन दीदी अभियान के तहत ड्रोन वितरण, शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार खासकर महिला केंद्रित योजनाओं के लिए जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

सांसद दानिश अली को मायावती ने पार्टी से किया निलंबित

कांग्रेस से नजदीकी बनी वजह

एजेंसी। लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अपने सांसद दानिश अली को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में निलंबित कर दिया। बसपा सांसद दानिश अली को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। दानिश अली जिस तरीके से संसद में कांग्रेस के साथ खड़े नजर आए, सामने आ रहा है यही बात कार्रवाई की सबसे बड़ी वजह बनी है। बीएसपी ने कई बार दानिश अली को हिदायत दी थी और कहा था कि पार्टी उनके मुद्दे पर उनके साथ है, बावजूद दानिश अली लगातार कांग्रेस के साथ खड़े दिखाई दे रहे थे और कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी थी। उन्हें निकाले जाने की सबसे बड़ी वजह यही बताई जा रही है।

जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के खिलाफ धरने पर बैठे भाजपाई

वाराणसी। वाराणसी में शनिवार की दोपहर जिला मुख्यालय पर भाजपा के स्थानीय नेताओं और पार्षदों के साथ कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ धरना देकर प्रदर्शन किया। भाजपा नेता कमलेश झा ने बताया कि हम लोग झारखंड में कांग्रेस सांसद के घर और अलग-अलग ठिकानों से बरामद हुए काले धन के विरोध में प्रदर्शन के लिए एकत्र हुए हैं।

सीतामढ़ी में नकली नोट छापने वाले गिरोह का खुलासा

मशीन, पेपर और नकली नोट के साथ 4 अपराधी गिरफ्तार

एजेंसी। सीतामढ़ी

बिहार के सीतामढ़ी में नकली नोट छापने का मामले सामने आया है। जिला पुलिस ने नकली नोट छाप कर सप्लाई करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। मामले की जानकारी एसपी मनोज कुमार तिवारी ने अपने कार्यालय कक्ष में दी। एसपी ने कहा कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बड़े पैमाने पर नकली नोट छाप कर बाजार में सप्लाई की जा रही है। एसपी ने कहा कि नकली नोट छापने के मामले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।गिरोह का सरगना गिरफ्तार : एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि बेलसंड डीएसपी सोनल कुमारी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने परसौनी थाना क्षेत्र के भगवानपुर बाजार से रामजतन राय को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद रामजतन राय से जब पुलिस ने पूछताछ की तो एक चौंकाने वाला मामला सामने आया।

एसपी ने कहा कि रामजतन के पास से 100-100 के 25 बंडल नकली नोट बरामद किए गए। वहीं रामजतन की निशानदेही पर पड़ोसी जिला शिवहर से संजय कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

शिवहर में चल रहा था नकली नोट छापने का कारोबार : एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि पड़ोसी जिला शिवहर के पुरनहिया थाना क्षेत्र के अंशोगी छपरा गांव में नकली नोट छापने का कारोबार चल रहा था। जिसके बाद स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर वहां से नकली नोट छापने वाले पेपर, नकली नोट और मशीन को जब्त किया। पूछताछ में संजय ने बताया कि पड़ोसी देश नेपाल के संरलाही जिला के रहने वाला चंदन कुमार यहां मजदूरी का काम करता है, जो पड़ोसी देश नेपाल में कुख्यात है।

पड़ोसी देश नेपाल से जुड़ा है तार : एसपी ने बताया कि नेपाल पुलिस के दबाव में के कारण वह भारत में जाकर मजदूरी का काम करता है और यहीं से नकली नोट का कारोबार भी करता है।नेपाल पुलिस से संपर्क किया गया है नेपाल पुलिस ने बताया कि वह यहां के पुलिस के दबाव के कारण भाग गया है जल्दी चंदन की भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

गाजियाबाद में पिता-पुत्री लिफ्ट में फंसे, इमरजेंसी डोर बेल ने नहीं किया काम

गाजियाबाद। लिफ्ट में फंसने के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। ये मामले जानलेवा भी साबित हो रहे हैं और लोगों में काफी ज्यादा दहशत पैदा कर रहे हैं। ताजा मामला गाजियाबाद से आया है। जहां पर एक पिता-पुत्री लिफ्ट में फंस गए और इमरजेंसी डोर बेल ने भी काम नहीं किया। एक तेज झटके के साथ लिफ्ट 25वें फ्लोर से सीधे बेसमेंट में आकर रूकी। गाजियाबाद के प्रतीक ग्रैंड सिटी सिद्धार्थ विहार के निवासियों का कहना है कि सोसाइटी में लिफ्ट की समस्या दिनों दिन गंभीर होती जा रही है। शुक्रवार को सोसाइटी निवासी अपनी पुत्री के साथ लिफ्ट में फंस गए। सोसाइटी निवासी सुधाकर यादव अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने के लिए लिफ्ट में जा रहे थे। वो 25वें फ्लोर पर रहते हैं और जैसे ही लिफ्ट में चढ़े लिफ्ट के डिस्प्ले पर कुछ भी दिखना बंद हो गया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी बेल और टेलीफोन का बटन भी दबाया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली।

बंगाल स्कूल नौकरी मामला : वंचित महिला अभ्यर्थी ने सिर मुंडवाकर किया विरोध प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के स्कूल नौकरी मामले के खिलाफ मध्य कोलकाता में सड़कों पर अपने आंदोलन के 100वें दिन के पूरा होने पर, एक योग्य महिला उम्मीदवार ने शनिवार दोपहर को अपना सिर मुंडवाकर विरोध का एक अनोखा तरीका अपनाया। नकदी के बदले अयोग्य लोगों के लिए जगह बनाने के लिए हजारों योग्य उम्मीदवारों को उनकी वैध नौकरियों से वंचित किए जाने के विरोध में उन्होंने मध्य कोलकाता के व्यस्त एस्प्लेनेड क्रॉसिंग पर सार्वजनिक रूप से अपना सिर मुंडवाया। रासमणि पात्रा अपना सिर मुंडवाते समय रो पड़ीं और उन्होंने राज्य के सभी राजनीतिक दलों से उनकी वैध नौकरियों को सुनिश्चित करके उनके मुद्दे को उठाने का आह्वान किया। उन्होंने सिसकते हुए कहा, मैं सभी से

राजनीतिक दायरे से बाहर निकलने और हमारी समस्याओं का समाधान करने की अपील करती हूं। कृपया हमें हमारी वैध नौकरियां दिलाएं। पात्रा ने कहा कि अभी तो उन्होंने अपने बालों का बलिदान दिया है लेकिन आगे चलकर उनके जैसे कई लोगों को अपने जीवन का बलिदान देना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, शायद हमारे जीवन का बलिदान सरकार के लिए आंखें खोलने वाला होगा। इस घटनाक्रम पर तृणमूल कांग्रेस नेता और तीन बार पार्टी के लोकसभा सदस्य सौगत रॉय ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सवाल किया, "कैसा नाटक चल रहा है। बता दें कि रॉय खुद कलकत्ता विश्वविद्यालय के तहत दक्षिण कोलकाता के कथित कॉलेजों में से एक में भौतिकी के सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। उनकी इस टिप्पणी की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की है। भाजपा नेता और कोलकाता नगर निगम में पार्टी पार्षद सजल घोष ने कहा, सौगत रॉय ने मानवता और शर्म की अपनी मूल भावना खो दी है, जो इस तरह की टिप्पणी से स्पष्ट है।

ठनका से बचने के लिए तैयार किया जा रहा है लॉकेट

आईआईटी ने प्रोजेक्ट पर काम किया शुरू

एजेंसी। पटना

वज्रपात यानि ठनका से हर साल लाखों लोगों की जान चली जाती है। इसकी मार से लोगों को बचाने के लिए बिहार आपदा प्रबंधन विभाग और आईआईटी पटना मिलकर एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। एक लॉकेट बनाया जा रहा है जिसे पहनने से ठनका के प्रभाव से बचाव हो सकेगा। यह इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (लॉकेट) अन्य आपदाओं से भी रक्षा करेगा। इसके लिए बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना के साथ हाथ मिलाया है। दोनों मिलकर उन बेशकीमती जानों को बचाएंगे, जो वज्रपात यानी ठनके की वजह से असमय काल के गाल में समा जाते हैं। सरकार से इस उपकरण को मंजूरी मिल गई है। यह डिवाइस सेटेलाइट से सीधे जुड़ा होगा। बिहार राज्य प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कांत मिश्र सहित अन्य अधिकारियों ने शुक्रवार को इस उपकरण की प्रस्तुति देखी। प्राधिकरण के सभा कक्ष में आईआईटी पटना के आईटी विभाग के प्रोफेसर राजीव कुमार और उनकी टीम ने प्रस्तुति दी। साथ ही प्रस्तावित एमओयू का ड्राफ्ट भी पेश किया, जिसे प्राधिकरण ने थोड़े फेरबदल के बाद स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सदस्य पीएन राय और मनीष कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे।

उपग्रह और सर्वर से जुड़ा होगा

पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आईआईटी, पटना द्वारा अभी ऐसे 10 हजार पीस बनाए जाएंगे। यह एक ओर सैटेलाइट से तो दूसरी ओर आपदा प्रबंधन के सर्वर से जुड़ा होगा। डिवाइस धारण करने वाले व्यक्ति को आपादा के संकेत मिलेंगे और वह अपने आपको सुरक्षित कर लेगा। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने के बाद इसके पेटेंट और मास प्रोडक्शन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बीएसडीएमए की पहल पर आईआईटी, पटना के विशेषज्ञ शरीर पर धारण करने योग्य यंत्र (वियरेबल थर्मोइलेक्ट्रिक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस) बनाएंगे, जिससे आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सकेगा और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। यह एक पेंडेंट यानी लॉकेट के आकार का होगा। छोटा-सा यह पेंडेंट आने वाले समय में लाखों जिंदगियों को बचाने में कारगर साबित होगा क्योंकि आनेवाले समय में वज्रपात की घटनाएं बढ़ने का ही अंदेशा है।

बंगाल में तीन नाबालिग छात्राओं को तस्करी से बचाया गया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले से तीन नाबालिग छात्राओं को तस्करी से बचाया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कक्षा 7 में पढ़ने वाली सभी लड़कियों को डांस ग्रुप में काम करने का मौका देने के बहाने उनकी तस्करी की जा रही थी। अशोकनगर पुलिस स्टेशन से मिली गुप्त सूचना के आधार पर राज्य पुलिस शुक्रवार शाम को हरकत में आई और ठाकुरपुकुर इलाके से लड़कियों को बचाया। पुलिस अधिकारी ने कहा, बचाई गई लड़कियों को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया जिसके बाद उन्हें कुछ समय के लिए बाल कल्याण गृह भेज दिया गया। अशोकनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गुमा इलाके की रहने वाली लड़कियां पिछले मंगलवार से लापता थीं, जिसके बाद उनके माता-पिता ने स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। पुलिस अधिकारी ने कहा, सौभाग्य से, तीन लापता लड़कियों में से एक अपने पिता का मोबाइल फोन अपने साथ ले जा रही थी।

मिथिला में अयोध्या से आएंगे श्रीराम

तेज हुई पांच दिवसीय जानकी विवाह महोत्सव की तैयारियां

एजेंसी।बेगूसराय

सांस्कृतिक विशेषताओं और लोक कला की भूमि मिथिला के घर-घर में मैथिली विवाह गीत गूंजने लगे हैं। यह तैयारी की जा रही है अगहन शुक्ल पक्ष पंचमी के दिन होने वाले जानकी विवाह महोत्सव के लिए। इस वर्ष दिसम्बर को राम जानकी विवाह महोत्सव होना है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम और मिथिला की बेटी माता जानकी के विवाह के इस पावन बेला की तैयारी काफी तेजी से चल रही है। यह दिन भले ही सीता और राम के विवाह का हो लेकिन मिथिला में लोग राम विवाह नहीं, जानकी विवाह महोत्सव मनाते हैं तथा पूरे देश में मिथिलांचल का ही दो जगह एक जनकपुर और दूसरा बेगूसराय का बीहट है, जहां कि वैदिक रीति और संकीर्तन के साथ

विवाह महोत्सव मनाया जाता है। दोनों जगह पर इस महोत्सव में शामिल होने के लिए ना केवल दूर-दूर से लोग आते हैं, बल्कि मिथिला के पाहुन (दामाद) श्रीराम और उनके भाई लक्ष्मण के स्वरूप भी अयोध्या से आते हैं। विवाह पंचमी को लेकर मिथिला के प्रवेश द्वार बीहट स्थित विश्वनाथ मंदिर में तैयारी काफी तेज हो गई है। 15 दिसम्बर को देव निमंत्रण, मंडपाच्छादन एवं जागरण तथा 16 दिसम्बर को मटकोर की रस्म एवं भातृभोज होगा। 17 दिसम्बर की सुबह हल्दी, दोपहर में नहछू एवं शाम में बारात नगर भ्रमण के बाद रात में वैदिक विधि-विधान से शादी होगी।

एक नजर

पंजाब हॉकी क्लब और नामधारी इलेवन फाइनल में

नई दिल्ली । घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी, राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी और नामधारी इलेवन ने पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैम्पियनशिप 2023 - (जोन ए) के सातवें दिन शनिवार को सब जूनियर वर्ग और जूनियर वर्ग में अपने-अपने सेमीफाइनल मैच जीते। सब जूनियर वर्ग के पहले सेमीफाइनल में घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी ने एचएआर हॉकी अकादमी को 2-2 (5-3 शूटआउट) से हराया। शूटआउट में घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी के गोलकीपर दिशू ने मोनू के एक शॉट को रोका जबकि कुणाल, जतिन, युवराज सिंह, निशांत और ताशु ने गोल किए और शूटआउट 5-3 से जीतकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कप्तान इंद्रजीत सिंह (3', 21', 26') ने हैट्रिक बनाई, चरणजीत सिंह (8', 10') ने दो गोल किए। फाइनल में घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी का मुकाबला राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी से होगा, जबकि 10 दिसंबर को सब जूनियर वर्ग में तीसरे/चौथे स्थान के मैच में एचएआर हॉकी अकादमी का मुकाबला राजा करण हॉकी अकादमी से होगा।

युगांडा ने मेजबान केन्या को हराकर सेसाफा अंडर18 खिताब जीता

नैरोबी। युगांडा ने अतिरिक्त समय के बाद मेजबान केन्या को 2-1 से हराकर झील के किनारे के शहर किसुमू में 2023 सेसाफा (पूर्वी और मध्य अफ्रीका फुटबॉल संघों की परिषद) अंडर18 चैंपियनशिप जीत ली। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कड़े मुकाबले में जूनियर क्रेन्स के लिए चार्ल्स बातीबे दो गोल के साथ हीरो रहे। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद मेजबान टीम ने 65वें मिनट में बढ़त ले ली जब सिफास ओवुओर ने इब्राहिम वानजाला की शानदार मदद से गोल कर दिया। हालाँकि, यह खुशी अल्पकालिक थी। अतिरिक्त समय शुरू होने के कुछ क्षण बाद, बातिबे ने एक गोल करके केन्या को चौंका दिया जो विजयी साबित हुआ। युगांडा ने सेमीफाइनल में रवांडा को 1-0 से हरा दिया, जबकि केन्या ने अतिरिक्त समय के बाद पेनल्टी शूटआउट में तंजानिया को हराया।

लुंगी एनगिडी भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर

डरबन । दक्षिण अफ्रीका के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी बाएं पार्श्व टखने में मोच के कारण भारत के खिलाफ आगामी तीन मैचों की पुरुष टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ब्यूरन हेंड्रिक्स को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है। सीएसए ने अपने बयान में कहा कि 27 वर्षीय एनगिडी को चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है और वह अपनी प्रांतीय टीम में लौट आएंगे जहां वह प्रोटियाज मेडिकल टीम की देखरेख में मोमेंटम मल्टीप्ली टाइटन्स के साथ अपने पुनर्वास से गुजरेंगे। सेंचुरियन में 26 दिसंबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए दो टी20 में भाग लेने के बाद एनगिडी के 14 से 17 दिसंबर तक चार दिवसीय मैचों के दौर में खेलने की उम्मीद थी।

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) दूसरा सीजन 22 फरवरी से होगा शुरू

एजेंसी। मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए एक समय सीमा की पहचान की है, जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च के बीच होने की संभावना है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल), जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च तक होने की संभावना है। हालांकि पांच टीमों की लीग के लिए विशिष्ट स्थान को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि लीग एक केंद्र के बजाय कई स्थानों पर आयोजित की जा सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में शनिवार को होने वाली डब्ल्यूपीएल नीलामी से पहले इस जानकारी पर चर्चा की गई। ऐसा माना जाता है कि पांच प्रतिद्वंद्वी टीमों- दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वारियर्स को बीसीसीआई द्वारा इस अस्थायी समय सारिणी के बारे में सूचित कर दिया गया है। लीग के उद्घाटन संस्करण में, मुंबई ने सभी मैचों की मेजबानी की।

डब्ल्यूपीएल नीलामी में काश्वी गौतम को गुजरात ने 2 करोड़ में खरीदा

मुंबई। मुंबई में चल रहे महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में चंडीगढ़ की 20 वर्षीय हरफनमौला खिलाड़ी काश्वी गौतम सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी बन गई हैं। काश्वी को गुजरात जायंट्स ने 2 करोड़ रुपये में खरीदा। काश्वी तेज गेंदबाज व बल्लेबाज की भूमिका निभाती हैं। काश्वी ने 2020 में डोमेस्टिक मैच में अरूणाचल प्रदेश के खिलाफ 4.5 ओवर में 12 रन देकर 10 विकेट चटकाकर सभी का ध्यान अपनी ओर खिंचा था।काश्वी ने चैलेंजर ट्राफी 2021 में अंडर-19 में एक मैच में अर्धशतक लगाया था व 2 विकेट लिए थे। डोमेस्टिक सीजन 2022-23 में उन्होंने 5 मैच में 8 विकेट लिए और 192 रन बनाए हैं। काश्वी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड के साथ सबसे मंहगी खरीदे जाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं।

डब्ल्यूपीएलः वृंदा दिनेश को यूपी वारियर्स ने 1.3 करोड़ रुपये में खरीदा

मुंबई। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 की नीलामी प्रक्रिया मुंबई में शुरू हो चुकी है। अब तक की प्रक्रिया में भारत की अनकैप्ड बल्लेबाज वृंदा दिनेश ने सबको आश्चर्य में डाल दिया। वृंदा, जिनकी बेस प्राइस 10 लाख रुपये थी, को यूपी वारियर्स ने 1.3 करोड़ रुपये की भारी कीमत पर खरीदा। इसी के साथ वह नीलामी में खरीदे जाने वाली दूसरी सबसे मंहगी खिलाड़ी बन गईं। कर्नाटक की सलामी बल्लेबाज वृंदा को उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। इस साल की शुरूआत में, उन्होंने सीनियर महिला वनडे प्रतियोगिता में कर्नाटक के लिए लाजवाब प्रदर्शन किया। वह 11 पारियों में 47.70 की औसत से 477 रन बनाकर जसिया अख्तर और प्रिया पुनिया के बाद तीसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं।

एनाबेल सदरलैंड पर लगी ऊंची बोली, 2 करोड़ रुपये में दिल्ली ने खरीदा

मुंबई। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 की नीलामी प्रक्रिया मुंबई में शुरू हो चुकी है। अब तक की प्रक्रिया में 30 लाख के बेस प्राइस वाली ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को दिल्ली कैपिटल्स ने कुल 2 करोड़ रुपये में खरीदा है। यह अब तक की एक दिन की सबसे ऊंची बोली है। सदरलैंड के अलावा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड को गुजरात जायंट्स ने 1 करोड़ रुपये में खरीदा, जो दिन की दूसरी सबसे अधिक बोली है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर जॉर्जिया वेयरहैम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 40 लाख रुपये में खरीदा है। उनका बेस प्राइस 30 लाख था। नीलामी में अच्छी शुरूआत के बाद अब तक भारती फुलमाली, मोना मेश्राम, वेदा कृष्णमूर्ति, पूनम राउत, प्रिया पूनिया, देविका वैद्य, एस.मेघना, डिएंड्रा डाटिन, चमारी अट्टापट्टू, बेस हीथ, सुषमा वर्मा, एमी जोन्स और टैमी ब्यूमोंट अनसोल्ड रहे।

लुइस सुआरेज ने जीता गोल्डन बॉल का पुरस्कार

एजेंसी। रियो डी जनेरियो

उरुग्वे के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज ने 2023 ब्राजीलियाई सीरी ए के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए गोल्डन बॉल का पुरस्कार जीता है। सीजन की धीमी शुरूआत के बाद, सुआरेज ने शानदार स्कोरिंग करते हुए 33 खेलों में 17 गोल किये और 11 गोलों में सहायता की। इस वर्ष सभी प्रतियोगिताओं में, पोर्टो एलेग्रे क्लब के लिए उन्होंने 26 गोल किया और 17 सहायता प्रदान की। पूर्व लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड के खिलाड़ी ने पुरस्कार प्राप्त करने पर कहा, मैं लगभग 37 साल का हूं, यह वह वर्ष है जब मैंने अपने करियर में सबसे अधिक मैच खेले हैं। यह वह वर्ष भी था जब मैं अपने परिवार से सबसे अधिक दूर था। यह पुरस्कार उनका है।'सुआरेज ने शुरूआत में ग्रेमियो के साथ दो साल का करार किया था, लेकिन जुलाई में अपने अनुबंध पर फिर से बातचीत करने के बाद वह क्लब को इस महीने छोड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। हाल के सप्ताहों में, ग्रेमियो के प्रशंसकों ने उनके सोशल मीडिया पेजों पर उनसे रुकने की अपील की है।

मुंबई सिटी ने पेट्र क्रैटकी को मुख्य कोच नियुक्त किया

एजेंसी। मुंबई

मुंबई सिटी ने शनिवार को पेट्र क्रैटकी को क्लब का नया मुख्य कोच घोषित किया। क्रैटकी, जो सिस्टर क्लब मेलबर्न सिटी से आए हैं, 2024-25 सीजन के अंत तक अपनी नई भूमिका में मुंबई सिटी में शामिल होंगे। चेक गणराज्य में जन्मे क्रैटकी ने राइट बैक के रूप में 15 साल के खेल करियर का आनंद लिया और ऑस्ट्रेलिया में हीडलबर्ग यूनाइटेड के साथ अपना करियर खत्म करने से पहले म्लाडा बोलेस्लाव और स्लोवन लिबरेक सहित कुछ सबसे बड़े चेक क्लबों का प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद क्रैटकी एक अकादमी कोच के रूप में ए-लीग टीम मेलबर्न सिटी में शामिल हो गए और एनपीएल सीनियर्स में उन्हें कोचिंग देने से पहले, एनपीएल2 में क्लब के डेवलपमेंटल स्क्वाड का कार्यभार संभाला। पेट्र क्रैटकी ने कहा, ह्लमैं मुंबई सिटी एफसी में इस नए अवसर को अपनाने और सिटी फुटबॉल ग्रुप के हिस्से के रूप में काम करना जारी रखने के लिए उत्साहित हूं।

टी20 विश्व कप में विराट व रोहित टीम का हिस्सा होंगे या नहीं कहना जल्दबाजी

एजेंसी। सूरत

पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा को लगता है कि बीसीसीआई प्रबंधन और चयनकर्ता 2024 में टी20 विश्व कप से पहले टीम का पूरी तरह से आकलन करने के लिए दो या तीन और टूर्नामेंट ले सकते हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार से शुरू होने वाली टी20 सीरीज में आमने-सामने होने के लिए तैयार हैं। मेहमान कमोबेश उसी टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका गए हैं, जिसने वनडे विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान टीम से जुड़ेंगे। हालाँकि, ओझा को लगता है कि भारत की सीमित ओवरों की टीम में कोहली और रोहित के भविष्य के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। एक विशेष साक्षात्कार में, ओझा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे प्रबंधन और चयनकर्ता युवाओं को यह देखने का मौका दे रहे हैं कि नए खिलाड़ी किसी भी स्थिति में विभिन्न भूमिकाओं में कैसे तालमेल बिठा सकते हैं। ओझा ने जोर देकर कहा, यह कहना जल्दबाजी होगी कि रोहित और विराट सफेद गेंद के सेटअप का हिस्सा नहीं हैं। थिंक और मैनेजमेंट को रोहित और विराट की क्षमता के बारे में पता है। अभी नए खिलाड़ियों को मौका दिया जा रहा है, उन्हें समझा जा रहा है। किसी भी स्थिति में वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे। जैसा कि उन्होंने 2023 एकदिवसीय विश्व कप से पहले नए खिलाड़ियों को आजमाकर किया था और जब शोपीस इवेंट आया, तो सभी को भूमिका के बारे में स्पष्टता थी। इसलिए मुझे लगता है कि इसीलिए भूमिका को फिर से परिभाषित किया जा रहा है, इसलिए यह कहना बहुत जल्दी होगा विराट और रोहित सफेद गेंद वाली क्रिकेट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे।

मजबूत टीम सुनिश्चित करना चाहती है आरसीबी ल्यूक विलियम्स

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को पता चल जाएगा कि शनिवार को मुंबई में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी के दौरान कब और कहां पैडल उठाना है, क्योंकि मुख्य कोच ल्यूक विलियम्स ने टीम की तैयारियों पर भरोसा जताया है और महत्वपूर्ण घटना के लिए व्यापक योजना बनायी है। अतीत में महिला बिग बैश लीग और महिला हंड्रेड चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दुनिया के सबसे सफल कोचों में से एक विलियम्स नीलामी के लिए उत्साहित हैं और उनका लक्ष्य आगामी सीजन के लिए एक मजबूत टीम बनाना है। विलियम्स ने नीलामी से पहले टिप्पणी की, हमने संगठित होने में काफी समय बिताया है।

गेंदबाजी में सुधार व टेस्ट क्रिकेट पर ज्यादा ध्यान के लिए बीबीएल छोड़ा : शादाब खान

एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी शादाब खान ने अपने गेंदबाजी कौशल को निखारने और टेस्ट टीम में वापसी के उद्देश्य से चार दिवसीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) अनुबंध से अलग होने के पीछे के कारण का खुलासा किया है। शादाब ने क्रिकेट पाकिस्तान से कहा, बिग बैश कॉन्ट्रैक्ट छोड़ने के पीछे का मकसद सबसे पहले चार दिवसीय क्रिकेट खेलकर अपनी गेंदबाजी में सुधार करना है और दूसरा अच्छा प्रदर्शन करके टेस्ट टीम में वापसी करना है। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, 25 वर्षीय खिलाड़ी को भरोसा है कि लंबे खेल प्रारूप में खेलने से उन्हें अपने कौशल को और अधिक बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, मैंने राष्ट्रीय टी20 खेलने के कारण बिग बैश अनुबंध नहीं छोड़ा; बल्कि मेरा ध्यान चार दिवसीय क्रिकेट खेलने पर अधिक था। क्योंकि मुझे लगा कि मुझे अपनी गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, और वह चार दिवसीय क्रिकेट खेलने से आएगा। शादाब ने यह भी कहा कि वह खुद को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह ट्रैक पर वापस आने और राष्ट्रीय टीम में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उत्सुक हैं। शादाब ने बताया, मैंने चार दिवसीय क्रिकेट खेलने और अपनी गेंदबाजी में सुधार करने के लिए खुद में निवेश करने की कोशिश की है। अगर मेरी गेंदबाजी में सुधार होता है और इसके साथ ही अगर मेरी बल्लेबाजी में भी सुधार होता है, तो यह पाकिस्तान टीम के लिए फायदेमंद होगा। आगामी विश्व कप के साथ अपने उद्देश्यों को संरेखित करने के लिए, शादाब ने कहा कि वह चार दिवसीय क्रिकेट खेलने को एक स्मार्ट कदम और अपने कौशल में निवेश के रूप में देखता है।

सिकंदर, कर्टिस व जोश आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन के दोषी

एजेंसी। हरारे

जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा और आयरलैंड के खिलाड़ी कर्टिस कैंपर और जोश लिटिल पर गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच पहले टी20 मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि इन तीनों को खिलाड़ियों और खिलाड़ी समर्थन कार्मिक के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो खेल की भावना के विपरीत आचरण से संबंधित है। रजा के हरफनमौला प्रयासों की बदौलत जिम्बाब्वे ने यह मैच एक विकेट से जीत लिया था। रजा पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है और दो डिमेरिट अंक प्राप्त हुए हैं। इसका मतलब है कि आईसीसी आचार संहिता के नवीनतम उल्लंघन के बाद 24 महीने की अवधि के भीतर उनके संचित अवगुण अंक चार तक पहुंचने के बाद उन्हें मौजूदा तीन मैचों की श्रृंखला के शेष दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है। रजा की अनुपस्थिति में इस शनिवार और रविवार को आयरलैंड के खिलाफ शेष दो टी20 मैचों के लिए सीन विलियम्स जिम्बाब्वे के कप्तान के रूप में खड़े होंगे।

वनडे टीम में अयाबोंगा खाका,मारिजैन कैप और नादिन डी क्लार्क की वापसी

जोहान्सबर्ग। तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका के साथ-साथ ऑलराउंडर मारिजैन कैप और नादिन डी क्लार्क की बांग्लादेश के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला वनडे टीम में वापसी हुई है। ये तिकड़ी क्रमशः आराम और चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में नहीं खेल पाई थी। दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच वनडे मैच 16 से 23 दिसंबर तक ईस्ट लंदन, पोचेफस्ट्रूम और बेनोनी में होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ टाई श्रृंखला में अपना टी20 पदार्पण करने के बाद युवा एलिज-मैरी मार्क्स के लिए पहला वनडे कॉल-अप भी है। क्लो ट्रायोन, जो कमर की चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ टी20ई श्रृंखला से बाहर हो गई थी।

डब्ल्यूएफआई का चुनाव 21 दिसंबर को होगा, परिणाम उसी दिन घोषित किया जाएगा

एजेंसी। नई दिल्ली

रिटर्निंग पोलिंग ऑफिसर ने शनिवार को पुष्टि की कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव 21 दिसंबर को होंगे और वोटों की गिनती के बाद उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को रद्द करने के बाद आया है, जिससे नए डब्ल्यूएफआई गवर्निंग बॉडी के चुनाव की प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त हो गया है। चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ₹चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची की तैयारी और प्रदर्शन तक के सभी चरण (7 अगस्त को) पूरे हो चुके थे और मतदान, वोटों की गिनती और परिणाम की घोषणा जैसी विभिन्न गतिविधियां बाकी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन आदेश हटा दिया है और इसलिए शेष चरण जैसे मतदान आदि अब निम्नलिखित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार को फिर से शुरू होंगे।आवश्यकताओं और शर्तों के साथ-साथ भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रकाशित मॉडल दिशानिर्देश, 2011 का अनुपालन करेंगी। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्लूडब्लू) ने समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को अस्थायी रूप से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था ।

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जो सोलोमन का 93 साल की उम्र में निधन

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर जो सोलोमन का शनिवार को 93 साल की उम्र में निधन हो गया। विंडीज क्रिकेट ने एक्स पर लिखा, अत्यधिक दुखद समाचार। गुयाना और वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज जो सोलोमन का आज निधन हो गया। वह उस रन आउट के लिए प्रसिद्ध थे जिसके कारण 1960 में गाबा में प्रसिद्ध टेस्ट टाई हुआ था। हम उनके परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।" अपने करियर में उन्होंने 1958 से 1965 के बीच कैरेबियाई टीम के लिए 27 टेस्ट खेले और 34 की औसत से 1326 रन बनाए। हालांकि उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से शुरूआत की और 26 साल की उम्र में डेब्यू किया और जल्द ही टीम में अपनी जगह बना ली।

प्रोफेसर सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग, 12 वां संस्करण संपन्न

बीआईटी मेसरा की कंप्यूटर सुपर किंग्स टीम बनी विजेता

एजेंसी। रांची

बीआईटी मेसरा में चले प्रोफेसर सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग-2023 के 12 वॉ संस्करण का विजेता कंप्यूटर सुपर किंग्स बना। उसने रॉयल चैलेंजर्स की टीम को सात विकेट से हराया। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में पांच विकेट खोकर 122 रन बनाया। जिसमें कप्तान चंचल ने 43 रन, आलोक ने 22 और कमल ने 25 रन का योगदान दिया। कंप्यूटर सुपर किंग्स के गेंदबाज जितेंदर ने दो विकेट लिया। 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कंप्यूटर सुपर किंग्स टीम को भी जीत के लिए अंतिम ओवर तक संघर्ष करना पड़ा। जिसके बाद कंप्यूटर सुपर किंग्स 14.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कंप्यूटर सुपर किंग्स ने तीन विकेट पर 126 रन बनाकर मैच जीत लिया। किंग्स के मुस्तफी ने नाबाद 72 रनों की शानदार पारी खेली, जिस कारण रॉयल चैलेंजर्स को 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। 72 रनों की नवाद पारी के लिए कंप्यूटर सुपर किंग्स के मुस्तफी को प्लेयर ऑफ द मैच का आवार्ड दिया गया। विजेता खिलाड़ियों को बीआईटी मेसरा के कार्यवाहक कुलपति कुणाल मुखोपाध्याय ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक के निदेशक प्रो विनय शर्मा और प्रोफेसर आरसी झा ने भी खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये।

चंचल मिश्रा बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट

लीग में सबसे ज्यादा चौका लगाने का पुरस्कार चंचल मिश्रा को दिया गया।

सबसे ज्यादा छक्के लगाने का पुरस्कार मुस्तफी को मिला।

सबसे ज्यादा विकेट लेने का पुरस्कार देवघर से कृष्णा को दिया गया।

अतुल अनदंड मेमोरियल प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चंचल मिश्रा को चुना गया।

फुटबॉल खिलाड़ियों की महफिल,'बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड ' का आयोजन

एजेंसी। लंदन

फुटबॉल प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। फीफा की ओर से हर वर्ष आयोजित होने वाले शानदार बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड के आयोजन की घोषणा कर दी गई है। विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा ने अवॉर्ड प्रोग्राम के आयोजन का ऐलान शुक्रवार को किया है। फीफा ने हालांकि समारोह के लिए चुने गये स्थल के बारे में नहीं बताया। आठ पुरस्कारों के लिए कोचों, कप्तान, पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा मतदान किया जाता है। इसमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी, कोच और गोलकीपर भी शामिल हैं। इस बार बेस्ट फीफा फुटबॉल अवार्ड का भव्य आयोजन जनवरी में लंदन में आयोजित किया जाना है। इस समारोह का आयोजन 15 जनवरी को होगा। इस अवॉर्ड प्रोग्राम में लियोनल मेस्सी, अर्लिंग हालांड, पेप गार्डियोला, ऐटाना बोनमाटी और एम्मा हायेस जैसे स्टार खिलाड़ी अवॉर्ड के लिए दावेदारी पेश कर रहे है। बता दें कि ये इस पुरस्कार का आठवां चरण है। इस अवॉर्ड समारोह में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों, कोचों, गोल और फेयर प्ले के लिए पुरस्कार दिये जायेंगे। तीसरी दफा इनका आयोजन लंदन में किया जायेगा। पहले 2016 और 2017 में भी इन्हें यहां आयोजित किया जा चुका है। फीफा ने हालांकि समारोह के लिए चुने गये स्थल के बारे में नहीं बताया। आठ पुरस्कारों के लिए कोचों, कप्तान, पत्रकारों और प्रशंसकों द्वारा मतदान किया जाता है। इसमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी, कोच और गोलकीपर भी शामिल हैं। साल के सर्वश्रेष्ठ गोल के लिए पुस्कास अवार्ड दिया जाता है। मेस्सी को 2022 में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और एलेक्सिया पुटेलास को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार मिला था।

एक नजर

अमेजन ने फर्जी रिटर्न से लाखों डॉलर की चोरी करने वाले पर मुकदमा किया

सैन फ्रांसिस्को। अमेजन ने आरईकेके नामक एक समूह पर मुकदमा दायर किया है, जो व्यवस्थित रिफंड दुरुपयोग के माध्यम से अमेजन के ऑनलाइन स्टोर से लाखों डॉलर के उत्पाद चुराने के लिए जिम्मेदार है। खुदरा चोरी हमेशा से एक समस्या रही है जो ऑनलाइन और भौतिक खुदरा विक्रेताओं को समान रूप से परेशान करती है। मुकदमा में कहा गया है, खुदरा चोरी के एक रूप में व्यवस्थित रिफंड धोखाधड़ी शामिल है, जो ग्राहकों और बिक्री भागीदारों को कुशलतापूर्वक सेवा देने की अमेजन की क्षमता को कमजोर करती है। आरईकेके एक टेलीग्राम चैनल संचालित करता है जिसके 30,000 से अधिक फॉलोअर हैं, जहां वे बेशर्मी से रिफंड सेवाओं का विज्ञापन करते हैं, जिन्हें वे पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि वे धोखाधड़ी हैं।

एफपीआई प्रमुख बैंकों में खरीदार बन गया है

नई दिल्ली। एफपीआई ने दिसंबर में भारत में बड़ी वापसी की है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, भले ही एफपीआई ने नवंबर में भारत में 9,000 करोड़ रुपये का निवेश किया, लेकिन वे नकदी बाजार में 368 करोड़ रुपये के विक्रेता रहे। दिसंबर में नकदी बाजार में बड़ी खरीदारी के साथ यह बदल गया है। उन्होंने कहा कि एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 8 दिसंबर तक प्राथमिक बाजार के माध्यम से निवेश सहित भारत में कुल निवेश 26,605 करोड़ रुपये है। 2024 के आम चुनावों के बाद राजनीतिक स्थिरता के संकेत, भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूत विकास गति, मुद्रास्फीति में कमी, अमेरिकी बांड पैदावार में लगातार गिरावट और ब्रेंट क्रूड में सुधार ने स्थिति को भारत के पक्ष में कर दिया है।

अडाणी समूह उत्तराखंड में सीमेंट, स्मार्ट मीटर कारोबार में 2.5 करोड़ का निवेश करेगा

देहरादून। अडाणी समूह उत्तराखंड में सीमेंट संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने और स्मार्ट बिजली मीटर लगाने में 2,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगा। समूह केनिदेशक प्रणव अडाणी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-उत्तराखंड में कहा कि समूह का सिटी गैस संयुक्त उद्यम 200 राज्य परिवहन व्यवसायों को पर्यावरण-अनुकूल सीएनजी में परिवर्तित करेगा। उन्होंने कहा, सीमेंट क्षेत्र में, हम उत्तराखंड में अंबुजा सीमेंट्स की मौजूदा क्षमता का विस्तार करने के लिए 1,700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेंगे। उन्होंने कहा, हम अपने रूड़की संयंत्र की क्षमता को मौजूदा 12 लाख टन प्रति वर्ष से अगले वर्ष के अंत तक 30 लाख टन प्रति वर्ष तक ले जाने के लिए 300 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। हम प्रति वर्ष 40 लाख टन की क्षमता वाले एक ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने के लिए लगभग 1,400 करोड़ रुपये का निवेश भी करेंगे।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार बढ़ोतरी जारी

चार महीने में दोबारा 600 बिलियन डॉलर का आंकड़ा हुआ पार

एजेंसी। नई दिल्ली

अगस्त 2023 के बाद अब 1 दिसंबर 2023 तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 604 बिलियन डॉलर हो गया है। इससे पहले 11 अगस्त 2023 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के आंकड़े को पार हुआ था। कल आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारतीय करेंसी रुपया अन्य करेंसी की तुलना में ज्यादा स्थिर रही है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार बढ़ रहा है। अगस्त 2023 के बाद अब 1 दिसंबर 2023 को देश का फॉरेक्स रिजर्व बढ़कर 604 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। इससे पहले 11 अगस्त 2023 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार किया था। अक्टूबर 2021 में, देश की विदेशी मुद्रा भंडार 642 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ ऑल टाइम हाई पर था। 24 नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का फॉरेक्स रिजर्व 597.935 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

क्या होता है विदेशी मुद्रा भंडार

विदेशी मुद्रा भंडार का मतलब इसके नाम से ही पता चल रहा है। इसका मतलब अन्य देश की करेंसी का भंडारण। भारत का केंद्रीय बैंक यानी आरबीआई फॉरेक्स रिजर्व में पैसों के साथ-साथ अन्य परिसंपत्तियां भी रखता है ताकी जरूरत पड़ने पर लोन का भुगतान किया जा सके। विदेशी मुद्रा भंडार एक या अधिक मुद्राओं में रखा जाता है। अधिकांश विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में और कुछ यूरो में रखे जाते हैं।

अन्य मुद्राओं की तुलना में भारतीय करेंसी अधिक स्थिर : कल एमपीसी के बैठक में हुए फैसलों को सुनाते हुए आरबीआई शक्तिकांत दास ने अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड और मजबूत अमेरिकी डॉलर के बावजूद, 2023 में ईमर्जिंग मार्केट इकोनॉमी (एटए) की तुलना में भारतीय रुपये ने कम अस्थिरता रही है।

एफपीआई ने जारी रखा निवेश

शक्तिकांत दास के मुताबिक 2023-24 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) इनफ्लो 6 दिसंबर तक 24.9 बिलियन डॉलर रहा है। इसके अलावा फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (ऋक्क) अप्रैल-अक्टूबर 2023 में घटकर 10.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, पहले 20.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उचार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 1.79 डॉलर यानी 2.42 फीसदी की उछाल के साथ 75.84 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.89 डॉलर यानी 2.73 फीसदी की बढ़त के साथ 71.23 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में इनफ्लो 22% घटा एसआईपी के जरिए निवेश नए हाई पर पहुंचा

एजेंसी। नई दिल्ली

नवंबर में इक्विटी फंड निवेश एक महीने में 22 प्रतिशत गिर गया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के अनुसार इक्विटी फंड में निवेश महीने-दर-महीने 22 प्रतिशत गिरकर 15536 करोड़ रुपये हो गया। अक्टूबर में कुल निवेश 19957 करोड़ रुपये और सितंबर में 14091 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा एसआईपी के जरिए निवेश ऑल टाइन हाई पर पहुंच गया। नवंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 22% घटा इनफ्लो, नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचा के जरिए निवेश पिछले महीने यानी नवंबर में इक्विटी म्यूचुअल फंड में मासिक आधाक पर 22 प्रतिशत निवेश घटा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक महीने-दर-महीने इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 22 फीसदी घटकर 15,536 करोड़ रुपये रह गया है। अक्टूबर में कुल निवेश 19,957 करोड़ रुपये था और सितंबर में कुल निवेश 14,091 करोड़ रुपये था। दिवाली उत्सव और बैंक छुट्टियों के कारण संभवत नवंबर में इक्विटी शुद्ध प्रवाह प्रभावित हुआ है एसआईपी (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के माध्यम से इनफ्लो पिछले महीने 17,073 करोड़ रुपये के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया।

33 महीनों से इनफ्लो जारी

नवंबर के भले ही कम इक्विटी सेगमेंट में कम इनफ्लो यानी कम निवेश हुआ है लेकिन नवंबर के निवेश को मिला दें तो यह लगातार 33वां महीना है जब इनफ्लो जारी है। सभी कैटेगरी के इक्विटी सेगमेंट में इनफ्लो देखने को मिला है। आपको बता दें कि पिछले महीने 6 नए म्यूचुअल फंड लॉन्च हुए जिन्होंने कुल 1,907 करोड़ रुपये जुटाए।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की अगली किस्त दिसंबर और फरवरी में जारी करेगी सरकार

मंत्रालय के मुताबिक तीसरी किस्त में आप 18 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच निवेश कर पाएंगे।

एजेंसी। नई दिल्ली

सोने में निवेश का एक सुनहरा अवसर है। केंद्र सरकार दिसंबर में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) स्कीम की एक किस्त जारी करेगी, जबकि फरवरी में एक अन्य किस्त जारी की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2023-24 की तीसरी और चौथी किस्त दिसंबर और फरवरी में जारी होगी। मंत्रालय के मुताबिक तीसरी किस्त में आप 18 दिसंबर से 22 दिसंबर के बीच निवेश कर पाएंगे। वहीं, चौथी किस्त 12 फरवरी से 16 फरवरी, 2024 के बीच निवेश के लिए खुलेगी। मंत्रालय ने फिलहाल एसजीबी के तीसरे और चौथे किस्त को जारी करने की तारीख का ऐलान किया है। स्कीम की तीसरी किस्त का इश्यू प्राइस सोने के औसत दाम के हिसाब से बाद में किया जाएगा। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2023-24 की पहली किस्त 19-23 जून के बीच और दूसरी किस्त 11-15 सितंबर के बीच खुली थी। इस योजना के तहत न्यूनतम एक ग्राम सोने में निवेश किया जा सकता है, जबकि अधिकतम सीमा चार किलोग्राम तक है। वहीं, ट्रस्ट और संस्थाएं एक साल में 20 किलोग्राम सोना खरीद सकते हैं। बॉन्ड की बिक्री बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, निर्दिष्ट डाकघरों और शेयर बाजारों बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के जरिए की जाएगी। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम में अगर आप ऑनलाइन माध्यम से निवेश करते हैं, तो आपको इश्यू प्राइस में प्रति ग्राम 50 रुपये की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इस स्कीम के तहत आप सोने में कुल आठ साल के लिए निवेश कर सकते हैं, मगर इसमें पांच साल के बाद एग्जिट लेने का विकल्प भी मिलता है।

आईफोन कंपनी का जल्द अधिग्रहण करेगा टाटा समूह

नई दिल्ली। टाटा समूह जल्द ही एपल के लिए ठेके पर आइफोन बनाने वाली कंपनी का अधिग्रहण करने जा रही है। इस संबंध में समझौते को अंतिम रूप दे दिया गया है और अगस्त तक इसका मालिकाना हक टाटा के पास आ जाएगा। हालांकि इस मामले पर टाटा, विस्ट्रान और एपल के प्रवक्ताओं ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दक्षिण कर्नाटक में विस्ट्रान कार्प की फैक्ट्री का अधिग्रहण टाटा समूह करने वाला है। इस सौदे की संभावित कीमत 60 करोड़ डॉलर से अधिक है। यहां 10,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, जो नवीनतम आइफोन 14 माडल को असेंबल करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक विस्ट्रान ने राज्य समर्थित वित्तीय प्रोत्साहन हासिल करने के लिए मार्च 2024 तक कारखाने से कम से कम 1.8 अरब डॉलर मूल्य के आइफोन की थोक बिक्री की प्रतिबद्धता जताई है।

यूपीआई के जरिये भुगतान की सीमा बढ़ी डिजिटल लोन में लाए जाएंगे नियामक

एजेंसी। नई दिल्ली

आरबीआई ने शुक्रवार को यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के नियम में बदलाव करते हुए आम जनता को बड़ी राहत दी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि समय-समय पर यूपीआई लेनदेन सीमा की समीक्षा होती रहती है और अब अस्पताल व शैक्षणिक संस्थानों में यूपीआई भुगतान सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। अभी यूपीआई से एक बार में एक लाख रुपये तक का भुगतान किया जा सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने समय-समय पर यूपीआई लेनदेन सीमा की समीक्षा होती रहती है और अब अस्पताल व शैक्षणिक संस्थानों में यूपीआई भुगतान सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। अभी यूपीआई से एक बार में एक लाख रुपये तक का भुगतान किया जा सकता है। ऐसे में शैक्षणिक संस्थानों या अस्पतालों की फीस कई बार यूपीआई से भरना कठिन हो जाता है और किसी दूसरे माध्यम का सहारा लेना पड़ता है।

ई-मैंडेट्स की बढ़ी सीमा

आरबीआई गवर्नर ने रेकरिंग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए ई-मैंडेट्स की सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक करने का भी एलान किया। क्रेडिट कार्ड व अन्य प्रकार के नियमित भुगतान के लिए लोग इस सुविधा का इस्तेमाल करते हैं। अभी ई-मैंडेट्स के जरिये 15,000 रुपये से अधिक के भुगतान पर ओटीपी के जरिये सत्यापन करना होता है।

अब आरटीजीएस की जरूरत नहीं,मोबाइल से भेजें 5 लाख तक रकम

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने अस्पतालों में इलाज और शैक्षणिक संस्थानों में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के जरिये भुगतान की सीमा एक बार में एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी है. आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मॉनिटरी पॉलिसी मीटिंग में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए यूपीआई लिमिट बढ़ाने का ऐलान किया. आरबीआई के नए फैसले के बाद हॉस्पिटल और शिक्षा संस्थानों में अब यूपीआई की मदद से ज्यादा पेमेंट किया जा सकेगा. देश में यूपीआई के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया लगातार प्रयासरत रहा है केंद्रीय बैंक के उठाए कदमों की वजह से हर महीने यूपीआई ट्रांजेक्शन की संख्या लगातार बढ़ रही है. आरबीआई ने यूपीआई में ऑफलाइन ट्रांजेक्शन से लेकर आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल को भी बढ़ावा दिया है।

विदेश

इजरायली सेना घायल फिलिस्तीनियों को अस्पताल नहीं ले जाने दे रहा : गाजा

एजेंसी। तेल अवीव

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि इजरायली सेना घायल फिलिस्तीनियों को अस्पतालों में ले जाने की अनुमति नहीं दे रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल केदरा ने कहा कि इजरायली सेना उन क्षेत्रों से घायलों और शहीदों को निकालने के लिए एम्बुलेंस के आगमन को रोक रही है, जहां उसके सैन्य बल मौजूद हैं। घायलों का खून बह रहा है और उन्हें अस्पताल ले जाने की अनुमति नहीं है। आईडीएफ स्कूलों और आवासीय इलाकों में पूरे परिवारों का नरसंहार कर रहा है। बयान में कहा गया है कि पिछले घंटों के दौरान केवल 313 लोगों के शव और केवल 558 घायल लोग ही अस्पतालों में पहुंचे और बड़ी संख्या में पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे और सड़कों पर हैं। प्रवक्ता ने कहा कि इजरायली आक्रमण की शुरूआत के बाद से इजरायली आक्रमण में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17,487 हो गई है। इजरायली आक्रमण के शिकार 70 फीसदी बच्चे और महिलाएं हैं। इजरायली सेना अभी भी गाजा पट्टी से 36 स्वास्थ्य कर्मियों को गिरफ्तार कर रही थी, जिसमें अल-शिफा अस्पताल के महानिदेशक डॉ. मुहम्मद अबू सल्मिया भी शामिल हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता ने आगे कहा, दक्षिण में स्वास्थ्य की स्थिति बेहद विनाशकारी है। अस्पतालों ने विभागों और गहन देखभाल में अपनी क्षमता खो दी है।

ड्रोन हमले में हिजबुल्लाह नेता का बेटा मारा गया

तेल अवीव। हिजबुल्लाह ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी सीरिया में संगठन के संचालन के प्रभारी अली मूसा डकडौक का बेटा हसन अली डकडौक कथित तौर पर इजरायली ड्रोन हमले में मारा गया। अली मूसा डकडौक अमेरिकी सेना पर हमला करने के लिए इराक में ईरानी समर्थक लड़ाकों को प्रशिक्षण देने के लिए जिम्मेदार था। उसे 2007 में इराक में अमेरिकी सेना ने हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया था। मारे गए चार लोग हिजबुल्लाह के थे। जबकि, एक सीरियाई था।

छुजियालिंग स्थल पर प्रागैतिहासिक जल संरक्षण सुविधाओं की खोज

एजेंसी। बीजिंग

चीनी राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत ब्यूरो ने पेइचिंग में चीनी सभ्यता खोज परियोजना के पांचवें चरण के नवीनतम शोध परिणाम जारी किए। इससे लोगों को चीनी सभ्यता की उत्पत्ति के चरणबद्ध विभाजन की स्पष्ट समझ प्राप्त हुई। चीन के प्राचीन साम्राज्य काल का दूसरा चरण लगभग 5200-4300 वर्ष पूर्व था। बड़े पैमाने पर जल संरक्षण सुविधाओं और शहरी स्थलों का निर्माण सामाजिक संसाधनों को जुटाने की बढ़ी हुई क्षमता को दशार्ता है। हुबेई प्रांत में छुजियालिंग साइट यांग्त्जी नदी के मध्य भाग में एक बड़े पैमाने पर नवपाषाण युग साइट समूह है। साइट पर लगभग 5,100 वर्ष पुरानी एक प्रागैतिहासिक जल संरक्षण प्रणाली की खोज की गई, जो चीन में अब तक खोजी गई सबसे प्रारंभिक जल संरक्षण सुविधाओं में से एक है। साथ ही, बड़ी बस्तियों और उच्च-स्तरीय भवन नींवों की भी खोज की गई, जो यांग्त्जी नदी के मध्य भाग में सभ्यता की प्रगति का अध्ययन करने के लिए महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रदान करते हैं। नवीनतम पुरातात्विक साक्ष्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि छुजियालिंग स्थल पर कई प्रागैतिहासिक जल संरक्षण प्रणालियां मौजूद थीं। डेटा से पता चलता है कि शुरूआती बांध लगभग 5,100 साल पहले का था, जो चीन में पुरातत्व द्वारा खोजी गई सबसे प्रारंभिक जल संरक्षण सुविधाओं में से एक है।

पर्यावरण संरक्षण ,पर्यटन,शीतकालीन खेल में सहयोग मजबूत करना चाहिए

ऑस्ट्रिया के पूर्व प्रधानमंत्री के साथ साक्षात्कार

एजेंसी। बीजिंग

बीजिंग। ऑस्ट्रिया के पूर्व प्रधानमंत्री वोल्फगैंग ह्यूसेर ने हाल में चीन के क्वांगचो में 'चीन को समझें' शीर्षक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इस मौके पर चाइना मीडिया ग्रुप ने उनके साथ साक्षात्कार किया। साक्षात्कार में ह्यूसेर ने कहा कि चीन को समझें शीर्षक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विभिन्न पक्षों के लिए संपर्क और बातचीत करने का महत्वपूर्ण मंच है। हमने खुलकर विचार-विमर्श किया। चीन एक आधुनिक देश बन गया है। इसकी आधुनिक सभ्यता है। अक्षय ऊर्जा के उत्पादन और निवेश में चीन दुनिया में आगे है। चीन में बुनियादी संस्थापन, रेलगाड़ियां, राजमार्ग और बिजली संयंत्र मौजूद हैं। यह अविश्वसनीय है। निर्माण उद्योग के हर क्षेत्र में चीन अद्भुत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन से मुझे समझ में आया कि चीन दो दिशा में बढ़ रहा है। एक है घरेलू बाजार और दूसरा है उच्च गुणवत्ता वाला विकास। मेरी नजर में चीन के पास सफलता की अच्छी संभावना है, क्योंकि चीन में युवाओं की संख्या अधिक है, जो भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है। ह्यूसेर ने आगे कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा प्रस्तुत विश्व विकास पहल, विश्व सुरक्षा पहल, विश्व सभ्यता पहल और बेल्ट एंड रोड पहल बहुत महत्वपूर्ण हैं। इससे जाहिर होता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चीन बढ़ती हुई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उक्त रचनात्मक पहलें आवश्यक हैं। चीन की तरह ऑस्ट्रिया भी बहुध्रुवीय विश्व का निर्माण करना चाहता है। इसके समर्थन के लिए मजबूत संस्थाओं की जरूरत है। लेकिन, मौजूदा वैश्विक संस्थाएं अपेक्षाकृत कमजोर हैं। अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को स्थिर बनाने में यूरोप और चीन को समान प्रयास करनें होंगे। चीन और ऑस्ट्रिया के बीच सहयोग के बारे में ह्यूसेर ने कहा कि हरित पर्यावरण संरक्षण प्रौद्योगिकी, पर्यटन उद्योग, विशेषकर शीतकालीन खेल में दोनों देशों को सहयोग मजबूत करना चाहिए। जल निपटारे और कृषि क्षेत्र में ऑस्ट्रिया उत्कृष्ट है। हम अपने अनुभव को चीनी किसानों को बताना चाहते हैं।

नवंबर तक श्रीलंका का पर्यटन राजस्व 1.8 अरब डॉलर दर्ज किया गया

कोलंबो। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका (सीबीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, श्रीलंका ने इस साल नवंबर तक 1.8 अरब डॉलर का पर्यटन राजस्व दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी अवधि से 78.3 प्रतिशत अधिक है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2023 में पर्यटन से अर्जित राजस्व बढ़कर 20.53 करोड़ डॉलर हो गया, जो नवंबर 2022 के मुकाबले दोगुना है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री अली साबरी ने गुरुवार को संसद को बताया कि देश में अधिक एयरलाइंस आने से 2024 में पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में श्रीलंका में 1,51,496 अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए जो 2023 में आने वाले पर्यटकों की सबसे अधिक मासिक संख्या है। श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण के अनुसार, वर्ष के पहले 11 महीने में श्रीलंका में कुल 12.7 लाख है। पर्यटन श्रीलंका के शीर्ष विदेशी राजस्व स्रोतों में से एक है।

पेज एक के शेष

157 बैग ट्रक पर...

लोहरदगा स्थित आवास पर रुकती थीं। धीरज साहू के बड़े भाई शिवप्रसाद साहू लंबे समय तक रांची के कांग्रेस सांसद थे। उनके एक भाई गोपाल साहू कांग्रेस के टिकट पर हजारीबाग और रांची से चुनाव लड़े थे। धीरज साहू कुल छह भाई हैं। इनमें से पूर्व सांसद शिवप्रसाद साहू और नंदलाल साहू का निधन हो चुका है।

झारखंड को ...

कहा कि पंचायतों में लग रहे शिविरों के सकारात्मक और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। विभिन्न माध्यमों से जन सेवा करना ही राज्य सरकार का लक्ष्य है। उनकी समस्याओं का समाधान करना है और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ इसका लाभ भी प्रदान करना है। कार्यक्रम के पिछले दो चरणों में 80 लाख आवेदन मिले थे। इन आवेदनों के आधार पर हमने समस्याओं की प्राथमिकता तय की और फिर योजनाओं के माध्यम से उसका समाधान करने का कार्य किया। इसी का नतीजा है कि इस कार्यक्रम के तहत अब तक लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान करने में हम कामयाब रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग राज्य बने झारखंड का 23 वर्षों से ज्यादा हो चुके हैं। लेकिन इस दौरान अधिकारी आपके गांव नहीं गए। क्षेत्र का भ्रमण नहीं किया। वे आज योजनाओं की गठरी लेकर आपके दरवाजे पर आ रहे हैं। आपको सिर्फ इतना करना है कि इस गठरी से अपनी जरूरत की योजनाओं को चुनें और अपने घर के अंदर ले जाएं तथा खुद को सशक्त बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार वजूद में आई तो उसके कुछ ही महीने बाद कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। सारी व्यवस्थाएं ठप हो गई । ऐसे हालात में भी हमारी सरकार जीवन और जीविका बचाने के लिए पूरी ताकत के साथ लगी रही। किसी को भूख से मरने नहीं दिया। जब कोरोना की रफ्तार कम हुई, तो हमने विकास को रफ्तार देने का काम शुरू किया। इस बीच सुखाड़ से भी सामना करना पड़ा। इन विपरीत परिस्थितियों में भी हम विकास को गति दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए सरकार की संकल्पित है। हमारी सरकार ने फिलहाल 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले हैं , जिनकी संख्या को बढ़ाकर पांच हजार करने का लक्ष्य है। पोस्ट छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी गई है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति में भी तिगुना इजाफा किया गया है। बच्चियों की पढ़ाई न छूटे, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए भी सरकार आर्थिक सहायता दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है। सरकारी विभागों में खाली पड़े हजारों पद भरे जा चुके हैं। कई पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। निजी क्षेत्र में भी अब तक 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार मेला के माध्यम से ऑफर लेटर दिया जा चुका है। इसके साथ मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं को सरकार द्वारा पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और मजदूरों के साथ सरकार हमेशा खड़ी है। उन्हें सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। हर खेत में पानी पहुंचे ताकि किसान वर्षभर खेती कर सकें। इसके लिए मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का काम तेज गति से चल रहा है।

मेट्रो की दौड़ में...

जो औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्र है, शैक्षणिक संस्थाएं हैं, उन्हें सुविधा हो। हमारे यहां उद्योग, शैक्षणिक संस्थान बहुत है। अब नया रांची शहर बृहद हो रहा है। महोदय, आपके माध्यम से मैं सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं कि वहां जल्दी से जल्दी मेट्रो परियोजना आ जाए, ताकि हम जैसे पिछड़े लोगों को, जैसे कि हमारा जो ग्रोइंग स्टेट है, उसे आगे बढ़ाने में मदद मिले। नए वर्ष में नई सरकारें राज्य और केंद्र में आनेवाली है तब देखना है इस पिछड़े राज्य में मेट्रो चलकर इसे मेट्रो की दौड़ में शामिल करेगी या ऐसे ही सबकुछ चलता रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले प्रधानमंत्री मोदी

महिलाओं की एक ही जाति है, कुछ लोग कर रहे हैं बांटने का काम

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के नतीजों का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों को देश की बहुत बड़ी आबादी के अभाव में रहने और मुसीबतों एवं तकलीफों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना नाम लिए विपक्षी दलों पर देश की महिलाओं को भी जातियों में बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करते हुए विपक्षी दलों पर महिलाओं को बांटने (जाति आधार पर) का आरोप लगाते हुए कहा कि सभी महिलाओं को एक रहना है। आजकल लोग हमारी महिलाओं के बीच में भी दरारें कर रहे हैं, उन्हें बांटने की कोशिश कर रहे हैं। यह सही नहीं है। सब महिलाएं एक हैं और महिलाओं की एक ही जाति है।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर हमला जारी रखते हुए कहा कि अगर विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ की बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता, सेवाभाव को ही अपना काम समझा होता, तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव में, मुसीबतों में, तकलीफों में न रहती। उन्होंने कहा कि देश में हाल में हुए विधान सभा चुनावों के परिणामों की आज भी बहुत चर्चा हो रही है। इन चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया है कि मोदी की गारंटी में ही दम है। जनता को विपक्षी दलों के झूठे वादे पर भरोसा नहीं है। वे सभी मतदाताओं के आभारी हैं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि उनके लिए देश का हर गरीब, देश की हर माता-बहन-बेटी, देश का हर किसान, देश का हर युवा वीआईपी है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके परिवारजन तक पहुंचने का उनके सेवक का यह प्रयास है। वे आपके गांव तक आ रहे हैं, गाड़ी के माध्यम से आ रहे हैं। इसलिए कि आपके सुख-दुख का साथी बनूं, आपके आशा-आकांक्षाओं को समझूं। उसको पूरा करने के लिए सरकार की पूरी शक्ति लगाऊं। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है, हिंदुस्तान के कोने-कोने में दिख रहा है, चाहे उत्तर हो, दक्षिण हो, पूरब हो, पश्चिम हो। बहुत ही छोटा गांव या बड़ा गांव हो, लोग गाड़ी को खड़ी करके सारी जानकारियां लेते हैं। नारी शक्ति हो, युवा शक्ति हो, किसान हो या फिर गरीब, विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति इनका समर्थन अद्भुत है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को उनकी सरकार की किसी न किसी योजना का जरूर लाभ मिला है। जब ये लाभ मिलता है तो एक विश्वास बढ़ता है। जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है। पहले जो भीख मांगने की मनःस्थिति रहती थी, अब वो गई। सरकार ने लाभार्थियों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने के कदम उठाए। तब ही आज लोग कहते हैं-मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरी होने की गारंटी।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। यह बहुत बड़ी बात है कि इतने कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। सरकार की लगातार कोशिश है कि जब मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचे तो गांव का हर एक व्यक्ति उस गाड़ी तक जरूर पहुंचना चाहिए, तब ही हम हर लाभार्थी तक पहुंच पाएंगे, क्योंकि हमें देश को आगे बढ़ाना है।

देश की 7.7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि 10 वर्ष के परिवर्तनकारी सुधारों का परिणाम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछली छमाही में भारत की 7.7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि पिछले 10 वर्षों के परिवर्तनकारी सुधारों का परिणाम है। भारत गहरे लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यापार और वाणिज्य की ऐतिहासिक परंपरा वाला देश है। भारत में प्रत्येक निवेशक या कंपनी के लिए अवसरों की सबसे विविध श्रृंखला मौजूद है। प्रधानमंत्री ने यह बात आज (शनिवार) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फिनटेक से संबंधित ग्लोबल थॉट लीडरशिप प्लेटफॉर्म इन्फिनिटी फोरम के दूसरे संस्करण में कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने इस साल की शुरूआत में कहा था कि भारत ग्लोबल साउथ को नेतृत्व देने के लिए मजबूत स्थिति में है। कुछ हफ्ते पहले वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने कहा कि भारत में लालफीताशाही कम हुई है और निवेश के लिए बेहतर माहौल है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत की ग्रोथ स्टोरी ने दुनिया को दिखाया है कि जब पॉलिसी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जब गुड गवर्नेंस के लिए पूरी ताकत लगाई जाए, जब देश और देशवासियों का हित ही आर्थिक नीतियों का आधार हो, तो क्या नतीजे मिलते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था ने इस वित्तीय वर्ष के पहले 6 महीने में ही 7.7 प्रतिशत की दर से प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत से उम्मीद लगाए हुए है और ये ऐसे ही नहीं हुआ है। ये भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी को नए युग की वैश्विक वित्तीय, प्रौद्योगिकी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गिफ्ट सिटी में 21वीं सदी की आर्थिक नीतियों की मंथन होना, गुजरात का गौरव बढ़ाने वाला है। भारत आज विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते फिनटेक बाजार में से एक है। फिनटेक में भारत की ताकत गिफ्ट आईएफएससी के विजन से जुड़ी हुई है, जिसके कारण ये स्थान फिनटेक का एक उभरता हुआ केंद्र बन रहा है। गिफ्ट सिटी में दुनिया के लिए ग्लोबल फिनटेक वल्ड का गेट-वे और फिनटेक लेबरोटरी बननी की क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में गरबा नृत्य को शामिल करने के लिए गुजरात के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुजरात की सफलता देश की सफलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन भी एक है। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के कारण भारत भी इन चिंताओं को कम नहीं आंकता है। इसको लेकर हम सचेत हैं।

'सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया है'

एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि आर्थिक विकास लिंग तटस्थ होना चाहिए। सरकार ने पहले की उस कहानी को सफलतापूर्वक बदल दिया है जिसमें अर्थव्यवस्था के विकास का श्रेय अकेले पुरुषों के योगदान को दिया जाता था।

शीर्ष व्यापार मंडल फिक्की की 96वीं वार्षिक आम बैठक और सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा, "महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता रही है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि भारत का आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास न केवल पुरुषों के बल पर हो, बल्कि नारी शक्ति के आधार पर भी हो।" महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों को गिनाते हुए सिंह ने कहा, "लड़कियां अब सैनिक स्कूलों में पढ़ रही हैं, जबकि महिला अधिकारियों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब महिलाओं को लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, युद्धपोतों पर तैनात किया जा रहा है और सीमा पार अग्रिम चौकियों पर तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा, अग्निपथ योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में युवा लड़कियां सशस्त्र बलों में शामिल हो रही हैं।"

मंत्री ने कहा कि भारत एक वैश्विक विकास इंजन के रूप में उभरा है और दुनिया को एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय विकास की कहानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में एक अरब से अधिक भारतीयों की कड़ी मेहनत और क्षमता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सरकार की परिवर्तनकारी नीतियों और कार्यक्रमों ने भारतीय विकास की कहानी को शक्ति दी है, जिसके विभिन्न पहलू आज की दुनिया को आकार दे रहे हैं।

मंत्री ने कहा, "भारत ने प्रतिबद्धता जताई है कि उसका विकास पर्यावरणीय क्षरण की कीमत पर नहीं होगा। हमने हरित विकास का रास्ता चुना है। हमने पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किये। हमने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन बनाया है। हमने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पहल की है।

उत्तराखंड पॉलिसी मेकर की भूमिका निभाएगा : शाह

एजेंसी। देहरादून

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तराखंड वैश्विक निवेशक सम्मेलन में कहा कि आने वाले दिनों में उत्तराखंड पॉलिसी मेकर की भूमिका निभाएगा। यहां आईटी, पर्यटन और आयुष के क्षेत्र में ढ़ेर सारी संभावनाएं हैं। पूरे देश की जिम्मेदारी है कि छोटे राज्यों का प्रयोग सफल बनाने के लिए आगे आएं। वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उत्तराखंड डेस्टिनेशन का यह समापन नहीं है बल्कि शुरूआत है। जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ढाई लाख करोड़ के लक्ष्य को रखा था, उस समय भी आश्चर्य किया रहा था, लेकिन आज साढ़े तीन लाख करोड़ के एमओयू होना मायने रखता है। यह उत्तराखंड ही नहीं देश के लिए खुशी का विषय है।

अमित शाह ने सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए 41 श्रमिकों के सफल ऑपरेशन के लिए मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के चेहरे की अद्भुत शांति और उनका कार्य नेतृत्व की क्षमता राज्य के लिए उपयोगी साबित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ममता 17 को दिल्ली होंगी रवाना, पीएम से करेंगी मुलाकात

सिलीगुड़ी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 17 दिसंबर को दिल्ली जा रही है। दिल्ली वह प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए जा रही है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को बागडोगरा हवाई अड्डे पर यह बात कही। दरअसल, राज्य की मुख्यमंत्री इस समय उत्तर बंगाल के सात दिवसीय दौरे पर है। कार्शियांग की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद बागडोगरा हवाई अड्डे के रास्ते अलीपुरद्वार के लिए रवाना होने के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री से मिलने के लिए दिल्ली जा रही है। जिसके लिए उन्होंने वे पहले ही पीएम को पत्र लिख चुकी है। उन्होंने कहा कि 18, 19 या 20 दिसंबर किसी भी दिन वे पीएम से मुलाकात कर सकती है।

FILMY हलचल

रश्मिका 13 को अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2 : द रूल' की शूटिंग करेंगी शुरू



हाल ही में रिलीज हुई रणबीर कपूर-स्टारर फिल्म 'एनिमल' में अपने काम के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया पाने वाली रश्मिका मंदाना 13 दिसंबर को तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के साथ अपनी फ्रेंचाइजी फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' की शूटिंग शुरू करेंगी। इंडस्ट्री के एक सूत्र के मुताबिक, एक्ट्रेस हैदराबाद में सीक्वल की शूटिंग करेंगी। फिल्म के पहले पार्ट में, एक्ट्रेस ने श्रीवल्ली की भूमिका निभाई और नेशनल क्रश बन गईं, अल्लू अर्जुन के शानदार डांस ने गाने को एक बड़ा हिट बना दिया। एक्ट्रेस के शूटिंग शेड्यूल के बारे में बात करते हुए, सूत्र ने कहा, फिल्म 'एनिमल' के लिए मिल रहे प्यार और तारीफ से रश्मिका मंदाना बेहद खुश हैं। 'एनिमल' की भारी सफलता के तुरंत बाद, रश्मिका 13 दिसंबर को हैदराबाद में ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी 'पुष्पा 2 : द रूल' की शूटिंग शुरू करेंगी। एक्ट्रेस अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म में श्रीवल्ली के अपने आइकोनिक किरदार को दोहराएगी।" रश्मिका ने हाल ही में फिल्म में गीतांजलि के अपने किरदार के लिए एक लंबा नोट लिखा और उसके लिए अपना प्यार व्यक्त करते हुए उसे परिवार का शक्ति केंद्र बताया। एक्ट्रेस महिला प्रधान फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' में भी नजर आएंगी।

'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग' के सीक्वल की चाहत रखती हैं जूलिया रॉबर्ट्स

लॉस एंजेलिस। एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने वॉच व्हाट हैपन्स लाइव पर कहा, 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग' में बहुत सारे लोग हैं, और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी...। होल्च एंडी कोहेन ने कहा, आपको क्या लगता है माइकल को 'माई बेस्ट फ्रेंड वेडिंग' में किससे शादी करनी चाहिए थी? डेडलाइन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, रॉबर्ट्स ने कहा,"निश्चित रूप से, जूल्स से है।

राम के अवतार में नजर आए प्रदीप पांडेय चिंटू बहुचर्चित फिल्म 'हिंदुस्तानी' का ट्रेलर रिलीज



भोजपुरी सुपरस्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की बहुचर्चित फिल्म "हिंदुस्तानी" का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया। प्रदीप पांडेय फिल्म के ट्रेलर में अलग ही अंदाज में नजर आए हैं। चिंटू इस फिल्म में राम का किरदार निभा रहे हैं, जो अधर्म और अन्याय के खिलाफ धर्म और न्याय को स्थापित करता है। इस फिल्म के निमार्ता विजय कुमार यादव हैं, जिन्होंने चिंटू को जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि इस शानदार फिल्म का ट्रेलर चिंटू और उनके फैंस के लिए बर्थडे गिफ्ट है। फिल्म की पूरी टीम की ओर से प्रदीप पांडेय को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। फिल्म की कहानी अलग-अलग हिस्सों में रोमांच पैदा करती है। फिल्म मानव तस्करी से लेकर दहेज हत्या जैसे संवदेनशील मुद्दों को एक अलग अंदाज में छूती नजर आई है। इन सबके बीच चिंटू का किरदार बेहद अहम और देखने लायक है। यह फिल्म का ट्रेलर है, पूरी फिल्म किस लेवल की होगी। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ट्रेलर रिलीज के साथ वायरल हो गया है और यह दर्शकों में फिल्म के प्रति गजब का आकर्षण पैदा कर रही है। इस फिल्म में चिंटू की स्टाइल भी धांसू है।

तेलंगाना के पूर्व सीएम को बीआरएस विधायक दल का नेता चुना गया

एजेंसी। हैदराबाद

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव को शनिवार को बीआरएस विधायक दल का नेता चुना गया। विधानसभा का पहला सत्र शुरू होने से ठीक पहले हुई बैठक में पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों ने उन्हें सर्वसम्मति से नेता चुना। 119 सदस्यीय विधानसभा में 39 विधायकों के साथ बीआरएस मुख्य विपक्षी दल है।

विस के नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

तीसरी तेलंगाना विस का पहला सत्र शनिवार को शुरू हुआ। एमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने प्रोटेम स्पीकर के रूप में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाई। हालांकि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक नियमित स्पीकर के कार्यभार संभालने के बाद शपथ लेंगे। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उसके बाद उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने शपथ ली। इसके बाद विधायकों ने शपथ ली। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव सर्जरी के चलते शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए। उन्होंने शपथ लेने के लिए विधानसभा सचिव से एक दिन का समय और मांगा। उधर, भाजपा विधायक विधानसभा की बैठक से दूर रहे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ विधायकों की जगह अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया। भाजपा विधायकों ने आज प्रोटेम स्पीकर की मौजूदगी में शपथ नहीं ली। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किशन रेड्डी का कहना है कि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक नियमित स्पीकर के कार्यभार संभालने के बाद शपथ लेंगे।

कांग्रेस : राजस्थान-मिजोरम के चुनाव नतीजों को लेकर की समीक्षा बैठक

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने राजस्थान और मिजोरम के हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी को मिली हार की समीक्षा के लिए शनिवार को अलग-अलग बैठकें कीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई थी। इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। मिजोरम के लिए समीक्षा बैठक पहले हुई। इसके बाद राजस्थान के चुनाव नतीजों को लेकर समीक्षा बैठक की। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं राजस्थान के लिए हुई समीक्षा बैठक में भाग लिया। कांग्रेस के मिजोरम प्रभारी भक्त चरण दास ने बाद में कहा, हमने मिजोरम चुनाव के हर पहलू पर चर्चा की, जिसमें जमीनी स्तर और राज्य स्तर पर राज्य की संगठनात्मक संरचना के साथ-साथ चुनाव के दौरान हुए विभिन्न घटनाक्रम शामिल थे। उन्होंने कहा, हमने अपनी भविष्य की योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। इन सभी मामलों पर गहन चर्चा की गई।

विशेष अदालत | पॉक्सो के दो लाख 43 हजार मामले लंबित

निपटारे में औसतन लगेगा नौ साल का समय

एजेंसी। नई दिल्ली

तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में दो लाख 43 हजार 237 मामले लंबित थे।

एक शोधपत्र 'जस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज' के अनुसार अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में औसतन नौ साल का समय लगेगा। शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। वर्ष 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। यह शोध-पत्र इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) ने जारी किया है। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक- स्पेशल अदालतों के गठन किया था। हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि जारी की जाती है। फास्ट ट्रैक - स्पेशल अदालतों जैसी विशेष अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। केंद्रीय योजना के रूप में इसे वर्ष 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपए की बजटीय राशि के आबंटन को मंजूरी दी है। स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लिया जायेगा। लेकिन इन अदालतों में आए कुल 2,68,038 मुकदमों में से महज 8,909 मुकदमों में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया।